नगर संस्करण

www.facebook.com\rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www..rashtriyasahara.com




जाह्नवी कपूर की 'उलझ' का म्यूजिक एल्बम जारी

पेज-14


# राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ देहरादून ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ वाराणसी से प्रकाशित

देहरादून

मंगलवार • 30 जुलाई • 2024

पृष्ठ 14, वर्ष-17, अंक 6060, मूल्य ₹ 4.00


सर्राफा दिल्ली सोना (प्रति 10 ग्राम) ₹ 71,050 | चांदी (प्रति किलो) ₹ 84,500 | शेयर सेंसेक्स 81,356 +23 | निफ्टी 24,836 +1 | विनिमय दर ₹/$ 83.73 00.0 | मौसम (देहरादून) तापमान अधिकतम 34° | न्यूनतम 27°

# कोचिंग हादसा : आक्रोश के बीच एक्शन शुरू

## पांच और गिरफ्तार, जेई बर्खास्त, सड़कों पर बुलडोजर, अन्य कोचिंग सेंटरों पर भी गाज

■ मृतकों के परिजनों के लिए दस-दस लाख के मुआवजे का ऐलान

■ संसद से लेकर सड़क तक फैला आक्रोश नगर निगम में भी हंगामा



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली स्थित एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से सिविल सेवा की परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की डूबने से हुई मौत की घटना के बाद संसद से लेकर ओल्ड राजेंद्र नगर की सड़कों तक पूरे शहर में आक्रोश नजर आया। दिल्ली नगर निगम की बैठक में भी जमकर हंगामा हुआ।

उधर दिल्ली पुलिस ने इस मामले में पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिन्हें बाद में अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दिल्ली नगर निगम ने एक जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त करने के साथ ही एक सहायक इंजीनियर को निलंबित कर दिया है। इस बीच बुलडोजरों के जरिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। इतना ही नहीं मुखर्जीनगर इलाके में भी कोचिंग सेंटरों की सीलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उप राज्यपाल ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है।

न्यायिक हिरासत में भेजे गए आरोपियों के नाम परविंदर सिंह, सर्वजीत सिंह, हरविंदर सिंह, तेजेंदर सिंह व मनोज कटारिया है। इस तरह इस मामले में पुलिस ने अब तक सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। सेंट्रल जिला के डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि इस हादसे में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। डीसीपी का कहना है कि दिल्ली पुलिस लगातार प्रदर्शन कर रहे छात्रों से शांति बनाए रखने के लिए अपील कर रही है। उन्होंने बताया कि इमारत की प्रत्येक मंजिल का मालिक अलग-अलग शख्स है।

निगमायुक्त अश्विनी कुमार ने बताया कि सुरक्षा के लिए खतरा बने अवैध बेसमेंट पर भी कार्रवाई तेज कर दी गई है। हम तीन मोर्चों पर काम कर रहे हैं। बरसाती नालों पर किए गए अतिक्रमण के कारण नालों की सफाई करना आसान नहीं था इसलिए इसे हटाया जाना जरूरी है। अवैध बेसमेंट के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है, जो सुरक्षा के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि रविवारशाम तीन बेसमेंट सील कर दिए गए थे। डेल्विन के शोकाकुल चाचा ने कहा कि उसके शव को अंतिम संस्कार के लिए उसके पैतृक स्थान त्रिवेंद्रम ले जाएंगे। अन्य दो छात्राओं श्रेया यादव और तान्या सोनी के शव रविवार को ही उनके परिजनों को सौंप दिए गए थे।

### गृह मंत्रालय ने जांच के लिए कमेटी गठित की

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कोचिंग हादसे की जांच के लिए एक कमेटी बनाई है। इस कमेटी में गृह मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेट्री दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (गृह), दिल्ली के विशेष पुलिस कमिश्नर और संयुक्त सचिव तथा अग्निशमन सलाहकार शामिल हैं। यह कमेटी 30 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। कमेटी यह भी पता लगाएगी कि इस हादसे के लिए कौन जिम्मेदार है। इसके साथ ही ऐसी घटना रोकने के लिए जरूरी उपाय और नियमों में बदलाव के सुझाव भी देगी।

### दिल्ली सरकार जिम्मेदार : बांसुरी



लोकसभा में शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए नई दिल्ली सीट से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने छात्रों की मौत के मामले में दिल्ली सरकार को जिम्मेदार ठहराया। दिल्ली सरकार की आपराधिक लापरवाही के कारण इन बच्चों ने जान गंवा दी। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्रालय से इस मामले की जांच के लिए एक समिति बनाने का अनुरोध किया।

### एनओसी रद्द करने की प्रक्रिया शुरू

दिल्ली दमकल विभाग ने ओल्ड राजेंद्र नगर में राव आईएएस स्टडी सर्किल की इमारत को दिया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) रद्द करने की प्रक्रिया सोमवार को शुरू कर दी। दिल्ली दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सभी मानक पूरे करने के बाद इमारत को अग्नि एनओसी जारी किया गया था, लेकिन बेसमेंट से पानी बाहर निकालने की कोई व्यवस्था नहीं थी। हमने अग्नि एनओसी रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### सीजेआई से कार्रवाई करने के लिए गुहार



सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर कहा कि दिल्ली सरकार और एमसीडी की 'उदासीनता' के कारण हर साल जलभराव होने के कारण इन क्षेत्रों में रहने वाले छात्र 'नारकीय जीवन जी रहे है। छात्र ने तीन सहपाठियों की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया है।

## ...तो दिल्ली में दुखद हादसा नहीं होता



■ कहा, इस घटना में लापरवाही हुई है तथा किसी न किसी को तो इसका दायित्व लेना ही पड़ेगा

■ यह केंद्र के परामर्शों का पालन न करने का नतीजा है

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राष्ट्रीय राजधानी में एक कोचिंग सेंटर में पानी भर जाने के कारण तीन विद्यार्थियों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि कोचिंग केंद्र के नियमन के लिए केंद्र सरकार द्वारा भेजे गये परामर्शों का यदि पालन कर लिया गया होता तो इस प्रकार की दुखद घटना नहीं होती तथा ऐसी घटनाओं में दायित्वों को तय करना ही पड़ेगा। शिक्षा मंत्री ने यह बात राज्यसभा में प्राधिकारियों की कथित लापरवाही के कारण हाल ही में दिल्ली के एक कोचिंग संस्थान में छात्रःछात्रा की मृत्यु की दुखद घटना के विषय पर अल्पकालिक चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस घटना में लापरवाही हुई है तथा किसी न किसी को तो इसका दायित्व लेना ही पड़ेगा।

गौरतलब है कि राजधानी के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में शनिवार को भारी बारिश के बाद एक कोचिंग सेंटर के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की मौत हो गई। प्रधान ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और कहा कि दिल्ली में इस तरह की घटना होने से पूरे देश को चिंता होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समवर्ती सूची में आती है। उन्होंने कहा कि कोचिंग केंद्रों को लेकर केंद्र सरकार समय समय पर राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को परामर्श भेजती है। इनमें कोचिंग संस्थानों के पंजीकरण, न्यूनतम मानक आवश्यकताएं, बच्चों के लिए सुरक्षा उपाय एवं उनकी निरंतर निगरानी तथा इनका पालन नहीं होने पर दंड की व्यवस्था सहित तमाम विषयों पर परामर्श दिये गये हैं।

शिक्षा मंत्री ने देश को बताया कि बिहार, गोवा, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक एवं मणिपुर जैसे राज्यों ने अपने प्रदेशों में एक 'विधि व्यवस्था' भी लागू की है। प्रधान ने कहा कि 16 जनवरी 2024 को केंद्र सरकार ने जो परामर्श भेजा था यदि उसका पालन कर लिया गया होता तो यह दुखद घटना नहीं होती। उन्होंने कहा कि इस घटना के लिए दायित्व तो तय करना ही पड़ेगा। इस मामले में राज्यों को अपने दायित्व निभाने पड़ेंगे, दायित्वों से भागने से कोई फायदा नहीं होता।

## संक्षिप्त खबरें

### केदारनाथ सोना विवाद पर सार्वजनिक होगी जांच रिपोर्ट



**देहरादून।** केदारनाथ धाम के गर्भगृह में सोना विवाद को लेकर सतपाल महाराज का बयान सामने आया है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा केदारनाथ गर्भगृह में सोना लगने को लेकर वह जल्द बड़ा खुलासा करने जा रहे हैं। उन्होंने बताया केदारनाथ धाम के गर्भगृह को स्वर्णमंडित किए जाने को लेकर शिकायत मिलने पर उन्होंने कमिश्नर के माध्यम से तत्काल जांच के आदेश दिए थे जिसकी रिपोर्ट उनके पास आ चुकी है। कैबिनेट मंत्री ने कहा इस पूरे मामले का राजनीतिकरण हो रहा है। उन्होंने कहा आस्था के इस पवित्र धाम केदारनाथ पर बयानबाजी करना बिल्कुल सही नहीं है। महाराज ने कहा इस मामले में एक साल जांच की गई। अब उसकी रिपोर्ट आ चुकी है, जिसे वह जल्द ही सार्वजनिक करेंगे। बता दें केदारनाथ के गर्भगृह को स्वर्णमंदित किए जाने पर कई सवाल खड़े हुए हैं।

### बूढ़ा केदार में फंसे 21 कांवड़ियों को बचाया

**देहरादून।** भारी बारिश के बीच टिहरी जिले के बूढा केदार क्षेत्र में भटक गए 21 कावड़ियों को एसडीआरएफ ने सोमवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। एसडीआरएफ के अनुसार, रविवार रात नौ बजे के आसपास बूढा केदार क्षेत्र में 21 कावड़ियों के एक समूह के गंगोत्री से लौटते समय रास्ता भटक गया था। एसडीआरएफ की टीम सुबह छह बजे सभी 21 कावड़ियों को भारी बारिश के बीच दुर्गम पहाड़ी मार्ग और उफनती नदी के किनारे से सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### कोर्ट ने की पाटकर की सजा निलंबित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को दी गई पांच महीने की साधारण कारावास की सजा सोमवार को निलंबित कर दिया। पाटकर को यह सजा दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा 23 साल पहले उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में दी गई थी। उस समय सक्सेना गुजरात के एक गैर सरकारी संगठन के प्रमुख थे। सक्सेना के अधिवक्ता गजिंदर कुमार ने बताया कि पाटकर की अपील पर मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने सजा निलंबित कर दी और दूसरे पक्ष (उपराज्यपाल) को नोटिस जारी किया।

## 'कमल व्यूह' में फंस गया है देश



■ राहुल ने कहा, इंडिया गठबंधन इस व्यूह को तोड़ेगा

■ बजट में युवाओं, किसानों तथा मध्य वर्ग को नजरअंदाज किया गया

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्र सरकार पर हिंदुस्तान को अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में फंसाने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) इस चक्रव्यूह को तोड़ेगा।

उन्होंने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आने पर जाति आधारित जनगणना कराएगा और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी भी देगा। नेता प्रतिपक्ष ने सत्तारूढ भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, 'हजारों साल पहले कुरुक्षेत्र में अभिमन्यु को चक्रव्यूह में छह लोगों ने फंसा कर मारा था...चक्रव्यूह का दूसरा नाम है- 'पद्मव्यूह', जो कमल के फूल के आकार का होता है। इसके अंदर डर और हिंसा होती है।' आज भी चक्रव्यूह रचने वाले छह लोग है।' कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा चार और लोगों का नाम लिया, जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपत्ति जताई। बिरला ने कहा, 'आप नेता प्रतिपक्ष है...आपकी पार्टी के उप नेता (गौरव गोगोई) ने लिखकर दिया है कि जो सदन का सदस्य नहीं है, उसका नाम नहीं लिया जाना चाहिए।' इसके बाद राहुल गांधी ने देश के प्रमुख उद्योगपतियों को 'ए 1' और 'ए 2' कहकर संबोधित किया।

## सजा हुई रद्द, अफजाल अंसारी बने रहेंगे सांसद



**प्रयागराज (एसएनबी)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गाजीपुर की एक अदालत द्वारा गैंगस्टर कानून के एक मामले में सांसद अफजाल अंसारी की दोषसिद्धि और उन्हें सुनाई गई चार साल की सजा को सोमवार को रद्द कर दिया है। इस निर्णय के बाद अफजाल अंसारी की सांसदी पर खतरा समाप्त हो गया और वह सांसद बने रहेंगे।

वर्ष 2005 में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के बाद अफजाल पर यह मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने इसी मामले में अफजाल की सजा बढ़ाने की उत्तर प्रदेश सरकार और कृष्णानंद राय के बेटे पीयूष कुमार राय की अपील भी खारिज कर दी है।

## आरक्षण बढ़ाने पर रोक के आदेश पर सुप्रीम मुहर



■ पटना हाईकोर्ट ने आरक्षण 65 फीसदी करने के कानून पर रोक लगा दी थी

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने पटना उच्च न्यायालय के उस फैसले पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया, जिसके तहत बिहार में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी करने वाले संशोधित आरक्षण कानूनों को रद्द कर दिया गया था। हालांकि, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ पटना उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ बिहार सरकार की ओर से दायर 10 याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई।

शीर्ष अदालत ने याचिकाओं पर नोटिस भी जारी नहीं किया। उसने याचिकाओं को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए कहा कि इन्हें सितंबर में सुनवाई के लिये सूचीबद्ध किया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने पीठ से उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आग्रह किया। दीवान ने छत्तीसगढ के ऐसे ही एक मामले का जिक्र किया और कहा कि शीर्ष अदालत ने उस मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके अलावा, दीवान ने उन प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने का भी अनुरोध किया, जिन्होंने आरक्षण सीमा बढ़ाने के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'हम मामले को सूचीबद्ध करेंगे, लेकिन हम (उच्च न्यायालय के फैसले पर) कोई रोक नहीं लगाएंगे।... वर्तमान चरण में कोई अंतरिम राहत नहीं दी जाएगी।' पीठ ने याचिकाओं पर नोटिस भी जारी नहीं किए।

## सड़क हादसों में दो कांवड़ियों समेत पांच लोगों की मौत

■ बेलड़ा में कार से टकराई बाइक, बाईपास पर आपस में भिड़ी बाइकें

**रुड़की (एसएनबी)।** सड़कों पर डाक कांवड़ की आमद होने के बाद से दुर्घटनाएं भी बढ़ गई हैं। क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो कांवड़ियों समेत पांच युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया है। हादसे के बाद से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है।

पुलिस के अनुसार बेहड़ेकी सैदाबाद, थाना झबरेड़ा निवासी विक्की पुत्र तेलूराम गांव के ही अपने साथी अमित (26 वर्ष) पुत्र ओमपाल के साथ गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार जा रहा था। बाइक पर सवार दोनों युवक जैसे ही कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में बेलड़ा के पास पहुंचे तो हरियाणा नंबर की कार से बाइक की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखचे उड़ गए। हादसे में बाइक सवार अमित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विक्की गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार में सवार लोग कार को छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने घायल को सिविल अस्पताल भेजा। जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दूसरा हादसा नगला इमरती में बाईपास के पास हुआ। यहां भी एक हरियाणा नंबर की बाइक से दूसरी बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में सागर (27 वर्ष) पुत्र सुभाष निवासी निवासी गांधीनगर, हरियाणा, विशाल पुत्र गोपाल निवासी ग्राम पिंजरा, हरियाणा तथा विजेंद्र पुत्र जयपाल निवासी ग्राम बेलड़ा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमरेश चौधरी पुत्र बलवंत निवासी ग्राम बेलड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। हायर सेंटर ले जाते समय अमरेश ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामले की सूचना मृतकों के परिजनों को दी। जवान बेटों की मौत से परिजनों में भी कोहराम मच गया। इस संबंध में सिविल लाइंस इंस्टपेक्टर आरके सकलानी का कहना है कि दो अलग-अलग हादसों में दो कांवड़ियों समेत पांच युवकों की मौत हुई है। सभी के परिजन मोर्चरी पर पहुंच गए हैं। पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### दो युवकों की मलबे में दबने की आशंका

**नारायणबगड़।** एक मैक्स पिकअप वाहन समेत दो युवकों के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। आशंका जताई जा रही है कि कहीं बारिश के दौरान पिकअप वाहन पहाड़ी से हुए भूस्खलन की चपेट में न आ गया हो। सोमवार को आमसोड़ स्लाइड जोन पर खोजबीन की गई तो वहां मलबे में वाहन का तिरपाल और रस्सा दबा हुआ दिखाई दिया। भारी भरकम बोल्डरों के बीच दबे वाहन का पता लगाया जाना मुश्किल हो रहा था। मौके पर पहुंचे एसडीएम थराली अबरार अहमद व थानाध्यक्ष कर्णप्रयाग डीएस रावत ने बताया कि मलबे में दबे वाहन और लापता हुए युवकों की खोजबीन करने के लिए पोकलैंड मशीन को मौके पर लाया जा रहा है। बीते शुक्रवार की सायं को धीरज उर्फ अंकू रौतेला (27) पुत्र मगन सिंह ग्राम डांगतोली चालक प्रदीप थापा (28) पुत्र देव सिंह मींगगदेरा के साथ अपने मैक्स पिकअप से एक भैंस को छोड़ने आदिबदरी गया था। वापसी में रात्रि को बगोली बाजार से उन्हें नारायणबगड़ की ओर गुजरते हुए सीसीटीवी कैमरे में देखा गया था। शनिवार सायं तक घर न आने पर फोन किया गया तो स्विचऑफ था। इसके बाद रविवार को उनकी खोजबीन शुरू हुई लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चल पाया। सोमवार को उनके परिजनों ने पुलिस चौकी में गुमशुदगी की तहरीर देकर उनका पता लगाए जाने का आग्रह किया।



हरिद्वार : हरकीपैड़ी पर उमड़ी शिवभक्त कांवड़ियों की भीड़।

## यूपी में 'लव जिहाद' पर अब ताउम्र जेल



**लखनऊ (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सोमवार को विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक 2024 सहित आठ विधेयकों को पेश किया। इसमें लव जिहाद पर अब आजीवन सजा का प्रावधान किया गया है। यूपी में यह विधेयक योगी वन में लाया गया था, लेकिन बीते दिनों प्रदेश के बरेली सहित कई जगहों पर धर्म परिवर्तन को लेकर मामले संज्ञान में आने के बाद सरकार ने विधेयक में कड़े प्रावधान किये हैं।

प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मुख्यमंत्री की ओर से इस विधेयक को सदन पटल पर रखा। इसमें अपराधों में सजाएं दोगुनी करने का प्रस्ताव किया गया है। यूपी में 'लव जिहाद' जैसे अपराधों पर योगी सरकार ने और कड़ी सजा करने का फैसला किया है। इसमें अब आजीवन कारावास तक की सजा दिए जाने का प्रस्ताव किया गया है। लव जिहाद के तहत नए अपराध भी शामिल किए गए जिसमें ताउम्र जेल का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2024, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक 2024, आदि को सदन में रखा गया।

## भारत-चीन सीमा विवाद में तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं

■ क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में एस जयशंकर की खरी-खरी



**टोक्यो (भाषा)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-चीन सीमा विवाद में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से इनकार करते हुए सोमवार को कहा कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच के इस मुद्दे का समाधान उन्हीं दोनों को निकालना है। जयशंकर ने टोक्यो में सवालों के जवाब में कहा, भारत और चीन के बीच वास्तविक मुद्दे को सुलझाने के लिए हम अन्य देशों की ओर नहीं देख रहे है।

क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए यहां आए जयशंकर ने यह भी कहा कि चीन के साथ भारत के संबंध अच्छे नहीं है। उन्होंने कहा, हमारे बीच एक समस्या है, या मैं कहना चाहूंगा कि भारत और चीन के बीच एक मुद्दा है...मुझे लगता है कि हम दोनों को इस पर बात करनी चाहिए और समाधान निकालना चाहिए। विदेश मंत्री ने इस महीने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ दो बार हुई अपनी बैठक को याद करते हुए कहा, जाहिर है, दुनिया के अन्य देशों की भी इस मामले में रुचि होगी, क्योंकि हम दो बड़े देश है और हमारे संबंधों की स्थिति का बाकी दुनिया पर प्रभाव पड़ता है। लेकिन हम अपने बीच के वास्तविक मुद्दे को सुलझाने के लिए अन्य देशों की ओर नहीं देख रहे है। जयशंकर और वांग की पिछले सप्ताह लाओस की राजधानी में मुलाकात हुई थी, जहां उन्होंने दक्षिण पूर्व एशियाई संगठन (आसियान) की बैठकों में भाग लिया था। बैठक के दौरान, उन्होंने मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मजबूत मार्गदर्शन देने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की थी। चार जुलाई को जयशंकर और वांग ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन के दौरान कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में मुलाकात की थी।

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

महादेव के प्रिय श्रावण मास के पवित्र द्वितीय सोमवार की आप सभी को हार्दिक बधाई! भगवान भोलेनाथ से यही प्रार्थना कि धरा पर आपकी कृपा से अनवरत वर्षा होती रहे, सब सुखी हों और घर-आंगन में समृद्धि आए। – वसुंधरा राजे@VasundharaBJP

## संक्षिप्त खबरें

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन के लिए 10 करोड़ की राशि स्वीकृत

**देहरादून।** शासन ने मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के संचालन के लिए आय-व्ययक की संगत मद में प्रावधानित धनराशि के सापेक्ष 10 करोड़ की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति दी है। इस राशि को कुछ प्रतिबन्धों शर्तो के अनुसार खर्च करना होगा। स्वीकृत धनराशि का आहरण निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा करने के उपरान्त सम्बन्धित प्राचार्य कुलसचिव को 01 सप्ताह के भीतर अवमुक्त की जायेगी तथा सम्बन्धित प्राचार्य कुलसचिव द्वारा पात्र छात्रछात्राओं को अनुमन्य धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में 01 सप्ताह के भीतर हस्तान्तरित की जायेगी। धनराशि का उपयोग उसी मद में होगा, जिसके लिए स्वीकृत किया गया है। उक्त जानकारी अपर सचिव उच्च शिक्षा डा. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने दी है।

### प्रो. पंवार बने हेनंब गविवि के नए कुलसचिव

**श्रीनगर।** हेनंब गढ़वाल विवि में एक बार फिर कुलसचिव व वित्त अधिकारी के पदों में फेरबदल कर दिया गया है। सोमवार को कुलपति के जारी आदेश में विवि के कुलसचिव का दायित्व प्रो. एनएस पंवार को दिया गया है। प्रो. पंवार अभी तक विवि के वित्त अधिकारी पद का दायित्व देख रहे थे, वहीं वित्त अधिकारी पद का कार्यभार उप कुलसचिव संजय कुमार ध्यानी को दिया गया है। ज्ञात है कि विवि द्वारा स्थायी कुलसचिव धीरेन्द्र शर्मा को हटा कर प्रो. राकेश कुमार डोढ़ी को कार्यवाहक कुलसचिव बनाया था। प्रो. डोढ़ी को कुलसचिव पद का कार्यभार संभाले एक महीने ही हुआ था कि अब उनकी जगह एक बार फिर प्रो. एनएस पंवार को कुलसचिव पद का कार्यभार सौंपा गया है। प्रो. पंवार पूर्व में भी कुलसचिव का कार्यभार देख चुके है। विवि में अधिकारियों के फेरबदल विवि में चर्चा का विषय बने है। विवि के परीक्षा नियंत्रक, वित्त अधिकारी व कुलसचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्यवाहक अधिकारी बैठे हुए है।

### उत्तराखंड मेट्रो कार्पोरेशन के कार्यों की प्रगति जानी

**देहरादून।** वित्त मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने उत्तराखंड मेट्रो कार्पोरेशन के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। विधानसभा स्थित कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में अग्रवाल ने एमडी उत्तराखंड मेट्रो जितेंद्र त्यागी से परियोजना की वर्तमान स्थिति जानी। एमडी ने बताया कि 2367.15 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली देहरादून मेट्रो नियो परियोजना जिसमें दो कारिडोर और साढ़े 22 किलोमीटर लंबाई है। उन्होंने बताया इसमें 25 स्टेशन होंगे। इस परियोजना के क्रियान्वयन में दो प्रकार के प्रस्ताव पर विचार चल रहा है। अग्रवाल ने कहा कि समग्र प्रस्ताव को उच्चस्तरीय अनुमोदन के लिए तत्काल प्रस्तुत किया जाए, ताकि राज्य की बहु प्रतीक्षित रेल परियोजना को साकार रूप दिया जा सके। इस मौके पर डायरेक्ट प्रोजेक्ट मेट्रो बीके मिश्रा उपस्थित रहे।

### आपदा को लेकर ओछी राजनीति कर रही कांग्रेस : सुयाल

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल ने कहा कि भाजपा सरकार राहत एवं बचाव के कार्यों में तेजी से कार्य कर रही है। कांग्रेस को रचनात्मक विपक्ष के रूप में सरकार का और पीड़ितों का साथ देना चाहिए था। कांग्रेस आपदा के समय ओछी राजनीति करने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। सुयाल कहा कि कांग्रेसी इस समय जिस प्रकार के सपाटे पर निकले हैं और बड़े-बड़े होटलों में आराम फरमा रहे हैं। वह इस पर करोड़ों रुपए अभी तक खर्च कर चुके हैं। बढ़िया होता कि वह घनसाली विधानसभा के लोगों पर जो आपदा आई है उसमें यह पैसा खर्च करते। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस का मकसद केवल संकीर्ण राजनीतिक हित साधना है। कांग्रेस का पतन इसलिए हुआ कि उनके पास मानवीय संवेदनाओं का एक प्रभावी माडल नहीं है और जनता के संकट के समय कैसे कार्य किया जाता है। हमारे संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता वहां पर दिन-रात उनकी सहायता में लगे हुए हैं।

# सेब उत्पादन के क्षेत्र में हो रहा क्रांतिकारी परिवर्तन : सीएम

**-प्रदेश में सेब का सालाना टर्नओवर 200 करोड़ से बढ़ाकर 2000 करोड़ रुपए का रखा जाए लक्ष्य**

**-कोका-कोला इंडिया औरआईडीएचटी प्रोजेक्ट उन्नति एप्पल को सफल बनाने में अहम साझेदारी निभा रहे**

**देहरादून (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने कहा कि सेब उत्पादन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा रहा है। चंपावत में कोका-कोला इंडिया और इंडो डच हर्टिकल्चर टेक्नालाजी प्राइवेट लिमिटेड (आईडीएचटी) प्रोजेक्ट उन्नति एप्पल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण साझेदारी निभा रहे हैं।

गोरलचोड़ निकट अडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड सदन नई दिल्ली से वर्चुवल रूप से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की उन्नति एप्पल परियोजना इस बात का शानदार उदाहरण है कि किस प्रकार सामूहिक प्रयासों से कृषि परिवर्तन को बढ़ावा मिल सकता है। इस परियोजना से प्रदेश में सेब के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कास्तकार चंपावत को आदर्श जनपद की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चम्पावत में हाई डेन्सिटी प्लांटेशन तकनीक से लगाए गये 100 सेब के बगानों से 20 माह में ही फलों का उत्पाद होना सेब की खेती के लिये शुभ संकेत बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की जलवायु कीवी, अखरोट, नाशपाती,प्लम, खुमानी और पैशन फ्रूट की खेती के लिए अनुकूल है। इन फलों के उत्पादन के लिए चम्पावत क्षेत्र उपुयक्त माना जाता है। यहां के सेब अपनी गुणवत्ता, स्वाद व पोषण तत्वों के लिए देशभर में प्रसिद्ध हैं। राज्य सरकार प्रदेश में फलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में एप्पल मिशन के साथ अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर किसानों और काश्तकारों से संवाद भी किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय ने कहा कि सभी के अथक प्रयासों और मेहनत से जनपद में सेब उत्पादन के अच्छे परिणाम आ रहे, जिससे किसानों की आर्थिकी में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

इंडो डच हर्टिकल्चर टेक्नालाजीज के निदेशक सुधीर चड्ढा ने कहा, प्रोजेक्ट उन्नति एप्पल इस बात का उदाहरण है कि कैसे निजी और सार्वजनिक संस्थाओं के बीच साझेदारी समाज में स्थायी और सकारात्मक बदलाव ला सकती है। उन्होंने बताया की 2018 में लान्च प्रोजेक्ट उन्नति एप्पल आनंदना, कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीक प्रदान कर रहा है। निदेशक कोकाकोला राजीव गुप्ता ने कहा कि इस मिशन के अंतर्गत चंपावत में सेब के उत्पादन के बेहतर परिणाम आ रहे है। नई तकनीक एवं सभी के सहयोग से सेब का उत्पादन हम दो से तीन गुना और बढ़ा सकते है। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता भाजपा सुरेश जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष निर्मल महरा, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, जिलाधिकारी नवनीत पांडे, ब्लाक प्रमुख चंपावत रेखा देवी, विनीता फर्त्याल, सुमनलता, समेत प्रगतिशील किसान तथा अन्य मौजूद रहे।

## एप्पल मिशन के अंतर्गत किसानों को 80 प्रतिशत सब्सिडी



मुख्यमंत्री ने कहा कि एप्पल मिशन के अंतर्गत सेब बागान लगाने वाले किसानों को 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। सरकार ने प्रदेश में नई सेब नीति बनाई है इसमें आठ वर्ष में पांच हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सेब की अति सघन बागवानी का लक्ष्य रखा गया है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश में सेब का सालाना टर्नओवर 200 करोड़ से बढ़ाकर 2000 करोड़ रुपए तक किया जाए। प्रदेश में उद्योगों के साथ ही बागवानी के विकास के लिए भी अनुकूल नीति बनाकर कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में नई तकनीकी से सेब के उन्नत किस्म के पेड़ लगाने से हम जम्मू-कश्मीर व हिमाचल प्रदेश से भी अच्छी क्वालिटी का सेब उत्पादन कर सकते हैं। किसानों को तीन लाख रुपए और महिला स्वयं सहायता समूहों को बिना ब्याज के पांच लाख रुपए तक का ऋण दिया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने किया 'वो 17 दिन' पुस्तक का विमोचन

**देहरादून।** नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'वो 17 दिन' पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक 'वो 17 दिन' सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने सिलक्यारा सुरंग को लेकर अपने अनुभव भी साझा किए और कहा कि 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालना एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन से ही बचाव अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण हो पाया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान पुस्तक के लेखक राजीव रंजन सिंह को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सकारात्मकता और अनुभवों से भरी यह पुस्तक निश्चित ही पढ़ने योग्य है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष श्याम जाजू, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ अधिवक्ता एलपी नैथानी का निधन

**नैनीताल (एसएनबी)।** वरिष्ठ अधिवक्ता व दो बार उत्तराखंड हाईकोर्ट में महाधिवक्ता रहे एलपी नैथानी का रविवार को दुबई में निधन हो गया। वह करीब 93 वर्ष के थे। उनका दाह संस्कार उत्तराखंड में ही होगा और उनके पार्थिव शरीर को भारत लाने की तैयारी की जा रही है।

स्व. एलपी नैथानी की पढ़ाई इलाहाबाद से हुई और 1953 में उन्होंने एलएलबी की डिग्री हासिल की और 1959 में बार कौसिल ऑफ उत्तर प्रदेश पंजीकृत हुए थे। वह संविधान के ज्ञाता थे और कई विभागों व संस्थानों के अधिवक्ता रहे। मुजफ्फरनगर कांड के पीड़ितों को मुवावजा दिलाने व इस प्रकरण की इलाहाबाद हाईकोर्ट से सीबीआई से जांच के आदेश कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्हें राज्य सरकार की अधिसूचना 29 नवंबर, 2000 के माध्यम से उत्तराखंड राज्य के पहले महाधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया था और उन्होंने 5 अप्रैल, 2002 तक इस पद के कर्तव्यों का पालन किया। 12 मार्च 2007 की अधिसूचना के माध्यम से उन्हें फिर से राज्य के महाधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया और 15 जनवरी, 2010 तक इस पद पर रहे। उनकी तीन पुत्रियां है और तीनों डॉक्टर हैं। जिनमें से दो दुबई व एक अमेरिका में रहती है। वह मूलतः पौड़ी के नैथाना गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने अपनी लाइब्रेरी की समस्त कानूनी व अन्य पुस्तकें हाईकोर्ट बार को दान कर दी थी । उनके निधन पर हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त किया है।

### सीएम ने दुख व्यक्त किया

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के प्रथम महाधिवक्ता एलपी नैथानी के निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

## केदार धाम पर दुष्प्रचार का दंड भुगतेगी कांग्रेस : अग्रवाल

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कांग्रेस की केदारनाथ यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुद्दा विहीन एवं विचारहीन कांग्रेस पार्टी के नेता भगवान भोलेनाथ को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं। उनके इस प्रपंच, दुष्प्रचार और षडयंत्र के पाप का दंड केदार बाबा उन्हें अवश्य देने वाले हैं ।



**जनता और कांग्रेस के बड़े नेताओं की गैर हाजिरी माहरा की एक और फ्लाप यात्रा**

पार्टी मुख्यालय में कांग्रेसी यात्रा को लेकर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए अग्रवाल ने कहा, कांग्रेस की यात्रा पूरी तरह से फ्लाप है। मीडिया में भी जिस तरह की तस्वीर सामने आ रही हैं उसे स्पष्ट हो रहा है कहीं भी 20-25 से ज्यादा लोग उनकी यात्रा में शामिल नहीं है। इससे पूर्व भी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने न्याय यात्रा निकाली थी जो पूरी तरह फ्लाप साबित हुई थी। ये वही लोग हैं जो भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताते थे जिन्हें उनके मंदिर के बनने में आपत्ति थी। अब वही लोग श्री केदारनाथ धाम बचाव का दावा कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी नेताओं को जनता एवं सरकार की यह उपलब्धि हजम नहीं हो रही है। उन्होंने आपदा पर विपक्ष के झूठे प्रचार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा, न जाने वे कौन से वीडियो दिखाकर भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं।

### हिटो केदार कार्यक्रम के 25 लाख का हिसाब दे कांग्रेसः भाजपा

**देहरादून।** भाजपा ने केदारनाथ के पूर्व विधायक मनोज रावत से आपदा के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत की कृपा से हिटो केदार कार्यक्रम के लिए मिले 25 लाख रुपयों का हिसाब देने को कहा है। दायित्वधारी चंडी प्रसाद भट्ट ने कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा को प्रस्तावित उप चुनावों को लेकर की जा रही कवायद बताया। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग ने जिस कम्पनी को यात्रा पंजीकरण का कार्य सौंपा है, वह सब नियमानुसार है। उसमें किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ मंदिर में सोने के प्रकरण को लेकर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति सारे तथ्यों को सामने रख चुकी है। मंदिर के गर्भगृह को स्वर्ण मंडित करने में सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया गया है। मंदिर समिति ने प्रदेश शासन से अनुमति प्राप्त कर सारा कार्य सम्पादित कराया है। शासन ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग व सीबीआरआई रुड़की से रिपोर्ट प्राप्त कर पुरातत्व विभाग के देख रेख में यह कार्य कराया। पूरे समय पुलिस व प्रशासन ने इस कार्य की मानिटरिंग की है। मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि अगर किसी को किसी प्रकार का संदेह है तो वो सक्षम आथरिटी के समक्ष शिकायत कर सकते हैं। हाई कोर्ट में जनहित याचिका लगा कर जांच की मांग कर सकते हैं। केवल मीडिया के सामने बयानबाजी कर विवाद खड़ा करने से केदारनाथ धाम की छवि को ठेस पहुंचाई जा रही है।

# सौरभ ने पशुपालकों से की बात, सुनीं समस्याएं

**पशुपालन मंत्री ने किया 1962 काल सेंटर का औचक निरीक्षण**

**देहरादून (एसएनबी)।** उत्तराखंड सरकार की ओर से पशुपालकों को वेटरनरी डाक्टर की सुविधा उपलब्ध कराए जाने को लेकर मोबाइल वैटनरी यूनिट का संचालन किया जा रहा है। इससे किसी भी पशु के बीमार होने पर पशुपालक मोबाइल वैटनरी यूनिट के टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर डाक्टर को बुला सकता है। मोबाइल वैटनरी यूनिट की सुविधा को जानने को लेकर पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सोमवार को मोबाइल वैटनरी यूनिट (1962) के कॉल सेन्टर का औचक निरीक्षण किया। साथ ही कई जिलों के पशुपालकों से बातचीत कर उनसे उनकी समस्याएं भी जानी।

तमाम पशुपालकों ने पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा से बातचीत करते हुए बताया मोबाइल वैटनरी सेवा (1962) की ओर से दी जा रही सेवा से वह संतुष्ट हैं। कई बार रोड ब्लाक होने के चलते उनके पशुओं का इलाज नहीं हो पता है। पशुपालक वासुदेव निवासी ब्लाक अगस्तमुनी के गांव में रोड ब्लाक होने के चलते 1962 चिकित्सा टीम नहीं पहुंच पाई। मंत्री ने विभागीय पशु चिकित्साधिकारी को इलाज के लिए निर्देश दिये। यही नहीं, चमोली जिले के रहने वाले पशुपालक लक्की नेगी ने बताया रात के समय घर पर पशुओं के इलाज के लिए आपातकालीन सेवा उपलब्ध नहीं है। उनके पशु का इलाज नहीं हो पाया। मंत्री ने पशुपालन विभाग के निदेशक को निर्देश देते हुए कहा विभागीय पशु चिकित्सा अधिकारियों को चिकित्सा के लिए तत्काल वहां पर भेजा जाए। यही नहीं, मंत्री ने पशुपालकों को शाम 6 के बाद मोबाइल वैटनरी सेवा का लाभ उपलब्ध न होने के मामले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस के हेड को निर्देश दिए कि शाम 6 बजे के बाद भी मोबाइल वैटनरी सेवा (1962) की सेवा पशुपालकों को उपलब्ध कराए जाए।

पशुपालन मंत्री ने पशुपालन निदेशक को ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस की ओर से समय पर पशुपालकों की समस्या हल न किए जाने को लेकर अंतिम चेतावनी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि पशुपालन निदेशक इस पर ध्यान दें कि भविष्य में पशुपालकों को मोबाइल वैटनरी सेवा आसानी से उपलब्ध हो सकें।



1962 कॉल सेंटर का औचक निरीक्षण करते पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा।

## पंचायत प्रतिनिधियों के आंदोलन का समर्थन : कांग्रेस

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस ने विभिन्न मांगों को लेकर धरनारत त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के आन्दोलन का समर्थन दिया है। कांग्रेस उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी ने बताया कि प्रदेश प्रधान संगठन के अध्यक्ष को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायतें भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला हैं तथा कांग्रेस पार्टी पंचायतों की मजबूती एवं पंचायतों को अधिकार सम्पन्न बनाये जाने की सदैव हिमायती रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने के लिए स्व. राजीव गांधी द्वारा अपने प्रधानमंत्रित्व काल में संविधान में 73वें एवं 74वें संशोधन के माध्यम से पंचायतों को और अधिक अधिकार देकर प्रभुता सम्पन्न बनाने का कार्य किया गया। माहरा ने पंचायत संगठन की मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि विगत दो वर्ष के कोरोना काल में पंचायतों द्वारा लोगों की जान माल की सुरक्षा के साथ ही प्रवासी बन्धुओं को आवश्यक सहायता पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। विकास कार्यो को दृष्टिगत रखते हुए भी पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष के लिए बढ़ाया जाना आवश्यक है। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी त्रि-स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की न्यायोचित मांगों को लेकर चलाये जा रहे आन्दोलन का पूर्ण समर्थन करती है तथा उत्तराखण्ड सरकार से अपेक्षा करती है कि पंचायत प्रतिनिधियों की मांगों पर गम्भीरता से विचार करते हुए जनहित में शीघ्र उचित निर्णय लेगी।

# उत्तराखंड के जैविक उत्पाद खरीदेगा एनसीओएल

**गणेश जोशी ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात**

**नई दिल्ली/देहरादून (एसएनबी)।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दिल्ली पहुंचकर गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। जोशी ने गृह मंत्री को केदारनाथ धाम की काष्ठ प्रतिमा भी भेंट की। दोनों के बीच उत्तराखंड में चल रही कृषि से जुड़ी तमाम योजनाओं और मुद्दों को लेकर बातचीत हुई।

जोशी ने बताया कि प्रदेश में उत्पादित होने वाले पीजीएस प्रमाणित उत्पाद खासकर बासमती चावल, चौलाई, मिलेट्स, दालें आदि को भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के अधीन स्थापित नेशनल कोआपरेटिव आर्गेनिक लिमिटेड (एनसीओएल) की ओर से क्रय करने की रुचि दिखाई गई। इसके लिए उत्तराखंड जैविक उत्पाद परिषद और नेशनल कोअपरेटिव आर्गेनिक्स लिमिटेड के बीच बैठक हुई। जोशी ने बताया कि इस प्रक्रिया को मूल रूप प्रदान करने के लिए दोनों संस्थाओं के बीच एक औपचारिक अनुबंध भी किया जाना प्रस्तावित है, जिसके बाद प्रदेश के किसानों के जैविक उत्पादों को एनसीओएल की ओर से खरीद शुरू की जाएगी। उन्होंने गृह मंत्रालय की ओर से राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थिति के दृष्टिगत वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम को लेकर धनराशि के लिए गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय के अधीन स्थापित नेशनल कोआपरेटिव आर्गेनिक लिमिटेड के जरिए उत्तराखंड के आर्गेनिक उत्पादों को खरीदने के लिए सहमति दी। बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी दिल्ली में हैं, जो अलग-अलग बैठक में शामिल हो रहे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने भी मुलाकात की थी।



# जीजीआईसी हरिद्वार को अन्तरराष्ट्रीय ग्रीन स्कूल अवार्ड

**23, 24 सितंबर को यूनाइटेड नेशंस की जनरल असेंबली के सम्मेलन में मिलेगा पुरस्कार**

**देशभर से 40 विद्यालयों को न्यूयार्क में मिलने वाले इस पुरस्कार के लिए चुना गया**

**देहरादून (एसएनबी)।** सरकारी स्कूल आज की तारीख में महज खानापूरी के केंद्र बनकर रह गये हैं) अधिकतर स्कूलों की हालात ये है कि उनमें पढ़ाने वाले शिक्षक भी अपने बच्चों को वहां नहीं पढ़ाते। मगर कुछ स्कूल इसके अपवाद भी हैं। उनकी परफारमेंश ऐसी है कि वहां प्रवेश के लिए मंत्री-विधायकों को भी सिफारिश करनी पड़ती है। ऐसा ही एक विद्यालय है जीजीआईसी ज्वालापुर हरिद्वार।

वर्तमान में पीएम श्री विद्यालयों में शुमार किये गये जीजीआईसी ज्वालापुर को अब अंतरराष्ट्रीय ग्रीन स्कूल अवार्ड के लिए चुना गया है। इस अवार्ड के लिए पूरे देश से 40 विद्यालय चुने गये हैं। इसके लिए चयन के मानक काफी कठिन थे, लेकिन जीजीआईसी ज्वालापुर इसके पैरामीटर पर खरा उतरा। आम तौर पर विद्यालयों में पर्यावरण व दूसरी सामाजिक चेतना के विषयों पर निबंध प्रतियोगिता या चित्रकला जैसी प्रतियोगिताएं कराकर कर्तव्यों की इतिश्री करा ली जाती है, लेकिन जीजीआईसी ज्वालापुर ऐसे विषयों पर नवाचार करता है। यही सब विद्यालय के इस पुरस्कार के चयन के कारण भी बने। विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम राणा ने दूरभाष पर बताया कि उनका कैंपस पूर्णता हरा भरा है। पर्यावरण संतुलन के लिए विद्यालय में नित नूतन नवाचार किए जाते हैं।

मेरा विद्यालय मेरा गमला, एक पेड़ मां के नाम, पालिथीन को ना बोले, स्वच्छ हरिद्वार हरित हरिद्वार, गंगा प्रहरी, या जो कार्यक्रम विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे हैं। उनको इस प्रतियोगिता में शामिल किया गया। उन्होंने बताया विद्यालय में छात्राओं ने 'से नो टू पालीथीन' कार्यक्रम चलाया हुआ है जिसमें आसपास की बस्तियों में है, हस्ताक्षर अभियान ,कागज के थैली दुकानदारों को देना नुक्कड़ नाटक करना व जन जागरण रैली निकालना सम्मिलित है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए छात्रों के दल,एनएसएस की इकाई से डोर टू डोर सर्वे कराया जाता है जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता सार्वजनिक स्वच्छता पर्यावरण संतुलन जैसी बातें परिवारों को बताई जाती है। साथ ही विद्यालय में निष्प्रयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने का रचनात्मक कार्य खाली समय में करवाया जाता है। इसके साथ ही बहुत सारे अन्य कार्यक्रम भी चलाये जाते हैं।




पुरस्कार मिलने के बाद स्कूल का स्टाफ।

### शिक्षा व सामाजित चेतना के लिए अभिनव प्रयोग

जीसीआईसी ज्वालापुर पिछले कई वर्षो से शिक्षा व सामाजित चेतना के लिए अभिनव प्रयोग कर रहा है। आज यह विद्यालय गढ़वाल मंडल के सर्वाधिक छात्रा संख्या वाले विद्यालयों में से एक है। इसको ऐसे भी समझा जा सकता है कि जहां अन्य विद्यालयों में प्रवेश के लिए उत्सव मनाने पड़ रहे हैं वहीं ज्वालापुर के इस विद्यालय में प्रवेश के लिए साल भर कतारें लगी रहती है। पूनम राणा बताती हैं कि प्रवेश के लिए कई बार मंत्री व विधायकगण भी सिफारिश करते हैं। वर्तमान समय में यहां 1700 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। पिछले वर्ष इस विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम राणा को प्रतिष्ठित शैलेश मटियानी पुरस्कार मिल चुका है। अन्य कई शिक्षिकाओं को भी पुरस्कार मिलते रहे हैं। ग्रीन स्कूल का चयन करने वाले मिशन के प्रमुख वीरेन्द्र रावत बताते हैं कि पूरे देश के लिए 40 विद्यालयों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। इनके प्रधानाचार्यो को 23, 24 सितंबर को यूनाइटेड नेशंस की जनरल असेंबली के सम्मेलन में पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्य शिक्षा अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारी हरिद्वार ने विद्यालय के स्टाफ व छात्राओं को शुभकामनाएं भेजी हैं। पूनम राणा ने बताया है कि पिछले साल पीएम श्री जीजीआईसी ज्वालापुर को 'बेस्ट वटर मैनेजमेंट 'के लिए यूनेस्को व जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संस्तुत पुरस्कार कैबिनेट मंत्री जल शक्ति गजेंद्र सिंह शेखावत तथा यूनेस्को के प्रतिनिधि टिम कार्लोस द्वारा दिल्ली में दिया गया था।

## पायलट और सहायक लोको पायलट के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने हाथी की मौत के मामले में रेलवे के लोको पायलट और सहायक लोको पायलट के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ ने सरकार से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

घटना 27 मई 2018 की है। लालकुआं से पंतनगर की ओर जा रही रेलगाड़ी के इंजन से टकराकर केन्द्रीय तराई वन प्रभाग के गंगापुर पाटिया के पास एक हथिनी की मौत हो गयी थी। उसका शव रेल इंजन के साथ घिसटकर 36 मीटर दूर चला गया था। फारेस्ट गार्ड हरीश बिष्ट की ओर से हथिनी की मौत की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गयी। उप प्रभागीय वनाधिकारी उमेश चंद्र तिवारी (किच्छा) को प्रकरण की जांच सौंपी गयी। जांच रिपोर्ट आने के बाद वन विभाग की ओर से 22 फरवरी 2024 को लोको पायलट और सहायक लोको पायलट के खिलाफ भारतीय वन संरक्षण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। लोको पायलट राजेश कुमार की ओर से वन विभाग के इस कदम को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी। पीठ ने दोनों पायलट के खिलाफ कार्रवाई पर अग्रिम सुनवाई तक रोक लगा दी। साथ ही सरकार से जवाब देने को कहा है।

सिख धर्म के आठवें गुरु महान समाज सुधारक 'बाला पीर' के नाम से प्रख्यात श्री गुरु हरकिशन साहिब जी की प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

—— नायब सैनी, सीएम, हरियाणा

देहरादून। मंगलवार ● 30 जुलाई ● 2024 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

## संक्षिप्त खबरें

### कांस्टेबल का बीमारी से निधन



**देहरादून।** पुलिस लाइन देहरादून में नियुक्त कांस्टेबल संजय कुमार का सोमवार को बीमारी के कारण आकस्मिक निधन हो गया। संजय कुमार लंबे समय से बिमार थे। वर्तमान में वह महंत इन्दिरेश अस्पताल में उपचाराधीन थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने दिवंगत संजय कुमार के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दुख की इस घड़ी में शोक संतृप्त परिवार को धैर्य व शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना की। अस्पताल में दिवंगत संजय कुमार के परिजनों से मुलाकात कर पुलिस की ओर से हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। मृतक संजय कुमार वर्ष 2007 में आरक्षी पद पर पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। मई 2024 में जनपद चमोली से देहरादून स्थानान्तरण पर आए थे। दिवंगत संजय कुमार मूल रूप से ग्राम डेलना थाना झबरेडा हरिद्वार के रहने वाले थे।

### डीबीएस को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

**देहरादून।** डीबीएस कॉलेज को गुणवत्ता प्रबंधन एवं उत्कृष्ट शिक्षा के लिए आईएसओ ने प्रमाण पत्र प्रदान किया है। प्राचार्य प्रो. वीसी पाण्डेय ने बताया कि महाविद्यालय को गुणवत्ता प्रबंधन, पर्यावरणीय प्रबंधन, व्यावसायिक स्वास्थ्य व सुरक्षा प्रबंधन के लिए आईएसओ से प्रमाण पत्र मिला है। उन्होंने कहा कि नैक से मूल्यांकन होने के साथ ही डीबीएस को सीपीई का दर्जा भी प्राप्त है। आईएसओ प्रमाण पत्र मिलने पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य डा. अनिल पाल, डा. एबी बाजपेयी, डा. अजय कुमार, डा. परितोष सिंह, डा. संजय सिंह राणा, डा. राजलक्ष्मी दत्ता, डा. सौरभ कुमार श्रीवास्तव, राम सुभग आदि ने हर्ष जताया।

### स्ट्रीट क्राइम में एक दबोचा

**देहरादून।** पुलिस ने स्ट्रीट क्राइम की एक घटना का खुलासा किया है। नेहरू कॉलोनी पुलिस के अनुसार 27 जुलाई को सचिन कुमार ने सूचना दी कि सिटी कैमिस्ट शॉप के पास पीछे से आया एक बदमाश उनके हाथ से टैबलेट छीनकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित विकास कुमार निवासी राजीव नगर नेहरू कालोनी को बद्रीश कॉलोनी के जंगल से गिरफ्तार कर लूटा गया टैबलेट बरामद कर लिया है।

# डेंगू से बचाव को प्रशासन अलर्ट

## 29 लोगों का चालान, 70 हजार से अधिक वसूले

- नगर निगम की तीन टीमों ने किया शहर में विभिन्न इलाकों का निरीक्षण
- प्रतिष्ठान व निर्माणाधीन भवनों के बेसमेंट में मिला जमा हुआ पानी



■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून।**

डेंगू से बचाव के लिए नगर निगम प्रशासन हर स्तर पर कदम उठा रहा है। इस क्रम में नगर निगम की तीन टीमों ने सोमवार को शहर में विभिन्न इलाकों का निरीक्षण कर जलभराव की स्थिति देखी। जिन प्रतिष्ठान या संस्थान परिसर में जलभराव मिला उनका चालान किया गया। मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीमों ने विभिन्न स्थानों पर निर्माणाधीन भवन, स्कूल, मॉल, कोचिंग संस्थान, नर्सरी आदि का निरीक्षण किया और उनके बेसमेंट में जलभराव की स्थिति देखी।

कई प्रतिष्ठान व निर्माणाधीन भवनों के बेसमेंट जलभराव मिला। जिस पर नगर निगम की टीम द्वारा संबंधित प्रतिष्ठान और भवन स्वामी का चालान काटा गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि बेसमेंट में दोबारा जलभराव मिला तो उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टीम को आज 29 स्थानों पर जलभराव और उनमें मच्छर का लार्वा पनपा मिला। इन सभी का चालान कर साढ़े 70 हजार रुपए से अधिक वसूले।

टीम नें मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अविनाश खन्ना, सफाई निरीक्षक राजेश बहुगुणा, महिपाल गहलोत, मनोज कोली, राजेश पंवार, भूपेंद्र पंवार, पुष्णा रौथाण, विश्वनाथ आदि शामिल रहे।

## सीएमओ को निरीक्षण कर व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश

**देहरादून (एसएनबी)।** डेंगू को लेकर प्रशासन सचेत है। जनमानस से डेंगू से बचाव के लिए जागरूक रहने और अपने आस पास पानी जमा न होने देने का अनुरोध किया जा रहा है।

यह बात जिलाधिकारी सोनिका ने सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने अवगत कराया कि डेंगू के दृष्टिगत जिला प्रशासन की टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर सर्वे किया जा रहा है। नगर निगम देहरादून में डेंगू के दृष्टिगत लगभग 14 संवेदनशील तथा ऋषिकेश में लगभग आठ संवदेनशील क्षेत्र हैं। पानी जमा होने तथा डेंगू का लार्वा पाए जाने पर अभी तक 70 हजार धनराशि से अधिक के चालान कर दिए गए हैं। इसके साथ ही जहां अधिक लार्वा मिल रहा है, ऐसे क्षेत्रों को संवेदनशील क्षेत्रों में रखा गया है। सरकारी तथा निजी चिकित्सालयों में बैड, दवाई आदि समुचित व्यवस्थाएं बनाने तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को चिकित्सालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी स्कूलों को निर्देशित करा दिया गया है कि डेंगू से बचाव के लिए बच्चों को फुल बाजू की ड्रेस में स्कूल में बुलाया जाए। साथ सभी जनमानस से अनुरोध किया है कि अपने आसपास सफाई रखें तथा पानी जमा न होने दें। घरों में कूलर का पानी बदलते रहे तथा गमलों में और उसके आसपास पानी जमा न होने दें।

उन्होंने अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने की अपील की है। इसके अलावा जिलाधिकारी ने समस्त जनमानस से अनुरोध किया है कि डेंगू से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या एवं शिकायत तथा चिकित्सकीय परामर्श के लिए टोल फ्री नंबर 1800 1802525 पर संपर्क किया जा सकता है।

# उधार के 70 लाख मांगे तो तान दी पिस्तौल

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून।**



- पीड़ित की शिकायत पर राजपुर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा किया दर्ज

अपने परिचित के कहने पर एक शख्स को 70 लाख रुपये उधार देना एक व्यक्ति को महंगा पड़ा। रकम वापस मांगने पर दूसरे पक्ष ने उस पर पिस्तौल तान कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर राजपुर पुलिस ने दो लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बंगाली कोठी के रहने वाले सुनील जुयाल ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि 30 मई को उसके एक परिचित महेन्द्र सिंह निवासी दून ने उसे अपने विश्वास में लेकर अपने दोस्त मानव शर्मा निवासी बडौल बागपत उत्तर प्रदेश (हाल निवासी दून) को 70 लाख रुपये उधार दिलवाए थे। रुपये वापस मांगने पर मानव शर्मा ने देने से मना कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौच की। जिसमें उसके साथ अंकित राठी नाम का युवक भी शामिल था। जिसके बाद उसने इसकी शिकायत राजपुर थाने में दी था। जिस पर आरोपितों को तीन जुलाई को थाने बुलाया गया। उसने एक शिकायत पांच जुलाई को सीएम पोर्टल पर भी की थी। राजपुर थाने में आरोपितों ने अपनी गलती मानते हुए एक सप्ताह के अन्दर रकम लौटाने की बात कही। इसके एक -दो दिन बाद आरोपितों ने उसे रकम देने के लिए राजपुर बुलाया और उसे अपने गाड़ी में बैठाकर रकम दिखाई पर दी नहीं। उस पर पिस्तौल तानते हुए उसके साथ मारपीट की और धमकाकर गाली -गलौच करने लगे। उन्होंने धमकी दी कि दोबारा रकम मांगी तो जान से मार देगे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित मानव शर्मा और अंकित राठी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सड़क बनी तालाब



भारी बारिश से दून अस्पताल चौक पर सड़क पर हुआ जलभराव।

# फर्जी तरीके से जमीन बेचने का प्रयास

- तीन आरोपित नामजद, राजपुर पुलिस कर रही मामले की छानबीन

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून।**



भिलाई इस्पात संयंत्र (केन्द्र शासन उपक्रम) के मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) की देहरादून स्थित जमीन कुछ लोगों ने फर्जी पावर ऑफ अटार्नी के जरिए बेचने की कोशिश की है। पावर ऑफ अटार्नी पर किसी अन्य शख्स की फोटो लगाई गई है। शिकायत पर राजपुर पुलिस ने तीन आरोपितों को नामजद करते हुए जांच शुरू कर दी है।

मामले में राधिका रॉयल अपार्टमेंट चन्द्रलोक नगर जुनवानी भिलाई के रहने वाले आसित साहा ने पुलिस को आशुतोष निवासी कुल्हान आरटीओ कार्यालय के पास, दीपक पाण्डे निवासी शाति विहार, गोविन्दगढ़ और अजय सोलंकी निवासी सौधोवाली कडोली सहस्त्रधारा रोड के खिलाफ शिकायत दी है। बताया कि उन्होंने देहरादून में 1988 में डाडाधोरन् में जमीन खरीदी थी। चूंकि वह अपनी नौकरी के सिलसिले में भिलाई दुर्ग में रहते है, जिस कारण रिटायरमेंट के बाद इस जमीन पर मकान का निर्माण करना चाहते है। कुछ दिनों से उनके मोबाइल पर देहरादून के कुछ नंबरों से उनके प्लाट को बेचने के संबंध में फोन आने लगे। उन्हें जानकारी मिली कि पावर ऑफ अटार्नी किसी आशुतोष नाम के व्यक्ति के नाम में है। जिसमें गवाह दीपक पाण्डे और अजय सोलंकी है। जबकि उन्होंने कभी भी कोई भी पावर ऑफ अटार्नी कभी भी निष्पादित नहीं की। जब उन्होंने क्रय करने वाले व्यक्तियों से पावर ऑफ अटार्नी मांगी तब यह जानकर हैरानी हुई कि किसी फर्जी शख्स ने उनके फोटो एवं आधार कार्ड की जगह किसी अन्य व्यक्ति की फोटो एवं आधार कार्ड लगाकर फर्जी पावर ऑफ अटार्नी बनाई है। जिसे बकायदा देहरादून रजिस्ट्रार कार्यालय में निष्पादित किया गया है। जिस से उनके प्लाट को बेचने के लिए उनके साथ धोखाधड़ी की जा रही है। पुलिस ने तीनों आरोपितों को नामजद करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## वाहन चोरी का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

- आरोपितों से चोरी की दो स्कूटी बरामद
- नशे की पूर्ति के लिए दिया था घटना को अंजाम

**देहरादून।** स्कूटी चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए नेहरू कालोनी पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की दोनों स्कूटी बरामद हुई हैं। नशे की लत को पूरा करने के लिए दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। नेहरू कालोनी पुलिस के अनुसार 22 जुलाई को अदिति डोभाल निवासी नंदादेवी एन्क्लेव बद्रीपुर ने शिकायत दी कि उनके घर के बाहर से चोरों ने उनकी स्कूटी को चोरी कर लिया है। दूसरे मामले में 23 जुलाई को निधि गुसाईं निवासी बद्रीपुर नेहरू कॉलोनी ने शिकायत दी कि उनके घर के बाहर से चोरों ने उनकी स्कूटी चोरी कर ली। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने चोरों की तलाश के प्रयास शुरू किए। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में विकास निवासी पंचपुरी मोहोला डालनवाला और दीपक निवासी एकता विहार रायपुर को चोरी की स्कूटी के साथ दीपनगर रेलवे पुल के नीचे से गिरफ्तार किया।

# भर्ती के लिए जाली दस्तावेज देने वालों पर हो कार्रवाई

- स्वास्थ्य मंत्री से मिला नर्सिंग महासंघ का प्रतिनिधिमंडल

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून।**

उत्तराखंड के प्राइवेट अस्पतालों में नौकरी कर रहे बाहरी राज्य के युवाओं द्वारा नर्सिंग भर्ती में शामिल होने और नौकरी प्राप्त करने के लिए गलत तरीके से दस्तावेज प्रस्तुत कर स्थाई निवास बनाए जाने के मामले को लेकर नर्सिंग महासंघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मंत्री को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि गलत तरीके से दस्तावेज बनाकर नर्सिंग के रिक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले बाहरी राज्यों के आवेदकों के आवेदन पत्रों को निरस्त किया जाए। जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को इस मामले में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इससे पहले महासंघ पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को पौध भेंट किया। कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के विजन से ही पिथौरागढ़ व हरिद्वार मेडिकल कालेज में भी नर्सिंग अधिकारियों के 480 पदों पर स्थाई नियुक्ति का रास्ता साफ हुआ है। वहीं, जिन लोगों का एक बार स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंक अधिकारी के पद पर चयन हो चुका है, उनके द्वारा दोबारा आवेदन करने पर हाईकोर्ट ने भी रोक लगा दी है। जिससे नए आवेदकों को नौकरी के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने मांग की है कि चिकित्सा शिक्षा मे नर्सिंग अधिकारी के जिन 1455 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है, उनमें किसी भी आवेदक के गलत या फर्जी दस्तावेज पाए जाते हैं तो उन्हें चिन्हित कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। मंत्री से मुलाकात करने वालों में महासंघ के अध्यक्ष हर्ष व्यास, मनीष चौहान, प्रीति मेहता, विनोद उनियाल, लोकेंद्र राणा, हरीश भट्ट, यशपाल रावत आदि शामिल रहे।



स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करता नर्सिंग महासंघ का प्रतिनिधिमंडल।

# रणबीर सिंह मौत मामले में सचिवालय कूच

- सुभाष रोड पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोका
- पुलिस से तीखी झड़प के बाद सड़क पर धरने पर बैठे

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून।**

देहरादून। न्यायिक अभिरक्षा में टिहरी निवासी रणबीर सिंह की मौत के मामले में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक संगठनों, महिला शक्ति ने सचिवालय कूच किया। रणबीर की पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ कूच में शामिल हुई। प्रदर्शनकारियों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच व परिजनों को मुआवजे देने की मांग की है।

सोमवार को सीपीएम, यूकेडी समेत विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता परेड ग्राउंड के पास जुटे। यहां से कनक चौक से परेड ग्राउंड चौक, सुभाष रोड होते हुए सचिवालय कूच किया। सुभाष रोड पहुंचते ही पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे नहीं जाने दिया। जिस पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प भी हुई। इस पर प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी शुरू कर दी प्रदर्शन सभा में परिवर्तित हो गया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि 22 जून को कोतवाली ऋषिकेश में पुलिस कर्मियों ने रणबीर सिंह को बुरी तरह से पीटा था। इसके बाद 25 जून को सुद्धोवाला जिला कारागार में रणबीर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरोप लगाया कि पुलिस ने फर्जी केस में रणबीर को ढालवाला टिहरी से पकड़ा था। 25 जून को रणबीर की पत्नी उससे मिलने जिला कारागार गई थी, तब उसकी हालत बेहद नाजुक थी। उन्होंने मामले की हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायधीश या सीबीआई से जांच करने, परिजनों को मुआवजा देने, परिजनों को सुरक्षा देने की मांग की है। उन्होंने इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। सिटी मजिस्ट्रेट ने प्रदर्शनकारियों को आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

प्रदर्शनकारियों में नवनीत गुसाईं अध्यक्ष आयूपी , अनंत आकाश सचिव सीपीआईएम, प्रमिला रावत यूकेडी नेत्री, लेखराज महामंत्री सीआईटीयू, सुरेन्द्र सिंह सजवाण, अशोक शर्मा, इंदु नौडियाल, राजेन्द्र नेगी, राजेन्द्र पुरोहित, शंभूप्रसाद ममगाईं, नितिन मलेठा, अनिता कोठियाल,शशि बंगवाल, विमला बहुगुणा,शैलेन्द्र परमार, आजम खान,वालेश बवानिया, अमित पंवार, कमरूद्दीन, बिजय भट्ट , इन्द्रेश नौटियाल, दीप्ति रावत बिष्ट, सोनिया आनंद , सुरेश कुमार, किशन गुनियाल, भगवंत पयाल, एसएस नेगी, नरेन्द्र, मोनिका, प्रेमा, सीमा लिंगवाल, बिंदा मिश्रा, माला गुरूंग, सुधा देवली, इस्लाम, ब्रह्मानंद कोठारी आदि शामिल थे।



सचिवालय कूच करते विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता।

# बिचौलियों की बातों में न आएं फरियादी: डीएम

- जनसुनवाई में 119 लोगों की शिकायतों पर अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून।**

जिलाधिकारी सोनिका ने सोमवार को ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 119 शिकायतों को सुना। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में शिकायतों को लेकर जनमानस से स्वयं मिलने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा शिकायत को लेकर स्वयं मिले बिचौलियों की बातों में न आएं।

जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने नाले की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतों पर मौका मुआवना का अतिक्रमण को ध्वस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम जमनपुर निवासी किसान ने शिकायत की कि उनकी खेती की भूमि पर पानी भर गया जिसे निकलवाने की मांग की गई। शिकायत पर उपजिलाधिकारी विकासनगर को कार्रवाई के निर्देश दिए। सुंदरवाला तपोवन में पहाड़ों से पानी के साथ आ रहे मलबे के घरों में घुसने की शिकायत पर नगर निगम को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा ईस्ट होपटाउन मौजा सुद्धोवाला झाजरा में दाखिल खारिज रोक की शिकायत पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को प्रकरण दिखवाने, रतनपुर कड़वा कालोनी में अवैध कब्जे पर अधूरी कार्रवाई की शिकायत पर सिंचाई विभाग व तहसीलदार विकासनगर को नियमानुसार कार्रवाई करने व हनोल में बाहरी व्यक्ति द्वारा ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जा की शिकायत पर उप जिलाधिकारी चकराता को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जय भारत सिंह, अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, प्रभागीय वनाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय जैन, उप जिलाधिकारी सदर हरिगिरि, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत राकेश कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी हेमलता गौड़ सहित विद्युत, एमडीडीए, सिंचाई, लोनिवि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, उप जिलाधिकारी विकासनगर, डोईवाला, चकराता, ऋषिकेश सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।



जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की शिकायत सुनतीं जिलाधिकारी सोनिका।

# भारतीय सेना व यूपीईएस के मध्य हुआ समझौता ज्ञापन

- सेना के अधिकारी, जवान व उनके आश्रितों को विभिन्न कोर्सों में शुल्क में मिलेगी छूट

**देहरादून (एसएनबी)।** भारतीय सेना और देहरादून स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम स्टडीज (यूपीईएस) के मध्य समझौता ज्ञापन हुआ है। जिसके तहत भारतीय सेना के अधिकारी, जवान और उनके पारिवारिक सदस्य यूनिवर्सिटी से कम शुल्क में विभिन्न कोर्स करने के साथ ही स्कॉलरशिप भी प्राप्त कर सकते हैं। सेना की ओर से कर्नल वीकेएस रावत और यूपीईएस के रजिस्ट्रार मनीष मदान ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। जो पांच साल की अवधि के लिए हुआ है।

बताया गया कि एमओयू का उद्देश्य सेना के जवानों और उनके आश्रितों को यूपीईएस में कराए जाने वाले विभिन्न व्यवसायिक कोर्सों में प्रवेश के लिए शुल्क में रियायत देना है। यूपीईएस सेना के अधिकारियों को एविएशन, एयरोनाटिक्स, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, साइंस एंड टेक्नोलाजी, लीगल स्टडीज, सप्लाई चैन आदि में पार्ट टाइम पीएचडी कोर्स करने की सुविधा भी देगा। इसके अलावा ऑनलाइन एमबीए, बीबीए, बीसीए, पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम व सर्टिफिकेट कोर्स करने की भी सुविधा मिलेगी, जिनके शुल्क में छूट निर्धारित की गई है। साथ ही सेना के आश्रितों जिन्होंने 12वीं की परीक्षा में 90 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें उच्च शिक्षा के लिए स्कालरशिप भी मिलेगी।



एमओयू साइन करते सेना व यूपीईएस अधिकारी

### बरसाती और छाता बांटे

**देहरादून।** कांवड मेला ड्यूटी में नियुक्त 120 अधिकारियों व कर्मचारियों को सोमवार को बरसाती और छतरियां बांटी गई। एसएसपी अजय सिंह द्वारा कांवड़ मेला में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियो के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करने को आदेशित किया गया था।

**सूचना**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जनकपुरी, नई दिल्ली द्वारा प्राप्त मानदेय पर ही एक अस्थाई गणित विषय हेतु सहायक अध्यापक की आवश्यकता है। योग्यता धारी अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशित तिथि से 15 दिन के अन्दर श्री नेपाली संस्कृत विद्यालय, लक्ष्मण झूला मार्ग, ऋषिकेश-249201 देहरादून को प्रेषित करें। साक्षात्कार की सूचना बाद में प्रेषित की जायेगी।

**नोटः- अनुभव एवं महिला अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।**

**प्रबंधक**

## संक्षिप्त खबरें

### टी स्टेट मार्ग का स्थायी समाधान निकालें अधिकारी : चमोली

**देहरादून।** धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग व दून टी स्टेट कम्पनी के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विधायक चमोली ने अधिकारियों को हरबंश वाला टी स्टेट सम्पर्क मार्ग का स्थायी समाधान निकालने का निर्देश दिया। सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित बैठक में धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने कहा कि सम्पर्क मार्ग का जल्द स्थायी समाधान निकाल कर जनता की परेशानी को दूर करें। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि टी स्टेट में कितनी भूमि राजस्व विभाग की हैं इसका पता लगाया जाएगा, ताकि सड़क की चौड़ाई 30 फिट की जा सके। विधायक ने कहा कि शासन ने सम्पर्क मार्ग के लिये दो करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान कर रखी है। बैठक में उपजिलाधिकारी हरि गिरी, तहसीलदार विवेक राजौरी, सहायक अभियंता दीप चंद नवानी, टी स्टेट कंपनी के निदेशक डीके सिह, मैनेजर नीरज शर्मा, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष रतन सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष जगदीश भदरी, मंडल उपाध्यक्ष वासु देव जखमोला, राहुल चौहान आदि मौजूद थे।

### उत्तराखंड में चलेगा व्हाट्सऐप का प्राइवेसी कैंपेन

**देहरादून।** व्हाट्सऐप ने नया प्राइवेसी कैंपेन शुरू किया है। कैंपन का मकसद यह बताना है कि व्हाट्सऐप पर आपकी बातचीत कितनी सुरक्षित है। यह राष्ट्रीय कैंपेन उत्तराखंड सहित आठ राज्यों में ओओएच, प्रिंट, डिजिटल और सिनेमाघरों में चलेगा। मेटा में कंज्यूमर मार्केटिंग के निदेशक व्योम प्रशांत ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया व्हाट्सऐप ने पिछले कुछ सालों में कई सिक्योरिटी फीचर्स एवं बिल्ट इन प्राइवेजी को शामिल किया है। इससे साफ हो जाता है कि व्हाट्सऐप अपने यूजर की गोपनीयता को बहुत महत्व देता है।

### मिड-बैंड स्पेक्ट्रम को नए सिरे से किया तैयार

**देहरादून।** भारती एयरटेल ने 5जी ट्रैफिक नेटवर्क से जुड़ी जरूरत में तेजी से होती वृद्धि पूरी करने व अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए अपने मौजूद मिड बैंड स्पेक्ट्रम को नए सिरे से व्यवस्थित करना शुरु कर दिया है। इसका उपयोग किए जाने पर ग्राहकों को बेहतर इनडोर कवरेज के अलावा पहले से अधिक तेज गति की ब्राउजिंग का लाभ मिलेगा।

## छात्र को दी प्रोत्साहन राशि


प्रोत्साहन राशि का चेक देते सभा के पदाधिकारी।

**देहरादून (एसएनबी)।** अखिल गढ़वाल सभा ने वर्ष 2024 कोटेश्वर प्रसाद शर्मा मंजेठा प्रोत्साहन राशि राजकीय इंटर कालेज दैणा के मेधावी छात्र अभय सिंह नेगी को प्रदान की। अखिल गढ़वाल सभा भवन में कार्यकारिणी सदस्यों ने राजकीय इंटर कालेज दैणा, रुद्रप्रयाग को 50 हजार की धनराशि प्रदान की। सभा के महासचिव गजेंद्र भंडारी ने बताया कि अभय एक होनहार छात्र है और वह एनडीए की तैयारी कर रहा है और सेना में जाकर देश सेवा करना चाहता है। परिवार की स्थिति ठीक न होने के बावजूद विषम परिस्थितियों में अभ्य ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभा के पदाधिकारियों ने कालेज के शिक्षकों का भी आभार प्रकट किया।

इस मौके पर सभा के अध्यक्ष रोशन धस्माना, उपाध्यक्ष निर्मला बिष्ट, सचिव दिनेश बौड़ाई, कोषाध्यक्ष संतोष गैरोला, सांस्कृतिक सचिव पंडित उदयशंकर भट्ट, संगठन सचिव डा. सूर्यप्रकाश भट्ट, प्रबंध सचिव विरेंद्र असवाल, दिनेश सकलानी, उद्बीर सिंह पंवार, वीरेंद्र असवाल, दयाराम सेमवाल आदि मौजूद थे।

## एनवायरमेंटल टेक्नोलॉजी के पहलुओं पर चर्चा

■ यूपीईएस में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून।**

यूपीईएस में एनवायरमेंटल टेक्नोलाजी विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान (यूसर्क) द्वारा सस्टेनेबिलिटी क्लस्टर के सहयोग से किया जा रहा है।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि यूसर्क की निदेशक प्रोफेसर (डा.) अनीता रावत ने कहा कि विद्यार्थियों में पर्यावरण विज्ञान से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रयोगात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अभिरुचि एवं नवाचार की भावना विकसित होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यूपीईएस के चांसलर डा. सुनील राय ने कहा कि इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सिद्धांत प्रयोगात्मक रूप से सीखने को मिलेंगे। कार्यक्रम समन्वयक व यूसर्क वैज्ञानिक डा. भवतोष शर्मा ने कहा एनवायरनमेंटल टेक्नोलाजी का मूलभूत एवं प्रायोगिक ज्ञान होना आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डा. रंजीत गौरव ने सस्टेनेबल गोल्स, क्लाइमेट चेंज एंड इम्पैक्ट आन एनवायरनमेंट, डा. राहुल सिलोरी ने वेस्ट वाटर मैनेजमेंट एंड इट्स एडवांस्ड टेक्नोलाजी विषय पर व्याख्यान दिया। डा. मधुवेन शर्मा व डा. कंचन बहुखंडी ने वाटर क्वालिटी मानिटरिंग एंड ट्रीटमेंट पर हैंडस आन ट्रेनिंग दी। वैज्ञानिक डा. ओम प्रकाश नौटियाल ने यूसर्क की वैज्ञानिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय उत्तरकाशी, पुरोला, चिन्यालीसौड, श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश, डीएवी पीजी कालेज, डीबीएस पीजी कालेज, उत्तरांचल विश्वविद्यालय के 25 स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

कार्यक्रम का संचालन डा. संजय भूटानी ने किया। कार्यक्रम में डा. स्वाती दत्ता, प्रोफेसर एसएम तौसीफ, डा. जितेन्द्र पांडे, उमेश जोशी, अरुण उनियाल, हरीश देवरानी, कनिका आदि मौजूद थे।


कार्यक्रम में विचार व्यक्त करती यूसर्क की निदेशक।

# भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय


श्री टपकेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

■ सावन के दूसरे सोमवार को स्थानीय लोगों व कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

**देहरादून(एसएनबी)।** सावन माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में कांवड़ियों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्री टपकेश्वर महादेव, श्री पृथ्वीनाथ महादेव, श्री जंगम शिवालय सहित तमाम शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। बम बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।

सावन के दूसरे सोमवार को मंदिरों में कांवडियों और श्रद्धालु ब्रह्ममुहूर्त से ही जलाभिषेक के लिए शिवालयों में पहुंचने लग गए थे। ब्रह्ममुहूर्त से शुरू हुआ जलाभिषेक का क्रम दोपहर तक अनवरत रूप से जारी रहा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध, फलफूल, धतूरा, बेलपत्र, दही आदि से अभिषेक कर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। श्री पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में श्रीश्री महंत 108 रवींद्र पुरी महाराज के सानिध्य में द्वितीय सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया। यहां भगवान भोलेनाथ को हरिद्वार लाए पवित्र गंगाजल, दूध, दही, पंचामृत, शहद आदि से रुद्री पाठों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक के पश्चात सभी को खीर का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर में कांवड़ियों ने भी जलाभिषेक किया। सायंकाल में श्री पृथ्वीनाथ महादेव का श्रृंगार किया गया। श्रृद्धालुओं ने श्रृंगार के दर्शन किए और आरती की। इस अवसर पर दिगंबर भागवत पुरी, दिगंबर दिनेश पुरी, नवीन गुप्ता, राजेंद्र आनंद, विक्की गोयल, रोहित अग्रवाल, शिवम, कार्तिक गर्ग, नमन कुमार गर्ग, सोहन लाल गर्ग, अराध्य मित्तल आदि थे।


जलाभिषेक के लिए लगी कतार।

### वाहनों और पैदल चलकर दून पहुंचे कांवड़िए

सावन के दूसरे सोमवार को श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर, श्री पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर आदि शिवालयों में कांवड़ियों ने भी जलार्पण किया। शहर के विभिन्न मार्गों पर कांवड़िए पैदल आते जाते नजर आए। हरिद्वार बाईपास और आईएसबीटी की तरफ से बड़े वाहनों में कावड़िए ऋषिकेश व हरिद्वार की ओर जा रहे थे। कानफोड़ आवाज से भगवान भोले के गीतों पर नाचते चल रहे थे। इससे हरिद्वार बाईपास और रिस्पना पुल की ओर जाम की स्थिति बनी रही।

### शिवालय पर चढ़ाया जल, बांटी खीर

**देहरादून (एसएनबी)।** सावन के दूसरे सोमवार को प्रेमनगर स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में आज शिवालय पर जल चढ़ाने के लिए सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लगी रही। भक्तों ने सभी की सुख व शांति की कामना कर शिवलिंग पर जल चढ़ाया। मंदिर के पुजारी राजू उपाध्याय ने भगवान शिव का पूजन किया। इसके बाद व्यापारियों व स्थानीय लोगों द्वारा प्रेमनगर चौक में श्रावण मास के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरित किया गया। सुभाष माकिन, अवतार कृष्ण, रवि भाटिया, मनोज बहल, संगीता भाटिया, विक्की वर्मा, संजय भाटिया, विक्की खन्ना, जगदीश गिरोटी, अर्जुन कोहली, कपिल भाटिया, जगमोहन आदि इस दौरान मौजूद रहे।


श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरित करते व्यापारी।

## धूमधाम से मनाया गया श्री गुरु हरकिशन साहिब का प्रकाश पर्व

■ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने गुरुद्वारा पहुंचकर लिया आशीर्वाद

**देहरादून(एसएनबी)।** श्री गुरुद्वारा हरकिशन साहिब पटेलनगर श्री गुरु हरकिशन साहिब का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने गुरुद्वारा पहुंचकर आशीर्वाद लिया। सोमवार की सुबह पंथ के कीर्तन जत्थे अमरीक सिंह कानपुर वाले, कुलविंदर सिंह, संत बाबा मनजीत सिंह ने गुरुवाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने श्री हरिकिशन साहिब के प्रकाश पर्व में सम्मिलित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि श्री हरिकिशन साहिब के जीवन और उनके उपदेश हमें सच्चाई, सेवा और समर्पण की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने श्री हरिकिशन साहिब के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। गुरुद्वारा में महाकीर्तन में सभी ने मिलकर श्री हरिकिशन साहिब के उपदेशों का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कैंट विधायक सविता कपूर, मुख्य सेवादार सरदार हरमोहिंदर सिंह, रमनप्रीत सिंह, दिलबाग सिंह आदि मौजूद थे।


विधानसभा अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट करते गुरुद्वारा के पदाधिकारी।

## पेरिस ओलंपिक में ऑब्जर्वर की भूमिका निभाएंगे धर्मेंद्र भट्ट

**देहरादून (एसएनबी)।** देहरादून बॉक्सिंग संघ के टेक्निकल एडवाइजर एशियाई मेडलिस्ट व पूर्व अपर निदेशक खेल डा. धर्मेंद्र प्रकाश भट्ट पेरिस ओलंपिक के भारतीय दल में बॉक्सिंग समीक्षक की भूमिका निभाएंगे। भारतीय दल में बॉक्सिंग समीक्षक के रूप में नियुक्त होने पर सोमवार को वह देहरादून से रवाना हो गए।

देहरादून बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ब्रिगेडियर पीएस गुरुंग (से.नि.) वाईएसएम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. जितेंद्र सिंह बुटोइया, उपाध्यक्ष कै बीएस रावत, महासचिव दुर्गा थापा क्षेत्री, सचिव अनिल चंद्र कंडवाल, कोषाध्यक्ष उमेश मौर्य, सहायक निदेशक संजीव कुमार पौरी, सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर विपिन बलूनी, बॉक्सिंग कोच प्रदीप कुमार ऐरी और खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए डा. भट्ट को विदाई देते हुए रवाना किया।



डा. धर्मेंद्र प्रकाश भट्ट मूल रूप से पिथौरागढ़ के रहने वाले हैं। वह एशियाई मेडलिस्ट होने के साथ-साथ अब तक कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भारतीय दल में शामिल रहे हैं। बॉक्सिंग में उनका सराहनीय योगदान रहा। खेल विभाग में अधिकारी के तौर पर भी उन्होंने भौतिक संसाधनों के साथ खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए विभाग का सहयोग किया और खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।

## प्रभावित लोगों को नुकसान की भरपाई के लिए शीघ्र मिले मुआवजा: राजकुमार

■ रिस्पना नदी के किनारे तारजाल लगाकर लोगों की सुरक्षा का डीएम से अनुरोध

**देहरादून (एसएनबी)।** पूर्व विधायक राजकुमार ने पिछले दिनों रिस्पना नदी का पानी लोगों के घरों में घुसने पर हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा देने की जिलाधिकारी सोनिका से मांग की है। साथ ही उन्होंने लोगों की सुरक्षा के लिए नदी किनारे जाल लगाए जाने का भी अनुरोध किया है।

जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा है कि पिछले दो दिन पहले रिस्पना नदी में पुस्ता तोड़कर लोगों के घरों में पानी घुस गया था। जिससे लोगों का काफी नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि शांति विहार, भगत सिंह कालोनी, नई बस्ती चंदर रोड, नेमी रोड, संजय कालोनी, पूरन बस्ती, महात्मा गांधी बस्ती, नई बस्ती बलबीर रोड व तेग बहादुर रोड सहित अन्य क्षेत्रों में पुस्ता बांध तोड़कर मलिन बस्तियों में पानी घुस गया था। जिससे इन सभी क्षेत्रों में लोगों का काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासियों के घरों का सभी सामान बिस्तर, खाने का सामान, टीवी, फ्रिज, अलमारी और सभी जरूरत की चीजें पानी से खराब हो गई है। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश हो रही है और नदियों का पानी बढ़ रहा है, जो दोबारा लोगों के घरों में घुस सकता है। उन्होंने कहा कि बाढ़ सुरक्षा आपदा को देखते हुए नदियों के किनारे जाल डालकर सुरक्षा की जाए। जिससे क्षेत्रवासियों की जान माल को बचाया जा सके। इसके साथ ही क्षेत्र का सर्वे कराकर सभी मलिन बस्तीवासियों के प्रभावित लोगों को शीघ्र ही उचित मुआवजा दिया जाए।

## सीनियर वर्ग में मंदाकिनी और जूनियर में सागवान सदन विजेता

■ हैरिटेज स्कूल में अंतर सदनीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

**देहरादून(एसएनबी)।** द हैरिटेज स्कूल में अंतर सदनीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीनियर वर्ग में मंदाकिनी व जूनियर वर्ग में सागवान सदन ने खिताब पर कब्जा जमाया।

सोमवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। सीनियर वर्ग में सागवान सदन व मंदाकिनी सदन के बीच फाइनल मैच हुआ जिसमें मंदाकिनी सदन के खिलाड़ी शुरुआती दौर से ही सागवान सदन पर हावी रहे। मंदाकिनी सदन ने लगातार दो सेटों में 2-0 से जीत दर्ज करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। जूनियर वर्ग का फाइनल भी सागवान एवं मंदाकिनी सदन के बीच खेला गया। मैच में सागवान सदन के खिलाड़ी ने शुरू से ही विपक्षी खिलाड़ी पर दवाब बनाते हुए अंक हासिल किये। सागवान सदन लगातार दो सेटों में 2-0 से जीत हासिल करते हुए विजेता घोषित हुआ। विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को शिक्षक मुनेश कहर ने प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन चौधरी अवधेश कुमार, प्रधानाचार्य डा. अंजू त्यागी समेत अनेक प्राध्यपक मौजूद थे।


विजेता खिलाड़ी को ट्राफी प्रदान करती शिक्षक।

## प्रोत्साहन योजना के लिए 296 ने दिया ट्रायल



**देहरादून।** मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत जनपद स्तरीय चयन ट्रायल में 296 बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। सोमवार को परेड ग्राउंड के बहुउद्देशीय क्रीड़ाहॉल में ट्रायल लिया गया। ट्रायल में 14 से 17 आयु वर्ग के 296 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। इसमें 197 छात्र और 99 छात्राएं शामिल थी। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी निधि बिंजोला ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं और मापदंडों के आधार पर खिलाड़ियों का ट्रायल लिया गया। योजना में जिले से 200 बालक-बालिकाओं का ट्रायल होना है।

# पौधरोपण को पर्व की तरह मनाना अत्यंत सराहनीय कार्य : कोश्यारी

**देहरादून (एसएनबी)।** माया देवी विश्वविद्यालय में हरेला उत्सव माह के तहत आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र भगत सिंह कोश्यारी ने पौधरोपण किया। विवि द्वारा सावन में वृक्षारोपण पर्व मनाया जा रहा है।

सोमवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि माया देवी विश्वविद्यालय की ओर से पौधरोपण को एक पर्व की तरह मनाना अत्यंत सराहनीय है। साथ ही उन्होंने विवि द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क मेडिकल कैंप, रक्तदान शिविर की सराहना की।

विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मनोहर लाल जुयाल ने बताया कि विवि कम शुल्क में पहाड़ के बच्चों को गुणवत्ता पर उच्च शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। विवि उपाध्यक्ष डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल ने कहा कि विगत वर्षों में विवि की ओर से पूरे प्रदेश में लगभग 2000 पेड़ लगाए जा चुके है। बताया कि विवि पहाड़ के बच्चों को होटल मैनेजमेंट के साथ-साथ अग्निवीर का भी प्रशिक्षण निःशुल्क दे रहा है। कुलपति डॉ.आशीष सेमवाल ने बताया कि विवि में छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के लिए आईबीएम के साथ करार किया है। समारोह में प्रभा जुयाल, डा. सीता जुयाल, सौरभ जुयाल, अंबिका जुयाल, सक्षम जुयाल, डा. मनीष पांडे, डा. विक्रम सिंह, डा. खूब सिंह आदि उपस्थित थे।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए।

## मूल्य आधारित शिक्षा छात्र का मूल अधिकार: बिष्ट

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून।**

राजकीय इंटर कालेज डोभालवाला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पढ़ाई, खेल समेत विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूल का निरीक्षण भी किया।

सोमवार को आयोजित समारोह में माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने तम्बाकू निषेध विषय पर ड्राइंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अनीशा (जीजीआईसी अजबपुर), मीरा कौर (गुरुनानक इंटर कालेज खुडबुडा), पलक (बन्नू इंटर कालेज), आयुष (जीआईसी डोभालवाला), फिजा (रेसकोर्स) को पुरस्कार प्रदान किया। साथ ही 12वीं व 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में 12वीं के कपिल, वन्दना व खुशबू एवं 10वीं बोर्ड परीक्षा के प्रियांशु, सुदीप, शिवा, अभिनव, दिनेश, अर्चित, सलमान, फरमान व अनन्या पाल शामिल थे। राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन पर स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में अभिषेक कुमार, सुन्दरम रावत, पिन्टू एवं राज्य स्तर पर अंकित कुमार, निखिल, रवि कुमार, साहित्य व आयुष को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा शत-प्रतिशत परीक्षाफल देने वाले शिक्षकों को भी पुरस्कृत किया गया। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने कहा कि वैज्ञानिक एवं मूल्याधारित सार्व भौमिक शिक्षा प्रत्येक छात्र-छात्रा का मूल अधिकार है जिसे उपलब्ध कराना शिक्षकों एवं विभाग के अधिकारियों का दायित्व है।

समारोह में प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक को सम्मानित किया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस मौके पर मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार, अर्जुन सिंह नेगी आदि मौजूद थे।

■ खेल व पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित



माध्यमिक शिक्षा निदेशक को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

भारत के औद्योगिक विकास के प्रणेता भारत रत्न जेआरडी टाटा जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन।

—— नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री



## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षक काली पट्टी बांधकर करेंगे विरोध

**मसूरी।** शिक्षकों के विरूद्ध अनुचित टिप्पणी करने के विरोध में जनपद के सभी शिक्षक 31 जुलाई तक इस घटना के विरोध में बांह में काली पट्टी बांध कर विरोध करेंगे। उत्तराखंड राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह रावत ने कहा कि शिक्षकों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 26 जुलाई को अजीम प्रेम जी सभागार में बाल अधिकार संरक्षक की अध्यक्ष ने सम्मनित शिक्षकों के विरुद्ध अनुचित टिप्पणी कर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाया है। इस क्रम में सभी शिक्षक 31 जुलाई तक कार्य दिवस में अपनी बांह में काली पट्टी बांध कर विरोध करेंगे।

### पेड़ गिरने से पांच घंटे बंद रहा यातायात



**मसूरी।** जेपी बैंड के समीप एक पेड़ गिरने से यातायात बंद हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पेड़ को काटकर यातायात सुचारू किया। रविवार की रात को हुई बारिश से जेपी बैंड के समीप एक पेड़ गिर गया। जिसकी सूचना पुलिस व फायर विभाग को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची व पेड़ को काटकर यातायात सुचारू किया। हालांकि मौके पर फायर की टीम भी पहुंच गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि रोड बंद होने से परेशानियों का सामना करना पड़ा व स्कूटर तक नहीं निकल पाये। पांच घंटे से अधिक समय तक रोड बंद रहा व पेड़ काटने के बाद सड़क पर यातायात बहाल हो पाया।

### जरूरतमंद छात्रों को दी सामग्री

**ऋषिकेश।** जीआईसी खदरी खड़कमाफ में ऋषिकेश आयुर्वेदिक डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. डीपी बलोदी ने अपने पिता भोला दत्त बलोदी की स्मृति में जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की। उन्होंने ने कक्षा 10 की टॉपर अंजली बिष्ट को नगद धन राशि भेंट की। मौके पर प्रधानाचार्य डीएस कंडारी, आरएस पुंडीर, आरके रतूड़ी, सुधीर दुबे, पीके चौधरी, एसएस श्रीवास्तव, सुनील कुमार, प्रतिभा सुयाल, मेघा रावत गिरीश नवानी, रीता रानी, मनोज कुमार सिंह, मनीषा जोशी एनके सिलस्वाल आदि रहे।

### परीक्षा परिणाम जल्द घोषित हो

**ऋषिकेश।** एबीवीपी ने श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में समस्याओं को लेकर नाराजगी जताई है। परिषद सदस्यों ने परिसर के प्रभारी निदेशक को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की। सोमवार को श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने निदेशक प्रभारी गुलशन कुमार ढींगरा को ज्ञापन सौंपा। विभाग संगठन मंत्री मनीष राय ने कहा कि बीएससी चौथे और द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित नहीं किए गए, जबकि एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम जल्द घोषित किए जाए। नूतन प्रवेश प्रथम एवं चतुर्थ मेरिट वालों के लिए फीस जमा करने हेतु पुनः वेबसाइट खोली जाए। बीए, बीएससी एवं बीकॉम में बची सीटों पर प्रवेश करनेके लिए पुनः वेबसाइट खोली जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला सह संयोजक अक्षत बिजल्वाण, विवेक शर्मा, कॉलेज सह मंत्री ऋषभ चौहान, मयंक भट्ट, कार्तिक आदि थे।

# चार लाख भक्तों ने किया जलाभिषेक

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

**ऋषिकेश।**

सावन के दूसरे सोमवार को नीलकंठ धाम में करीब चार लाख कांवड़ियों ने नीलकंठ महादेव का जलाभिषेक किया।

सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त से ही नीलकंठ मंदिर में कांवड़ियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई

- सावन के दूसरे सोमवार को नीलकंठ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब
- यातायात और सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी यात्रा मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर तैनात दिखे
- ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी पुलिस करती रही निगरानी

थी। ऋषिकेश में गंगा स्नान कर भोले भक्तों ने पवित्र यात्रा की शुरुआत की। मंदिर परिसर में लंबी-लंबी कतारों में लगकर कांवड़ियों ने भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक कर



सुख-समृद्धि की कामना की। कांवड़ियों के हुजूम के बीच बोल बम के जयकारों से मोटर और पैदल मार्ग दिनभर गुंजायमान रहा।

कांवड़ियों के लिए प्रशासन ने यात्रा मार्गों पर शौचालय और यूरीनल के साथ ही जगह-जगह पेयजल के अतिरिक्त इंतजाम भी जुटाए थे। उधर, यातायात और सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी भी यात्रा मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर तैनात दिखे। राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क की गश्ती टीमें भी वन क्षेत्र से होकर गुजर रहे पैदल मार्ग पर डटी रही। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी पुलिस कांवड़िये की निगरानी करती रही। डॉग और बम स्क्वायड की टीमें भी भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग करती नजर आई।

## वित्त मंत्री ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा

**ऋषिकेश (एसएनबी)।** कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सावन मास के द्वितीय सोमवार पर शिव भक्तों का तीर्थनगरी पहुंचने पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इस दौरान शिव भक्तों को कढ़ी चावल का प्रसाद भी वितरित किया। सोमवार को दून तिराहे पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अग्रवाल ने देश के विभिन्न राज्यों से उत्तराखंड आए कांवड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि तीर्थनगरी पूरे देश की श्रद्धा का केंद्र है। श्रावण मास में कावड़ यात्रा का विशेष महत्व है। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार को कावड़ियों का स्वागत करने का सौभाग्य मिला है। कावड़ यात्रा को सुगम सुरक्षित बनाकर सरकार इस यात्रा में कावड़ियों का सहयोगी बनकर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक राजपाल ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष सुमित पंवार, जिला उपाध्यक्ष दिनेश सती, नंदकिशोर जाटव, वन विकास निगम के सदस्य देवदत्त शर्मा, मंडल मंत्री दीपक बिष्ट, रीना शर्मा, शिवकुमार गौतम, संजीव पाल, राजू नरसिम्हा, विनोद भट्ट, ज्योति पांडे, पूर्णिमा तायल आदि उपस्थित रहे।



कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करते वित्त मंत्री।

## डाक कांवड़ से शहर का जीवन अस्त-व्यस्त

**ऋषिकेश (एसएनबी)।**

कांवड़ यात्रा में ऋषिकेश शहर में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यात्रा मार्गों पर कांवड़ियों की अत्यधिक भीड़ के चलते आसपास आने-जाने के लिए लोगों को सवारी वाहन नहीं मिल पा रहे हैं, तो नौकरी-पेशा लोगों को भी गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कतें आ रही हैं। कांवड़ियों के लिए बनी पांचों अस्थायी पार्किंग फुल हैं, जिसके चलते डाक कांवड़िये वाहन सड़कों के किनारे पार्क कर रहे हैं।

शहर और आसपास सड़क किनारों पर वाहन खड़े होने से लोगों को पैदल चलने के लिए भी जगह नहीं मिल पा रही है। हरिद्वार बाईपास मार्ग, हरिद्वार-ऋषिकेश नेशनल हाईवे के साथ एम्स के संपर्क मार्ग आईडीपीएल रोड पर कांवड़ वाहनों की पार्किंग बनी हुई है।

नगर में प्रवेश पर पाबंदी के बावजूद आईडीपीएल चेकपोस्ट से दोपहिया सवार शहर में पहुंच रहे हैं, जिससे शहर में व्यस्ततम सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ने से लोगों की मुश्किलें और ज्यादा बढ़ गई हैं। कई कांवड़ियों के दोपहिया वाहनों में साइलेंसर नहीं होने के चलते उनकी कान फोड़ू आवाज ने भी लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। नेशनल हाईवे से लेकर बाईपास मार्ग पर दनदनाते कांवड़ियों के वाहन गुजर रहे हैं।



तीर्थनगरी में लगी कांवड़ियों की भीड़।

## चिंताहरण मंदिर में की 108 दीपकों से भोलेनाथ की आरती

**चकराता (एसएनबी)।**

सावन के दूसरे सोमवार पर शिवालयों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में जलाभिषेक को पहुंचे। चकराता स्थित स्वयम्भू चिंताहरण महादेव मंदिर में विशेष संध्या आरती का आयोजन किया गया व श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेक प्रसाद ग्रहण किया। पछवादून के मंदिरों में भी बम बम भोले के जयकारे लगते रहे। चकराता के चिंताहरण मंदिर में स्वयम्भू शिवलिंग का सावन के प्रत्येक सोमवार को विशेष श्रृंगार किया जाता है। सावन के दूसरे सोमवार को शिवलिंग का विशेष श्रृंगार कर 108 दीपकों व द्रव्यों की विशेष आरती आयोजित की गई। मंदिर के पुजारी सिद्धेश्वर गिरी महाराज ने भोले नाथ का गुणगान किया। इस मौके पर दर्जनों लोगों ने मंदिर में माथा टेक भोले नाथ का आशीर्वाद ग्रहण किया। साथ ही बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर में भी भोलेनाथ का अभिषेक करने को भक्तों का तांता लगा रहा। पछुवादून के प्राचीन शिव मंदिर बाड़वाला, प्राचीन गणेश मंदिर कैनाल रोड, बूढा केदारेश्वर मंदिर, शिव मंदिर सेलाकुई में भी जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही।



चिंताहरण मंदिर चकराता ।

## कांवड़िये की बाइक में लगी आग

**ऋषिकेश।** श्री हेमकुंड गुरु द्वारा के पास कांवड़िये की चलती बाइक में आग लग गई, जिससे व्यस्ततम लक्ष्मणझूला रोड पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने फायर बिग्रेड के पहुंचने से पहले आग पर पानी डालकर काबू पा लिया।

सोमवार को मार्ग से पैदल और दोपहिया सवार कांवड़िये नीलकंठ की ओर से बढ़ रहे थे। इस बीच एक बाइक पर आग लग गई। सवार कांवड़िये में बाइक सड़क के बीच ही छोड़ किसी तरह से जान बचाई। धू-धू कर जलती बाइक से उठती आग की लपटों को देख कांवड़ियों के साथ स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यस्ततम मार्ग पर कांवड़ियों का हुजूम होने के चलते उन्हें अन्यत्र मार्ग से नीलकंठ की रवाना किया। बाइक की आग पर स्थानीय लोगों की मदद से पानी डालकर काबू पाया। एसएसआई उत्तम रमोला ने बताया कि यह घटना शॉर्ट सर्किट की वजह से हुई। बाइक सवार कांवड़िये की पहचान अजय कुमार निवासी रोहतक हरियाणा के रूप में हुई है।

## आवारा पशुओं के हमलों से लोग हो रहे चोटिल

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

**डोईवाला।**

नगर पालिका परिषद डोईवाला के आबादी क्षेत्र में आवारा पशुओं के आतंक से लोगों को दो चार होना पड़ रहा है। रेलवे रोड, ऋषिकेश रोड, मिल रोड, देहरादून रोड के अलावा प्रेमनगर बाजार आदि जगहों पर दर्जन भर आवारा पशुओं का हमेशा जमावाड़ा लगा

- फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं आवारा पशु

रहता है परंतु प्रशासन और नगर पालिका परिषद के अधिकारी और कर्मचारी का इससे कोई लेना देना नहीं है।

प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी दावा करते हैं कि नगर आवारा पशु मुक्त है, लेकिन ऐसा है तो फिर सड़कों पर आवारा पशुओं का झुंड कहां से आता है नगर पालिका परिषद का आवारा पशु पकड़ने का अभियान भी अब ठंडे बस्ते में चला गया है। कई बार तो पशु अचानक वाहनों के सामने आ जाते हैं जिससे वाहन चालक अपना संतुलन खो बैठता है और दुर्घटना का शिकार हो जाता है। साथ ही यह फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता भारत गुप्ता ने प्रशासन और नगर पालिका परिषद से मांग की है कि आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन और नगर पालिका परिषद केवल कागजों में ही आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाते हैं और नगर को आवारा पशु मुक्त बताते हैं लेकिन सच्चाई इनके बिल्कुल उलट है। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन व नगर पालिका परिषद जल्द आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए कार्रवाई करें।



सड़क पर लड़ते आवारा पशु।

## जौनसार में नुणाई मेले की शुरुआत

**चकराता (एसएनबी)।**

जौनसार बावर के प्रसिद्ध लोक पर्व नुणाई की शुरुआत सोमवार को खारसी गांव से हो गई। अगले सप्ताह मानथात में मेले के आयोजन के बाद यह त्योहार सम्पन्न होगा। हालांकि अब इस मेले का प्रचलन कम हो गया है लेकिन फिर भी इसे जौनसार के कुछ गांवों में धूमधाम से मनाया जाता है।

जौनसार बावर में नुणाई पर्व भेड़ पालकों का पर्व माना जाता है। यह त्यौहार सावन माह में कई खतों व गांव के निकट स्थित बुग्यालों में मनाया जाता है। जब भेड़ पालक कई माह के बाद अपनी भेड़ों के साथ बुग्यालों से अपने घर लौटते हैं तो उनके सकुशल घर वापसी को मेले के तौर पर मनाया जाता है। ग्रामीण उनके आने पर नाच गाने व महिलाएं मंगल गीत गाती हैं।

कई महीनों तक पहाड़ की ऊंचाई पर हरी घास चरने के बाद भेड़ों को नमक खिलाया जाता है जिस कारण इसका नाम नूणाई पड़ा। लेकिन अब ज्यादा भेड़पालक नहीं रहे लेकिन मेले को एक त्योहार के रूप में अभी भी मनाया जाता है। इस दिन देव मंदिर में पूजा अर्चना कर 21 अनाजों से विशेष रूप से बनाई जाने वाली सेरवा रोट को देवता को अर्पित किया जाता है। मेले में खाटूवा, जोगियो, थणता,पोखरी, पुन्हा, बिरपा आदि गांव शामिल हुए।



मेले में नृत्य करते लोग।

## छात्रों ने पोस्टर के माध्यम से दी हेपेटाइटिस से बचाव की जानकारी

**ऋषिकेश (एसएनबी)।**

हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एचआईएमएस) जौलीग्रांट में विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से हेपेटाइटिस से बचाव व उपचार की जानकारी दी।

सोमवार को स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के माईक्रोबॉयलोजी विभाग में एमबीबीएस

- एचआईएमएस जौलीग्रांट में मनाया विश्व हेपेटाइटिस दिवस

द्वितीय वर्ष के छात्रों ने पोस्टर के माध्यम से हेपेटाइटिस की रोकथाम और उपचार के बारे में जानकारी दी। माइक्रोबॉयोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. बरनाली काकाती ने छात्रों को जानकारी देते हुए बताया कि हेपेटाइटिस लिवर से जुड़ी एक बीमारी है, जिसमें लिवर में सूजन आ जाती है और इसके कारण कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है। हेपेटाइटिस आमतौर पर वायरल इफेक्शन के कारण होने वाली समस्या है। इसके अलावा अत्यधिक अल्कोहल लेने की आदत, टॉक्सिन, कुछ दवाएं, दूषित भोजन और पानी, और किसी विशेष तरह की मेडिकल कंडीशन के कारण भी हेपेटाइटिस की समस्या हो सकती है।

डॉ. गरिमा मित्तल ने कहा कि विश्व हेपेटाइटिस दिवस पूरे विश्व में इट्स टाईम टू एक्ट थीम पर मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य हेपेटाइटिस महामारी से निपटने के लिए समय पर उपचार और रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूक करना है।

निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. दुष्यंत गौड, डॉ. सोहेब अहमद, डॉ. स्मिता चंद्रा ने छात्रों की ओर से तैयार किये गये पोस्टर के विषय में छात्र-छात्राओं से जानकारी हासिल की। इस दौरान छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. आरती कोटवाल, डॉ. राजेन्द्र सिंह, डॉ. नुपुर कौल, डॉ. पीयूष कुमार रॉय, डॉ. अर्पणा सिंह आदि उपस्थित थे।



लोगों को जागरूक करते चिकित्सक।

## नुक्कड़ नाटक से देंगे स्वच्छता का संदेश

**ऋषिकेश (एसएनबी)।** स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंक हासिल करने के लिए नगर निगम प्रशासन अब नुक्कड़ नाटक का आयोजन करेगा। इसमें स्थानीय नागरिकों को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम से भी अवगत कराया जाएगा।

स्वच्छ ऋषिकेश-सुंदर ऋषिकेश के प्रति लोगों को नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रेरित करने का प्रयास होगा। यही नहीं नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा। नगर आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि नुक्कड़ नाटक श्रृंखला की स्वच्छ भारत मिशन और राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम पर आधारित होगी। इसमें दोनों कार्यक्रम के लक्ष्यों और उद्देश्यों हासिल करने में सहयोग के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा।

पहला नाटक कार्यक्रम मंगलवार यानी आज सुबह 11 नगर निगम परिसर में आयोजित होगा। इसी श्रृंखला में 29 नुक्कड़ नाटक भी होंगे, जो कि निगम के विभिन्न वार्डों में अलग-अलग दिन होंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि इस तरह के प्रयासों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में काफी सहयोग हासिल होगा। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से कार्यक्रम की सफलता को सहयोग की अपील भी की।

## जिया नेगी को किया सम्मानित

**डोईवाला (एसएनबी)।**

अगर मन में कुछ करने की लगन हो तो गरीबी आड़े नहींआती है। जिया नेगी क्षेत्र के सभी बच्चों के लिए एक मिसाल है, काह्नरवाला भानियावाला निवासी जिया नेगी सिपेट संस्थान से डीपीटी डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी चौथे सेमेस्टर में ऑल इंडिया में प्रथम स्थान हासिल किया है।

जिया नेगी के पिता जयपाल सिंह नेगी एक राज मिस्त्री का काम करते हैं और माता विनीता नेगी ग्रहणी हैं। भाजपा डोईवाला मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह नेगी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऑल इंडिया में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जिया नेगी को उनके घर जाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर हरीश कोठारी ने कहा कि जिया नेगी ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है यह क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। सरकार की ओर से पढ़ाई के लिए मदद का भरोसा भी दिलाया।

इस मौके पर पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष एडवोकेट सुनील शर्मा, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष राजपाल रावत, सामाजिक कार्यकर्ता राजन गोयल, गोपाल नेगी, युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री मनीष छेत्री ,आदेश पवार, राहुल भट्ट ,पूर्व सैनिक अब्बल सिंह सजवान, नीरज प्रजापति, चेत सिंह नेगी, जयपाल सिंह नेगी, विनीता नेगी, चन्द्र मोहन रावत, अंकुश, विक्की, विष्णु ध्यान सिंह नेगी आदि उपस्थित रहे।



जिया नेगी को सम्मानित करते भाजपाई।

## पानी की किल्लत दूर करने की लगाई गुहार

**श्यामपुर (एसएनबी)।**

गुमानीवाला क्षेत्र में लगभग 50 से 60 परिवार पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। कई बार जल संस्थान के अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद क्षेत्र में पानी की व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाई है। जिसके बाद अब ग्रामीणों ने जल संस्थान पहुंचकर ज्ञापन देकर

- ग्रामीणों ने जल संस्थान पहुंचकर सौंपा ज्ञापन
- गुमानीवाला क्षेत्र में 50 से 60 परिवार पानी की किल्लत से जूझ रहे

अपनी मांग रखी है।

बता दें कि भट्टोंवाला प्लांटेशन वॉड नंबर सात के लगभग 200 लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। जहां पिछले लंबे समय से ग्रामीणों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया है। जिसको लेकर गांव के लोगों में जल संस्थान के अधिकारियों के प्रति काफी गुस्सा है। इसी के तहत आज सोमवार को इंद्रानगर स्थित जल संस्थान में ग्रामीणों ने पहुंचकर अधिकारियों के सामने अपनी मांग रखी। इस दौरान लालमणि रतूड़ी ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा कई बार कहने के बावजूद भट्टोवाला प्लांटेशन क्षेत्र में पानी की सुचारू व्यवस्था नहीं हो पाई है। हालांकि फिलहाल विभाग द्वारा टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

उन्होंने कहा कि गांव के लोगों की मांग है कि पानी की समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र में कम से कम दो बोरिंग करवाई जाए। जिससे उक्त परिवारों को पानी की किल्लत से निजात मिल सके। वहीं, जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता अशोक सिंह ने कहा कि उक्त क्षेत्र की समस्या विभाग के संज्ञान में है। जल्द ही इस समस्या का जल्द ही समाधान किया जायेगा। इस दौरान विनोद सिंह राणा, भारत सिंह, रमेश सिंह, कविता रहा, चाँदनी, संतोषी, चंद्रकला देवी, प्रेम लाल, पूनम, मंजू, राम, नीलम, पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।



जल संस्थान अधिकारी को ज्ञापन देते ग्रामीण।

## वर्चुअल रजिस्ट्री के विरोध में वकीलों का कार्य बहिष्कार

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

**विकासनगर।**

प्रदेश में जमीनों की रजिस्ट्री और चालान को वर्चुअल माध्यम से किए जाने के विरोध में अधिवक्ता मुखर हो गए हैं। सोमवार को पछुवादून बार एसोसिएशन ने कार्य बहिष्कार कर इस प्रक्रिया का विरोध जताया। आरोप लगाया कि नई प्रक्रिया से बिचौलिए रजिस्ट्री कराने लगेगें, जिससे जनता और सरकार दोनों को नुकसान होगा।

- ऑनलाइन प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

बार एसोसिएशन के सचिव संजय गुप्ता ने कहा कि रजिस्ट्री, चालान की ऑनलाइन व्यवस्था से सबसे अधिक नुकसान सरकार को होगा। बिचौलियों के आने से सरकार को राजस्व की हानि होगी। उपनिबंधक कार्यालय में भी बिचौलियों की आमद शुरू हो जाएगी। आम आदमी को भी इस नई प्रक्रिया से नुकसान उठाना पड़ेगा। हर किसी को ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी नहीं होने से आम आदमी मजबूरी में बिचौलियों के पास जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में अधिवक्ता इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। बताया कि अभी एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया गया है, लेकिन जल्द इस प्रक्रिया पर रोक नहीं लगी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।

कार्य बहिष्कार करने वालों में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल कांडपाल, देहरादून बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव शर्मा, राजवीर सिंह, राजेश कुमार वर्मा, विवेक गुप्ता, बबीता शर्मा, आशा राम जोशी, मनोज शर्मा, रोशन नेगी, अनिल शर्मा, संदीप बर्त्वाल, अनिल गुलेरिया, राकेश शर्मा आदि शामिल रहे।

राहुल गांधी में संविधान के नियमों का पालन करने का कोई इरादा नजर नहीं आता।
—— अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री

# गढ़वाल आयुक्त ने किया राहत शिविर का निरीक्षण

■ आयुक्त गढ़वाल ने आपदा राहत शिविर राइका विनक खाल, तिनगढ़ गांव एवं बूढ़ाकेदार आपदाग्रस्त क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर लोगों की समस्याओं को सुना


गढ़वाल मंडल के आयुक्त आपदा राहत शिविर में प्रभावित लोगों की समस्या सुनते हुए।

नई टिहरी/एसएनबी। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने अस्थाई राहत शिविर में आपदा प्रभावितों और अधिकारियों के साथ बैठक कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि सरकार आपदा को लेकर संवेदनशील है और आपदा प्रभावितों के लिए हर संभव अच्छा करने में लगी है। मुख्यमंत्री ने भी सख्त निर्देश दिये हैं कि आपदा के कार्यों में पैसों की कमी आड़े न आने पाये। उन्होंने अस्थाई राहत शिविर में समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए शिविर में पॉवर बैकअप की व्यवस्था करने, टीवी की व्यवस्था, बच्चों की पढ़ाई, आजीविका आदि को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने जिलाधिकारी को लोगों की वैकल्पिक व्यवस्था करने, पांच स्थानों पर जगह चिन्हित कर पशुओं हेतु शेल्टर बनाने, क्षमतानुसार पशुओं को शिफ्ट करने तथा पशुओं हेतु चारा पानी की उचित व्यवस्था करने तथा तिनगढ़ गांव को प्राथमिकता पर पुनर्वास/विस्थापन की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि तिनगढ़ गांव के पुनर्वास/विस्थापन के लिए भूगर्भीय सर्वे कर लिया गया है और सैद्धान्तिक स्वीकृति मिल चुकी है।

उन्होंने जिलाधिकारी को तिनगढ़ गांव पुनर्वास के लिए ग्रामीणों और अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर भूमि चिन्हीकरण हेतु निरीक्षण करवाने के निर्देश दिए। जमीन उपलब्धता के अनुसार लोगों का पुनर्वास करने को कहा गया। तोली गांव को सर्वे रिपोर्ट के आधार पर द्वितीय चरण में लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बूढ़ाकेदार में बालगंगा एवं धर्मगंगा के किनारे क्षतिग्रस्त होती सड़क सुरक्षा के प्रारंभिक कार्यों के लिए 08 करोड़ की स्वीकृति मिल चुकी है। अधीक्षण अभियंता सिंचाई को कल तक इस्टीमेट डीएम को उपलब्ध कराने तथा टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर विधायक घनसाली शक्ति लाल शाह, एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, ब्लॉक प्रमुख भिलंगना वासुमती घणाता, एडीएम केके मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सिंचाई आरके गुप्ता, एसडीएम अपूर्वा सिंह आदि थे।

# मेधावियों की माताओं को कमला नेहरू सम्मान

पीएम श्री राइंका हरबर्टपुर में विद्यालय प्रबंधन विकास समिति और अभिभावकों की गोष्ठी आयोजित

■ विकासनगर/एसएनबी। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन विकास समिति और अभिभावकों की गोष्ठी आयोजित की गई। प्रधानाचार्य ने अभिभावकों और एसएमडीसी के सदस्यों को इस शिक्षा सत्र में कराए जाने वाले कार्यों, शिक्षणेत्तर गतिविधियों की जानकारी दी।

गोष्ठी के समापन पर मेधावी छात्र-छात्राओं की माताओं को कमला नेहरू सम्मान से नवाजा गया। प्रधानाचार्य अवनींद्र बड़थ्वाल ने कहा शिक्षक, एसएमडीसी और अभिभावक तीनों मिलकर छात्रों का भविष्य तय करते हैं। तीनों का ही दायित्व समान है। अभिभावकों को बताया कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। मेधावी छात्रों को कई छात्रवृत्तियों का लाभ मिल रहा है। उन्होंने सभी अभिभावकों को लगातार स्कूल के संपर्क में रहने की सलाह दी। गोष्ठी के समापन पर तीस मेधावी छात्राओं की माताओं को कमला नेहरू सम्मान से नवाजा गया। इस दौरान जितेंद्र गोस्वामी, सुमन गुप्ता, निशा खत्री राणा आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर महर्षि अरविंद घोष साइंस इंटर कॉलेज डाकपत्थर में 55 छात्र-छात्राओं को कमला नेहरू सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य अरुण डबराल, कुंवर सिंह राय आदि मौजूद रहे।


माताओं को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

# जौनसार के 18 मोटर मार्ग बाधित

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
चकराता।

रविवार रात हुई बारिश से जौनसार बावर क्षेत्र के कुल 18 मार्गो पर मलवा आ गया। जिस कारण सोमवार को मार्ग यातायात के लिए बाधित रहे।

एक सप्ताह बाद खुला बोसान बेंड मोटर मार्ग फिर बंद हो गया। जबकि सात मोटर मार्ग पिछले तीन दिन से बंद हैं। क्षेत्र के बिजऊ कोफ्टी जोशी गांव मोटर मार्ग, दातनु बडनु मोटर मार्ग, गडोल सकरोल मोटर मार्ग, मसूरी चकराता से गोई छनास मोटर मार्ग, काहा नेहरा पुनहा मोटर मार्ग, शम्भू की चौकी पंजिया बनसार मोटर मार्ग, डयूडीलानी से ढलीन सकरोल मोटर मार्ग, ठलीन बड़ेथ पिनगिरी मोटर मार्ग पर दूसरे दिन भी यातायात ठप रहा जिससे ग्रामीण अपनी नकदी फसलों को मंडी तक नहीं पहुंचा पाए। लोक निर्माण विभाग चकराता के अंतर्गत आने वाले खारसी मोटर मार्ग, कोटी बावर मोटर मार्ग पर तीन जगह मलवा आने से यातायात बाधित रहा। साथ ही क्षेत्र के रावना पुरोड़ी मोटर मार्ग, टुंगरा सम्पर्क मार्ग भी कई दिन से बंद है। इन मार्गो से जुड़े लोगों के लिए रावना सम्पर्क मार्ग व लागापोखरी सम्पर्क मार्ग से वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। उधर लोक निर्माण विभाग सहिया के अंतर्गत आने वाले सहिया क्वानु मोटर मार्ग, कालसी बैराटखाई मोटर मार्ग, नराया लोरली अप्टाड, मंगरोली चकराता मोटर मार्ग, माडठा लकवान मोटर मार्ग, पीएमजीएसवाई कालसी का बोसान बेंड सम्पर्क मार्ग मलवा आने से यातायात के लिये बाधित रहे।


मार्ग से मलवा हटाती जेसीबी।

एक सप्ताह बाद खुला बोसान बेंड मोटर मार्ग फिर हुआ बंद

सोमवार सुबह सरकारी दफ्तर खुलने से पिछले कई दिनों से रुके हुए काम निपटाने के लिए आज भी कई ग्रामीण नहीं जा पाए। जिससे चकराता साहिया कालसी स्थित सरकारी कार्यालयों में चहल पहल कम नजर आई। जबकि कई मार्गों के दो तीन दिन से बाधित रहने से कई जगह ग्रामीणों की फसल गांव में खराब होने की संभावना देखते हुए किसान पीठ पर फसल को मुख्य मार्ग तक पहुंचा रहे हैं, लेकिन समय पर मंडी नहीं पहुंचने से उन्हें उचित दाम नहीं मिल रहा है।

अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग चकराता ललित कुमार गोयल ने बताया कि लगातार हुई बारिश से कई जगह भारी मलवा आया हुआ है। कई मार्गो पर बार बार मलवा आ रहा है जिससे मार्ग खुलने के कुछ देर में ही बंद हो रहे हैं। बावजूद इसके विभाग सभी मार्ग खुलवाने को जुटा हुआ है, जिससे आम जन को परेशानी न हो।

## कार्यकाल बढ़ाने को ब्लाकों में तालाबंदी आज

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
गापेश्वर।

त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाये जाने की मांग को लेकर प्रधान मंगलवार को ब्लॉक कार्यालयों में तालाबंदी करेंगे प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी और दशोली ब्लॉक के अध्यक्ष नयन सिंह कुंवर ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाते हुए उत्तराखंड राज्य के स्तरीय पंचायत चुनाव हरिद्वार जनपद के साथ कराये जाने की मांग को लेकर पंचायत राज निदेशालय में धरना चल रहा है। इसके बावजूद सरकार द्वारा इस विषय का संज्ञान नहीं लिया जा रहा है, यही नहीं संगठन को वार्ता के लिए भी नहीं बुलाया जा रहा है।

अब मंगलवार को सभी ब्लाकों में तालाबंदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि तालाबंदी कार्यक्रम में प्रधान, बीडीसी मेंबर, जिला पंचायत सदस्य तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिभाग करेंगे। यह कार्यक्रम प्रातः 11.30 बजे से अपराह्न 5 बजे तक चलेगा।

# प्रधानाध्यापक तैनात किए जाएं

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी ने जिला शिक्षाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
विकासनगर।

उच्च प्राथमिक विद्यालयों (जूनियर हाईस्कूल) में लंबे समय से प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति नहीं होने से शिक्षकों में नाराजगी है।

सोमवार को जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी ने जिला शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति से समेत अन्य लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की। जूहा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सूरज मंद्रवाल ने बताया कि बीते कई साल से जनपद के जूनियर हाईस्कूलों में प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति नहीं हुई है, जिससे अधिकांश विद्यालय प्रधानाध्यापक विहीन हैं। पदोन्नति नहीं होने से कई सहायक अध्यापक एक ही पद पर सेवा देकर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे सेवाकाल में तीन पदोन्नति के अवसर दिए जाने चाहिए, लेकिन जूनियर हाईस्कूलों में तैनात कई शिक्षकों को एक पदोन्नति भी नहीं मिल रही है। इसके साथ ही छात्रहित में सभी रिक्त पदों पर शिक्षकों की तैनाती की जानी जरूरी है। आदर्श विद्यालयों में तैनात कई शिक्षक सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उन विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती के लिए विज्ञप्ति जारी करने की मांग भी जिला शिक्षाधिकारी से की गई। वहीं, तीन माह से लंबित पड़े चयन, प्रोन्नत वेतनमान लागू करने की प्रक्रिया को भी जल्द पूरा करने समेत कई अन्य मांगे रखी गई।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिला महामंत्री अश्वनी भट्ट, विपिन मेहता, बीरबल सिंह कश्यप, आनंद सिंह, अजय राणा, देवेंद्र कुमार सिद्धवाल, अजय सैनी, राजेश कुमार, दुर्गा चौहान, रेणू काला, सुरक्षा चौहान, नीमेश डंगवाल आदि शामिल रहे।

# रोटरी क्लब ने आयोजित किया अधिष्ठापन समारोह

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
मसूरी।

रोटरी क्लब मसूरी के वर्ष 2024- 25 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय जैन को कॉलर पहनाकर व नई टीम का परिचय लेकर मुख्य अतिथि रोटरी मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश ने अधिष्ठापित किया।

अधिष्ठापन समारोह में वर्तमान अध्यक्ष फिरोज अली ने सभी का स्वागत किया। सचिव नितिन गोयल ने क्लब गतिविधियों की अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि क्लब सदस्यों व वरिष्ठ सदस्यों के सहयोग से नई कार्यकारिणी कार्य करेगी।

इस मौके पर उन्होंने आगामी वर्ष के लिए अपनी प्रस्तावित योजनाओं और परियोजनाओं की रूपरेखा के बारे में भी जानकारी दी। मुख्य अतिथि रोटरी मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश का विशेष आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान रोटरी क्लब में नये सदस्य त्रिपतिंदर सिंह मनचंदा को शामिल किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए डीजीई रवि प्रकाश ने सभी रोटरी प्रोटोकॉल का पालन करने और एक अनुकरणीय प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित करने के लिए रोटरी क्लब ऑफ मसूरी की सराहना की। समारोह में पुनीत टंडन, अतुल कुमार, हेमंत कोचर, गीतांजलि, अश्विनी मित्तल, दिनेश जैन, मनमोहन कर्णवाल, दीपक गुप्ता, विपुल मित्तल, मनमोहन कर्णवाल, योगिता गोयल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह, दीपक गुप्ता, सुविज्ञ सब्बरवाल, नूपुर कर्णवाल केंद्रा, नितेश मोहन अग्रवाल, रजत अग्रवाल, संदीप साहनी, संजय अग्रवाल आदि मौजूद थे।


समारोह में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य।

सचिव नितिन गोयल ने क्लब गतिविधियों की अंतिम रिपोर्ट की प्रस्तुत

# 535 करोड़ से सीवरेज व वाटर सिस्टम होगा दुरुस्त

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
विकासनगर।

विकासनगर नगर पालिका क्षेत्र में सीवरेज सिस्टम के साथ ही पानी की आपूर्ति में जल्द सुधार होगा। इसके लिए 533 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। कार्यदायी संस्था यूयूएसडी(अरबन सेक्टर डेवलपमेंट ऑथोरिटी) ने बाकायदा इसके टेंडर भी जारी कर दिए हैं। अगले दो हफ्ते के अंदर योजना के अंतर्गत कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

सोमवार को विधायक मुन्ना सिंह चौहान के समक्ष यूयूएसडी के अधिकारियों ने योजना का खाका सामने रखा। विकासनगर में काफी लंबे समय से सीवर लाइन बिछाने की मांग चल रही थी। इसके साथ ही पेयजल आपूर्ति भी नगर की ठीक नहीं है। लेकिन अब न केवल विकासनगर नगर पालिका क्षेत्र का सीवरेज नेटवर्क मजबूत होगा, बल्कि लोगों को हफ्ते में सातों दिन 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति भी होगी। वर्ल्ड बैंक की स्कीम के तहत इसके लिए 535 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। अरबन सेक्टर डेवलेपमेंट ऑथोरिटी इस कार्य को करेगी। सोमवार को यूयूएसडी के अधिकारियों ने नगर पालिका कार्यालय में योजना का पूरा खाका विधायक मुन्ना सिंह चौहान के सामने रखा। विधायक ने योजना के बारे में पूरी जानकारी कंसेल्टेंट एजेंसी टाटा इंजीनियर्स से ली। विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि यह योजना विकासनगर के लिए काफी महत्वपूर्ण है। योजना को देखभाल स्वयं ऑथोरिटी 21 साल तक करेगी। विधायक ने कहा कि योजना के संबंध में सभी विभागों की बैठक बुलाई जाएगी। ताकि कार्य प्रारंभ करने में कोई परेशानी न हो। इस दौरान विधायक ने नगर पालिका को शहर के लिहाज से अन्य योजनाएं भी तैयार करने को कहा।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख जसविंदर सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शांति जुवांठा, नीरज अग्रवाल, रोशन नेगी, हरफूल महावर, विरेंद्र सिंह, हितेश शर्मा, राजीव कुमार, जितेंद्र त्यागी, नगर पालिका अधिशासी अभियंता बद्री भट्ट, यूयूएसडी के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

वर्ल्ड बैंक की स्कीम के तहत योजना के लिए 535 करोड़ रुपये स्वीकृत


बैठक में अधिकारियों से वार्ता करते विधायक।

## दून की मेघना को लंदन में मिला अचीवर्स अवॉर्ड

देहरादून (एसएनबी)। उत्तराखंड की बेटियां आज देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इसी कड़ी में देहरादून निवासी मेघना वल्लभ जोशी को लंदन (यूके) में आयोजित एक समारोह में एनआरआई अचीवर्स अवार्ड से नवाजा गया। मेघना को उक्त सम्मान बाल संरक्षण व परोपकार के क्षेत्र में सकारात्मक कार्य के लिए प्रदान किया गया। नेहरुग्राम निवासी चांद वल्लभ की बेटी मेघना वल्लभ जोशी ने एक मैराथन धावक होने के साथ ही पर्वतारोही भी हैं। उन्होंने माउंट किलिमंजारो को फतह किया है। मेघना बेकिंग विशेषज्ञ, थिएटर आर्टिस्ट के साथ ही नृत्यांगना भी है। मेघना ने न्यूयार्क और पेरिस फैशन वीक में माडलिंग कर कई पुरस्कार अपने नाम कर चुकी है। इसके अलावा मेघना बच्चों के अधिकारों की सशक्त समर्थक रही हैं और कई गैर लाभकारी संगठनों के साथ मिलकर बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। वह अमेरिका में अपनी सामाजिक संस्था के जरिये विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए कार्य कर रही है। इसी कड़ी में लंदन में आयोजित समारोह में तृतीय एनआरआई अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया।


मेघना वल्लभ जोशी।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता रा.मा. खण्ड लो.नि.वि., रूद्रप्रयाग

Email: eenhrprayag@gmail.com

पत्रांक:1547/निविदा सूचना दिनांक 29.07.2024

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल बिड प्रणाली** के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना वैबसाईट http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 30.07.2024 से उपलब्ध होगी।

कार्य का विवरण

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य समाप्ति की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Kaliyasaur Bypass having provision of 3 no bridges (182.1m, 250.00m & 162.10m) and 2 lane road with paved shoulders configuration & strengthening of NH-58 from Km 349.800 to Km 355.495 (Total 3.22 Km) in the State of Uttarakhand under EPC Mode. के Contingency मद से "Slope protection measures work for Sirobagarh Slide NH 07 (Old 58) in Ch. 350.800 to 350.821 (SDRA एवं CC Cladding wall द्वारा)" | 137000.00 | 3000+ 18% GST | 45 Days | 1 Month | मार्ग निर्माण कार्य में डी एवं उच्चतर श्रेणी |

ई-निविदा दिनांक 08.08.2024 को 3.00 बजे अपराह्न खोली जाएगी, निविदा हेतु दिनांक 07.08.2024 को सायं 5.00 बजे तक निम्न अभिलेख मूल में भौतिक रूप से इस कार्यालय में जमा करनी होगी तथा इन अभिलेखों को ऑन लाईन अपलोड भी किया जाना आवश्यक होगा।
1. धरोहर धनराशि की एफ.डी.आर. अधिशासी अभियन्ता, रा.मा. खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग के पदनाम बन्धक हो।
2. निविदा शुल्क डिमाण्ड ड्राफ्ट अधिशासी अभियन्ता, रा.मा. खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग के नाम बन्धक हो। निविदा शुल्क रु. 3000.00+(18 प्रतिशत जी.एस.टी.) के दोनों बैंक ड्राफ्ट अलग-अलग दिये जाय।
3. रु. 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रु. 1.00 के रेवेन्यू स्टाम्प पर हस्ताक्षर सहित (वैधता हेतु)।
4. विभाग में पंजीकरण की प्रति।

अधिशासी अभियन्ता,
रा.मा.खण्ड, लो.नि.वि., रूद्रप्रयाग


## छात्राओं को दी महिला संरक्षण कानून की जानकारी

मसूरी (एसएनबी)। मिशन शक्ति के अंतर्गत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत शहंशाही इंटर कॉलेज में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें स्कूल की कक्षा 9 से कक्षा 12वीं तक की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला संरक्षण अधिनियम के तहत कानूनी जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिसमें घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, बाल विवाह, दहेज निषेध, गर्भपात आदि की जानकारी दी गई। वहीं, नंदा गौरा देवी योजनाओं के लाभ के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रजनी गुलेरिया ने बताया कि कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी 13 जिलों के सभी ब्लॉकों में एक माह तक बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नंदा गौरा देवी योजना के तहत 12वीं पास करने वाली प्रत्येक छात्र को 51000 की राशि दी जा रही है और सहसपुर ब्लॉक के अंतर्गत शहंशाही इंटर कॉलेज में बालिकाओं को जागरूक किया गया है। इस मौके पर सीडीपीओ रेनुलामा, मुख्य सेविका सीमा आर्य, मुख्य सेविका गीता डिमरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रजनी गुलेरिया आंगनबाड़ी सहायिका कुसमा देवी, रचना, शोभा, सविता, किरण, पूनम, अधिकारी, अनुराधा पाल आदि थे।

## शिवानी गुप्ता ने जीता रजत पदक

ऋषिकेश/एसएनबी। गोवा में आयोजित पेडेम इंडोर स्टेडियम, मापुसा वाको इंडिया सिनियर एंड मास्टर्स किक बॉक्सिंग नेशनल चैंपियनशिप में रजत पदक प्राप्त कर राज्य का मान बढ़ाया। उत्तराखंड राज्य की टीम से ऋषिकेश मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर की कोच एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिवानी गुप्ता ने उत्तराखंड अमेच्योर किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित वाको इंडिया सिनियर एंड मास्टर्स किक बॉक्सिंग नेशनल चैंपियनशिप जो कि गोवा में आयोजित पेडेम इंडोर स्टेडियम, मापुसा में 24 से 28 जुलाई तक आयोजित हुई। उसमें तीर्थ नगरी की बेटी शिवानी गुप्ता ने रिंग 1 इवेंट में रजत पदक प्राप्त कर उत्तराखंड का मान बढ़ाया। शिवानी गुप्ता ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। इस उपलब्धि में सभी खिलाड़ियों ने एवं वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल,उत्तराखंड एमेच्योर किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष सिहान अरविंद कोटनाला, महासचिव सतेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश मल, देवभूमि ऋषिकेश मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर अध्यक्ष सत्यवीर सिंह तोमर, महासचिव अलखेंद्र सिंह, विपिन डोगरा, प्रदीप कोहली , हरिचरण सिंह , प्रिंसी ने शुभकामनाएं दीं।


पदक विजेता शिवानी गुप्ता।


### ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति सहसपुर, ग्राम पंचायत सहसपुर, विकासखण्ड सहसपुर, पो० ओ० सहसपुर, जनपद देहरादून

**निविदा सूचना**

1. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्यो हेतु ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति सहसपुर, ग्राम पंचायत सहसपुर, विकासखण्ड सहसपुर जनपद देहरादून, अधिकृत ऐजेन्सियों से सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित करती है । विवरण निम्नवत् है :–

| S.NO. | Particulars |
|---|---|
| 1 | Supply of 120 liters pvc wheel dustbin pair |
| 2 | M.S. Partial Jali Plastic Collection Unit With stopper Wheel, Side Hook, Size (5ftx4ftx5ft) |
| 3 | Mahindra Pickup Garbage, Hydraulic Tipper With Close Body and Partition, Hydraulic Cylinder, Sound System, MCV weir etc, - 1no. |

2. निविदा ग्राम प्रधान/अध्यक्ष ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति सहसपुर, ग्राम पंचायत सहसपुर,विकासखण्ड सहसपुर जनपद देहरादून के कार्यालय में विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि दिनांक 28.7.2024 से दिनांक 10.8.2024 तक 02 बजे तक जमा किये जा सकते है।
3. निविदा ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति सहसपुर, ग्राम पंचायत सहसपुर, विकासखण्ड सहसपुर, जनपद देहरादून में दिनांक 10.8.2024 अपराह्न 03 बजे निविदादाताओं समक्ष खोली जायेंगी ।
4. निविदा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति सहसपुर, को होगा।

अध्यक्ष/कोषाध्यक्ष
ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति, सहसपुर ग्राम पंचायत सहसपुर, विकासखण्ड सहसपुर, देहरादून।

### ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति छरबा, ग्राम पंचायत छरबा, विकासखण्ड सहसपुर, पो० ओ० छरबा, जनपद देहरादून

**निविदा सूचना**

1. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्यो हेतु ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति छरबा, ग्राम पंचायत छरबा, विकासखण्ड सहसपुर जनपद देहरादून, अधिकृत ऐजेन्सियों से सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित करती है । विवरण निम्नवत् है :–

| S.NO. | Particulars |
|---|---|
| 1 | Supply of 120 liters pvc wheel dustbin pair |
| 2 | M.S. Partial Jali Plastic Collection Unit With stopper Wheel, Side Hook, Size (5ftx4ftx5ft) |
| 3 | Mahindra Pickup Garbage, Hydraulic Tipper With Close Body and Partition, Hydraulic Cylinder, Sound System, MCV weir etc, - 1no. |

2. निविदा ग्राम प्रधान/अध्यक्ष ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति छरबा, ग्राम पंचायत छरबा,विकासखण्ड सहसपुर जनपद देहरादून के कार्यालय में विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि दिनांक 28.7.2024 से दिनांक 10.8.2024 तक 02 बजे तक जमा किये जा सकते है।
3. निविदा ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति छरबा, ग्राम पंचायत छरबा, विकासखण्ड सहसपुर, जनपद देहरादून में दिनांक 10.8.2024 अपराह्न 03 बजे निविदादाताओं समक्ष खोली जायेंगी ।
4. निविदा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति छरबा, को होगा।

अध्यक्ष/कोषाध्यक्ष
ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति, सहसपुर ग्राम पंचायत छरबा, विकासखण्ड सहसपुर, देहरादून।

### उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय– अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, डोईवाला, E-mail Id-eedoiwalaupcl11@gmail.com

No.-1428/EDD(D)/ Date-29.07.2024

**निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिये "ए" श्रेणी के लाईसेन्स धारक, जी0एस0टी0, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 के अन्तर्गत पंजीकृत, आयकर/पैन कार्ड धारक निविदाकर्ताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग मे निविदा धरोहर धनराशि, नियम एवं शर्तें, उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत "ए" क्लास लाईसेंन्स की प्रतिलिपि, जी0एस0टी0, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 पंजीकरण, पैनकार्ड की प्रतिलिपि एवं समान प्रकृति के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जोकि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह तक वैध हों) दिनांक **14.08.2024** को 14:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक **13.08.2024** (12:00 बजे) तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा प्रपत्र मूल्य नगद (अप्रतिदेय) जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। बिना निविदा धरोहर धनरशि के निविदा भाग–2 नही खोली जायेंगी। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने/अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर होने पर अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते है। विस्तृत नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में वर्णित हैं।

निविदा संख्या– **01/EDD(D)/2024-25-** विद्युत वितरण उपखण्ड डोईवाला के अन्तर्गत लाईन/उपसंस्थान निर्माण का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹ 1000.00+ जी0एस0टी0, धरोहर धनराशि ₹ 45,000.00 ।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड, डोईवाला।

किसी भी विद्युत समस्या के लिये सम्पर्क करें टोल फ्री नं0 18004190405 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

## संक्षिप्त खबरें

### हिमाल स्मारिका का किया विमोचन

**रानीखेत।** हिमाल 2024 स्मारिका का विमोचन केआरसी कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव वीएसएम द्वारा बतौर मुख्य अतिथि छावनी परिषद बहुउद्देशीय सभागार में किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्मारिका छावनी क्षेत्र की समस्याओं को समझने व उनके समाधान का रास्ता देने के साथ ही यहां के इतिहास से भी परिचय करातीं हैं। छावनी परिषद बहुउद्देशीय सभागार में सोमवार को दीप प्रज्वलन व विवेकानंद उमावि छात्र-छात्राओं के स्वागत गीत व सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में केआरसी कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव वीएसएम ने स्मारिका प्रकाशन के लिए संपादक मंडल को बधाई देते हुए सुझाव दिया कि रानीखेत के दर्शनीय स्थलों व रेजीमेंट के इतिहास के साथ छावनी से इतर नागरिक क्षेत्र के विलय पर भी सुझावात्मक आलेख को भविष्य में स्मारिका में स्थान दें। वरिष्ठ पत्रकार व स्मारिका संपादन सहयोगी विमल सती ने हिमाल को रानीखेत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक साहित्यिक, राजनीतिक गतिविधियों का दस्तावेज बताते कहा कि यह हमें अतीत के पन्ने पलटने का अवसर देती है। इससे पूर्व हिमालय टीम द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। संचालन राजेंद्र जसवाल ने किया।

### नवीन उपाध्यक्ष मनोनीत

**टनकपुर।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस आशय का पत्र जारी करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू लाल गुप्ता ने उनकी उपलब्धियां के मध्ये नजर उन्हें यह सम्मान दिया है। इस संगठन में 23 प्रदेशों का प्रतिनिधित्व है। यह जानकारी वर्मा ने दी। मनोनयन पर महामंत्री प्रकाश मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर पंत, संयुक्त महामंत्री नवनीत राणा, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर, शान्ती जीना, दिगम्बर वर्मा,मदन फर्त्याल, हितेन्द्र भसीन ने बधाई दी।

# यतीश्वरानंद से मिले अर्जुन अवार्डी नरवाल

**हरिद्वार।** भारतीय कबड्डी टीम के सदस्य रहे अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित कबड्डी खिलाड़ी संदीप नरवाल ने सोमवार को स्वामी यतीश्वरानंद से मुलाकात की।

कबड्डी खिलाड़ी संदीप नरवाल हरियाणा के सोनीपत जिले के कथूरा गांव निवासी है। वह कांवड़ यात्रा में शामिल होने आए थे। इस दौरान नरवाल वेद मंदिर आश्रम पहुंचे और पूर्व मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद से आशीर्वाद लिया। स्वामी यतीश्वरानंद ने उनका स्वागत कर जीते गए मेडल आदि के बारे में जानकारी ली। नरवाल ने बताया कि उन्होंने आठ साल की उम्र में खेलना शुरू कर दिया था। उनकी टीम ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता में शामिल होकर चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीते। उन्हें राष्ट्रपति द्वारा अर्जुन पुरस्कार के साथ भीम पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। वह राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हरियाणा की ओर से खेलते हैं। उनके पिता जगदीश नरवाल भी कबड्डी के प्रसिद्ध खिलाड़ी रहे हैं। इस दौरान हरेंद्र चौधरी, श्याम सुंदर चौहान, अंकित चौधरी, अंकित चौहान, शुभम सैनी, सतविंद्र सिंह, अमित सैनी, प्रदीप चौहान, श्रवण चौहान, शुभम चौरी आदि मौजूद थे।


स्वामी यतीश्वरानंद से भेंट करते संदीप नरवाल।

## श्रीमदभागवत कथा में नंदोत्सव मनाया

**हरिद्वार।** सिद्ध माता राजरानी मंदिर में बाल प्रह्मचारिणी माता राजरानी चेरिटेबल समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास संत राजेश वृंदावन वालों ने वामन अवतार, रामावतार के साथ भगवान के कृष्णावतार की कथा का श्रवण कराया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ नंदोत्सव भी मनाया। कथा में अशोक झाम्ब, संजीव चड्ढा, बृजमोहन खन्ना, महेंद्र पाल, नितिन अरोड़ा, प्रदीप मल्होत्रा, तेज प्रकाश लाम्बा, राजू अरोड़ा, दर्शन कालड़ा, सतीश कालड़ा, अनूप गोगिया, अशोक लखानी, पुष्पा सेठी, चंद्रकला बाली, नीतिका बहल, रीटा कंवर संगीता गौतम, ज्योति आहूजा आदि मौजूद थे।

# गौवंश के साथ दो युवक गिरफ्तार, दो फरार

■ गोकशी के लिए वाहन में ले जा रहे थे गौवंश

**झबरेड़ा (एसएनबी)।** पुलिस ने गौकशी के लिए छोटा हाथी वाहन में ले जा रहे दो गौवंशीय पशुओं को चेकिंग के दौरान बचा लिया। गौकशी के लिए ले जा रहे दो युवकों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि उनके दो साथी भाग निकले।

पुलिस ने बताया कि रविवार देर शाम इकबालपुर तांशीपुर मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर एक छोटा हाथी को पुलिस ने रोका। चालक परविंदर व परिचालक नदीम अहमद निवासी ग्राम लाठरदेवा शेख को मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि छोटा हाथी के पीछे पीछे चल रहे पकड़े गए दोनों के साथी बाइक सवार सलमान व शाहरुख निवासी ग्राम लाठरदेवा शेख भागने में सफल रहे। छोटा हाथी में दो गौवंश पशुओं को रस्सी से पूरी तरह कसकर बांध रखा था। इसके अलावा गौकशी करने के उपकरण लकड़ी का गुटका, कुल्हाड़ी, दो लोहे की बड़ी छुरी बरामद की गई। पकड़े गए आरोपियों परविंदर व नदीम ने बताया कि गांव के पास खेत में गोकशी करनी थी। उक्त चारों के विरुद्ध पूर्व में भी गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत थाने में कई मुकदमे दर्ज है।


झबरेड़ा : पुलिस की गिरफ्त में आरोपित।

## घर में घुसा अजगर, हड़कंप मचा


लक्सर में अजगर को पकडते वनकर्मी।

**लक्सर।** पीपली गांव में एक घर में एक विशालकाय अजगर घुस आया, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सोमवार की सुबह पीपली गांव निवासी सुधीर के घर में एक अजगर घुस गया, जिसे देखकर आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने पर विभाग के कर्मचारी गुरजंट सिंह, वन आरक्षी कविंद्र सैनी व भोपाल सिंह आदि मौके पर पहुंचे और अजगर को रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया।

# खाली प्लाट से मिले शव की शिनाख्त

■ तीन दिन से लापता था युवक, रुड़की कोतवाली में दर्ज थी गुमशुदगी

**मंगलौर।** नगर स्थित एक खाली प्लॉट में अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया था, जिसे मोर्चरी भिजवा दिया गया था। शव की शिनाख्त हो गई है वह तीन दिनों से लापता था, उसकी गुमशुदा की रुड़की कोतवाली में परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई थी।

पुलिस के अनुसार रविवार की सुबह नगर के मोहल्ला लाल बाडा स्थित एक खाली प्लॉट से करीब तीन दिन पुराना 28 वर्षीय एक युवक का शव पुलिस द्वारा बरामद किया गया था। शव की शिनाख्त शहबान पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला किला मंगलौर के रूप में की है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## शिवरात्रि पर सिविल लाइन में लगेगा भंडारा

**रुड़की।** समर्पण जन कल्याण संगठन के 25वें कांवड़ सेवा शिविर में में संरक्षक सचिन गुप्ता एवं उनकी पूरी टीम भी निरंतर भंडारे में अपना सहयोग कर रही है। भंडारा आयोजक सचिन गुप्ता ने बताया कि शिवरात्रि के दिन भंडारा सिविल लाइन में लगाया जाएगा। समर्पण संगठन के अध्यक्ष नरेश यादव समेत बैठक में महामंत्री प्रदीप गोयल, कोषाध्यक्ष शशिकांत अग्रवाल, सनी अरोरा, विकास गुप्ता, प्रवीण शर्मा, नवीन शर्मा, विकास सैनी, सचिन पंडित, धीरज अग्रवाल, चिराग गुप्ता, महेंद्र सैनी, शेर सिंह सहारन, सुरेश सैनी, सुमित कुमार भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

**Uttarakhand State Council for Science & Technology (UCOST)**
Department of IT, Suraj and Science Technology (Govt. of Uttarakhand)
Vigyan Dham, Jhajra, Dehradun - 248015

No: UCS&T/Establishment/2024/26026 Date:29-07-2024

**Engagement of Emeritus Scientist**

Applications are invited from superannuated eminent/outstanding scientists/engineers under the age of 65 years to be engaged as emeritus scientist in UCOST as per requirement.
Interested candidates may submit their application in the prescribed format available on the website https://ucost.uk.gov.in/
Last date for submission of the application is August 07, 2024. Application can also be submitted online at ucost@ucost.in

Administrative Officer

**ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति खुशहालपुर, ग्राम पंचायत खुशहालपुर, विकासखण्ड सहसपुर, पो० ओ० सहसपुर, जनपद देहरादून**

**निविदा सूचना**

1. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्यों हेतु ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति खुशहालपुर, ग्राम पंचायत खुशहालपुर, विकासखण्ड सहसपुर जनपद देहरादून, अधिकृत ऐजेन्सियों से सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित करती है। विवरण निम्नवत् है :–

| S.NO. | Particulars |
|---|---|
| 1 | Supply of 120 liters pvc wheel dustbin pair |
| 2 | Mahindra Pickup Garbage, Hydraulic Tipper With Close Body and Partition, Hydraulic Cylinder, Sound System, MCV weir etc, - 1no. |

2. निविदा ग्राम प्रधान/अध्यक्ष ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति खुशहालपुर, ग्राम पंचायत खुशहालपुर, विकासखण्ड सहसपुर जनपद देहरादून के कार्यालय में विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि दिनांक 28.7.2024 से दिनांक 10.8.2024 तक 02 बजे तक जमा किये जा सकते है।
3. निविदा ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति खुशहालपुर, ग्राम पंचायत खुशहालपुर, विकासखण्ड सहसपुर, जनपद देहरादून में दिनांक 10.8.2024 अपराह्न 03 बजे निविदादाताओं समक्ष खोली जायेंगी।
4. निविदा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति खुशहालपुर, को होगा।

**अध्यक्ष/कोषाध्यक्ष**
ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति,सहसपुर ग्राम पंचायत खुशहालपुर, विकासखण्ड सहसपुर, देहरादून।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट (अमृत)
उत्तराखण्ड पेयजल निगम हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

पत्रांकः 1348/टी.एन./68 दिनांक 29.07.2024

**कार्यालय ज्ञाप**

जनपद नैनीताल के अन्तर्गत लालकुआँ सीवरेज योजना एवं नवाबी रोड में दुर्गा सिटी चौराहे से कालाढूंगी रोड तक ट्रंक सीवरेज योजना के सर्वेक्षण एवं डी.पी.आर. विरचन कार्यों हेतु इस कार्यालय के अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 1314/टी.एन./64 दिनांक 24.07.2024 से आमंत्रित निविदा सूचना को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेशों तक निरस्त किया जाता है।

**अधिशासी अभियन्ता**

**Office of the Principal**
**Veer Chandra Singh Garhwali Govt. Institute of Medical Sciences & Research Srinagar Garhwal**
Telephone: 01346-244701, 244704, Fax: 01346-244702, Email: principalvcsg@gmail.com, website: vcsgsrinagar.org

Letter No- MCS/E-Tender/2024-25/1647 Date- 29.07.2024

**e-TENDER NOTICE**

The online Tender are invited through e-tendering System from original manufacturer or their authorized supplier under two bid system by Veer Chandra Singh Garhwali Government Institute of Medical Sciences Research & associate Hospital HNB Base Teaching Hospital Srinagar Garhwal (Uttrakhand) For below Items. Detail information & tender documents are available on website http://uktenders.gov.in for reference. The e tender document and the specifications can be downloaded from the above site from 03 August 2024 (3.00 PM)

| S.N. | Name | Earnest Money Deposit (in Rs) | Cost of Tender Document (in Rs) |
|---|---|---|---|
| 1 | Deca Head Microscope | 50000 | 1475 |
| 2. | Grossing Station | 30000 | 590 |
| 3. | Green Laser | 100000 | 2950 |
| 4. | Nerve Stimulator Monitor | 100000 | 2950 |
| 5. | PFT with DLCO | 60000 | 1770 |

**Principal**
**VCSGGIMS & R, Srinagar Garhwal**

# टैक्सी यूनियन में पड़ी फूट, कई सदस्यों ने दिया इस्तीफा

■ टैक्सी यूनियन उचौलीगोठ पदाधिकारियों में विवाद

**टनकपुर।** टैक्सी यूनियन उचौलीगोठ में फूट पड़ गई है। यूनियन के चार दर्जन से अधिक सदस्यों ने पदाधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए संगठन से इस्तीफा दे दिया है। एसडीएम आकाश जोशी एवं सीएम कैंप कार्यालय में सौंपे सामूहिक त्यागपत्र में सदस्यों ने कहा है कि टैक्सी संचालन समिति के पदाधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार के आय-व्यय का विवरण नहीं दिया जा रहा है। साथ ही उनका व्यवहार भी मां पूर्णागिरि धाम आने वाले तीर्थ यात्रियों के साथ अच्छा नहीं रहता है। उन्होंने पदाधिकारियों पर मनमानी का आरोप भी लगाया। सदस्यों ने कहा कि अब समिति का कोई औचित्य नहीं रह गया है। आगे समिति द्वारा कोई भी कार्य किया जाता है तो वह आंदोलन के लिए विवश होंगे। इस्तीफा देने वालो में सोबन सिंह, चतुर सिंह, आनंद सिंह, विवेक, दीपक महर, किशोर सिंह, सूरज सिंह, गणेश, महेंद्र सिंह, हरीश सिंह आदि शामिल हैं।

**ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति ढाकी, ग्राम पंचायत ढाकी, विकासखण्ड सहसपुर, पो० ओ० सहसपुर, जनपद देहरादून**

**निविदा सूचना**

1. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्यों हेतु ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति ढाकी, ग्राम पंचायत ढाकी, विकासखण्ड सहसपुर जनपद देहरादून, अधिकृत ऐजेन्सियों से सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित करती है। विवरण निम्नवत् है :–

| S.NO. | Particulars |
|---|---|
| 1 | Supply of 120 liters pvc wheel dustbin pair |
| 2 | M.S. Partial Jali Plastic Collection Unit With stopper Wheel, Side Hook, Size (5ftx4ftx5ft) |

2. निविदा ग्राम प्रधान/अध्यक्ष ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति ढाकी, ग्राम पंचायत ढाकी, विकासखण्ड सहसपुर जनपद देहरादून के कार्यालय में विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि दिनांक 28.7.2024 से दिनांक 10.8.2024 तक 02 बजे तक जमा किये जा सकते है।
3. निविदा ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति ढाकी, ग्राम पंचायत ढाकी, विकासखण्ड सहसपुर, जनपद देहरादून में दिनांक 10.8.2024 अपराह्न 03 बजे निविदादाताओं समक्ष खोली जायेंगी।
4. निविदा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति ढाकी, को होगा। **अध्यक्ष/कोषाध्यक्ष**
ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति,सहसपुर ग्राम पंचायत ढाकी, विकासखण्ड सहसपुर, देहरादून।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला टिहरी गढ़वाल**

पत्रांक : 342/निविदा सूचना/24-25/ दिनाँक : 29.07.2024

**अल्पकालिन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला द्वारा उप निदेशक, शहरी विकास निदेशालय के पत्र संख्या 1440/श.वि.नि./ आपदा प्रबन्धन/23 दिनाँक 21 जून 2024 को प्रस्तुत पत्र जिसमें उल्लिखित निदेशालय के ही पत्र संख्या 1328/श.वि.नि./आपदा प्रबन्धन/23 दिनांक 21 जून 2024 के माध्यम से दिनांक 11.06.2024 को मा. मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में वनाग्नि एवं मानसून 2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियां की समीक्षा बैठक में मानसून 2024 के दौरान नगर निकायों को आपदा से बचाव के लिए दिये गये निर्देशों का अनुपालन किये जाने हेतु निर्देशों के क्रम में नगर पालिका मध्य क्षेत्र खारास्रोत तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढ़वाल में विगत वर्ष की भॉति बाढ/दैवीय आपदा आने की संभावना है, जिसके क्रम में दैवीय आपदा आने पर खारास्रोत क्षेत्र में सामान्य जन-जीवन को गम्भीर खतरा उत्पन्न हो जाता है, जिस हेतु खारास्रोत बाढ़ प्रभावित परिवारों का अपने घरों में निवासरत रहना सम्भव नहीं रहता है, जिसके क्रम में विगत वर्ष की भांति बाढ़/दैवीय आपदा आने पर खारास्रोत क्षेत्र बाढ प्रभावित परिवारों के निवास की व्यवस्था निकाय बारात घर में की जायेगी, जिस हेतु उक्त स्थान में बाढ प्रभावित व्यक्तियों के सुबह के नाश्ते, दिन का भोजन रात के भोजन की दरें निम्नानुसार उपलब्ध कराये जाने हेतु सीलबन्द दरें आमंत्रित की जाती है, जो की दिनांक 05.08.2024 को सुबह 11 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी, निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/ निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/प्रशासक में निहित होगा। निविदा से सम्बन्धी अन्य नियम/शर्तें व विस्तृत सूचना निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है एवं किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | दर प्रति फुड पैकेट (जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|
| 1 | सुबह का नाश्ता | दरें |
| | एक कटोरी आलु की सब्जी, 5 पूरी | |
| | 2 ब्रेड पकोडा, चाय | |
| | चाय, 2 बन सहित | |
| 2 | दोपहर का भोजन | दरें |
| | एक कटोरी आलु की सब्जी, 5 पूरी | |
| | 2 ब्रेड पकोडा, चाय | |
| | चाय, 2 बन सहित | |
| 3 | रात का भोजन | दरें |
| | एक कटोरी दाल, 4 रोटी, चावल | |
| | एक कटोरी मिक्स वेज, एक कटोरी दाल, 4 रोटी | |
| | एक कटोरी आलु चावल, 4 रोटी | |
| 4 | एक पैकैट दूध (1 लीटर) | |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मुनिकीरेती-ढालवाला**

**प्रशासक**
**नगर पालिका परिषद**
**मुनिकीरेती-ढालवाला**

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय : "उज्जवल" महारानी बाग, जी०एम०एस० रोड, देहरादून–248006,
दूरभाष संख्या: 0135– 2523225 फैक्स नं0: 0135–2761549
सी.आई.एन. सं० – U40101UR2001SGC025866, वैबसाईट: Website: www.ujvnl.com

पत्रांक : 652 **ई–निविदा सूचना** दिनांक : 29.07.2024

अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय), उज्जवल, देहरादून इच्छुक निविदादाताओं से आनलाईन निविदायें आमन्त्रित करता है। निविदा का सक्षिप्त विवरण निम्नवत है :
**निविदा सं 07/अधि0 अभि0(मु0)2024–25**
**कार्य का नाम**– यूजेवीएन लि0, मुख्यालय देहरादून हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से एक वर्ष की अवधि के लिए जनशक्ति सेवाएं उपलब्ध कराने का कार्य।
**अनुमानित लागत**– रू0 27,79,031.00 मात्र (जी0एस0टी0 सहित)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 29.07.2024 (16.00 hrs.)
**निविदाओं की हार्ड कॉपी जमा करने की अन्तिम तिथि:** 19.08.2024 (16.00 hrs.)
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **"http://uktenders.gov.in"** देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**कार्यालय उप महाप्रबन्धक (वि/यॉ.)**
**उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड**
Email: dgmdunem@gmail.com Ph.No. 0135-3523100

पत्रांक : वि./यॉ.खं.दे.दून/निविदा/750 दिनांक : 29.07.2024

**निविदा सूचना**

निम्न कार्य हेतु दिनांक 09.08.2024 को, उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड, में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मों से अपरान्ह 3.00 बजे तक उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड, नवीन मण्डी स्थल, निरंजनपुर देहरादून स्थित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी अथवा अधोहस्ताक्षरी द्वारा नामित प्रतिनिधि द्वारा अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। 1. नवीन मण्डी स्थल गदरपुर में ब्लॉक सं.-14 में 04 नग दुकानों में आंतरिक विद्युतीकरण का अवशेष कार्य- धरोहर धनराशि ₹ 7500.00, निविदा मूल्य 500.00, G.S.T अतिरिक्त समयावधि 04 माह, श्रेणी 'ब' 2. नवीन मण्डी गदरपुर में एच.टी./एल.टी. लाइन से सम्बन्धित अवशेष कार्य- धरोहर धनराशि ₹ 27000.00, निविदा मूल्य 1000.00, G.S.T अतिरिक्त समयावधि 06 माह, श्रेणी 'ब' 3. मण्डी निदेशालय भवन, रुद्रपुर में पूर्व से स्थापित लाईट फिक्चर्स के स्थान पर नये एल.ई.डी. लाईट फिक्चर्स की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य-धरोहर धनराशि ₹ 46000.00, निविदा मूल्य 1500.00, G.S.T अतिरिक्त समयावधि 06 माह, श्रेणी 'ब' 4. देहरादून मण्डी क्षेत्रान्तर्गत गुनियाल गॉव में सबमर्सिबल पम्प सहित 01 नग हैण्डपम्प की स्थापना का कार्य- धरोहर धनराशि ₹ 21500.00, निविदा मूल्य 1000.00, G.S.T अतिरिक्त समयावधि 03 माह, श्रेणी 'ब' **नोट**- 1. धरोहर धनराशि (FDR/NSC) निविदा क्रय करते समय प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा जो उपमहाप्रबन्धक (वि/यॉ.), उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड, देहरादून के नाम बंधक रहेगी। 2. निविदा दि. 08.08.2024 की सायं 5.00 बजे तक विक्रय की जायेंगी। 3. निविदा संबंधी विवरण एवं अन्य सूचनायें कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 से सायं 5.00 बजे तक देखी जा सकती हैं। 4. एक अथवा समस्त निविदाएं बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

**उपमहाप्रबन्धक (वि./यॉ.)**

**HDFC BANK** We understand your world
**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** **कब्जे का नोटिस**

**शाखा का पताः** द्वितीय एवं तृतीय तल, प्रीमियर प्लाजा, 106 राजपुर रोड, एस्टले हॉल के सामने, देहरादून–248 001
Tel. : 18002100018 CIN : L65920MH1994PLC080618 वेबसाइट : www.hdfcbank.com

जैसा कि **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में (माननीय एनसीएलटी–मुम्बई द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन योजना के आधार पर पूर्ववर्ती एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) **(एचडीएफसी)** वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कथित अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन एक मांग सूचना जारी की जिसमें निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) को उनके नाम के सम्मुख दर्शाई गई राशि के साथ कथित सूचना में दर्शाए गए अनुसार लागू दरों पर उसमें लगने वाले ब्याज को कथित सूचना (ओं) की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान और/या वसूली की तिथि तक प्रासंगिक व्यय, लागत, प्रभार आदि का भुगतान करने के लिए कहा गया।

| क्र. सं. | उधारकर्ताओं/कानूनी वारिसों और कानूनी प्रतिनिधियों का नाम | बकाया मांग देयराशियां* (रू0) | सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि एवं प्रकार | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री संदीप सिंह (ऋणी) श्रीमती हिमानी (सह–ऋणी) | 27,68,131/– दिनांक 29.02.2024* तक | 04.05.2024 | 25.07.2024 भौतिक | सम्पत्ति के समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग भूमि खाता नं0 1936 (फासली वर्ष 1418 सं 1423) पर बना आवासीय मकान, खसरा नं0 1339, मौजा जीवनगृह, तहसील विकासनगर, परगना पचवादून, जिला देहरादून उत्तराखण्ड, वर्तमान और भविष्य के निर्माण सहित, **साथ प्लाट क्षेत्रफलः 94.79 वर्ग मी0/1020 वर्ग फुट एवं कवर्ड क्षेत्रफलः 111.52 वर्ग मी0/1200 वर्ग फुट, चौहद्दीः पूः** भूमि नैपाल सिंह साइड माप 40 फुट, **पः** अन्य भूमि साइड माप 40 फुट, **उः** भूमि सूरत सिंह साइड माप 25.5 फुट, **दः** 15 फुट चौड़ा रास्ता साइड माप 25.5 फुट, |
| 2 | श्री किशोरी लाल (ऋणी) श्रीमती रेखा भारद्वाज (सह–ऋणी) | 21,30,085/– दिनांक 29.02.2024* तक | 02.04.2024 | 24.07.2024 सांकेतिक | सम्पत्ति के समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग भूमिदारी भूमि खाता 245 (फासली वर्ष 1416 सं 1421) खसरा नं0 1192, मौजा करबारी ग्राण्ट, परगना पचवादून तहसील विकास नगर जिला देहरादून, वर्तमान और भविष्य के निर्माण सहित, **साथ माप प्लाट क्षेत्रफलः 92.93 वर्ग मी0/1000 वर्ग फुट एवं वर्तमान कवर्ड क्षेत्रफल साइट परः 157 वर्ग मी0/1689.32 वर्ग फुट, चौहद्दीः पूः** सम्पत्ति विक्रेता साइड माप 40 फुट, **पः** 20 फुट चौड़ा रास्ता साइड माप 40 फुट, **उः** 20 फुट चौड़ा रास्ता साइड माप 25 फुट, **दः** भूमि श्री वीरेन्द्र सिंह साइड माप 25 फुट |
| 3 | श्री तरून ऋषि (ऋणी) श्रीमती राखी ऋषि (सह–ऋणी) श्री सचिन पालीवाल (जमानतकर्ता) | 13,78,892/– दिनांक 29.02.2024* तक | 04.05.2024 | 26.07.2024 सांकेतिक | सम्पत्ति के समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग खसरा नं0 624/1 एम पर आवासीय मकान, वार्ड नं0 58, ग्राम जगजीतपुर, परगना ज्वालापुर तहसील एवं जिला हरिद्वार, वर्तमान और भविष्य के निर्माण सहित, **साथ माप प्लाट क्षेत्रफलः 619 वर्ग मी0/742.50 वर्ग फुट एवं वर्तमान कवर्ड क्षेत्रफल साइट परः 78.25 वर्ग मी0/841.97 वर्ग फुट, चौहद्दीः पूः** मकान अन्य व्यक्ति साइड माप 45 फुट, **पः** प्लाट अन्य व्यक्ति साइड माप 45 फुट, **उः** रास्ता 20 फुट चौड़ा साइड माप 16.50 फुट, **दः** भूमि अन्य व्यक्ति साइड माप 16.50 फुट |
| 4 | श्रीमती शारदा देवी (सह–ऋणी एवं कानूनी उत्तराधिकारी) पत्नी श्री अशोक कुमार गर्ग (अब मृतक) श्री केदारमल गर्ग (कानूनी उत्तराधिकारी) पिता श्री अशोक कुमार गर्ग (अब मृतक) एवं अन्य जाने अन्जाने कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि श्री अशोक कुमार गर्ग (अब मृतक) | 12,92,431/– दिनांक 29.02.2024* तक | 02.04.2024 | 26.07.2024 सांकेतिक | सम्पत्ति के समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग भूखण्ड नं0 138 के प्लाट नं0 3 के भाग पर निर्मित आवासीय मकान, खसरा नं0 341, नगरपालिका परिषद की अन्दरूनी म्यूनिसिपल सीमा, शिवालिक नगर रानीपुर हरिद्वार स्थित टेहरी विस्थापित क्षेत्र, रोशनाबाद ग्राम सलेमपुर–1 परगना रूड़की, तहसील एवं जिला हरिद्वार, वर्तमान और भविष्य के निर्माण सहित, **माप : पू0: 15.5 फुट, प0:–15.5 फुट, उ0: 37 फुट, द0:–37 फुट, साथ माप प्लाट क्षेत्रफलः 53.30 वर्ग मी0/573.5 वर्ग फुट एवं कवर्ड क्षेत्रफल : 62.59 वर्ग मी0/673.5 वर्ग फुट, चौहद्दीः पूः** सम्पत्ति अन्य व्यक्ति, **पः** रास्ता 18 फुट चौड़ा, **उः** प्लाट नं0 2, **दः** प्लाट नं0 3 का शेष भाग |

*भुगतान और/या वसूली की तिथि तक उचित लागू अनुसार आगे लगने वाले ब्याज, प्रांसगिक व्यय,लागत, प्रभार आदि के साथ, जैसा लागू हो।
हालांकि, उपरोक्त दर्शाए गए कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) बकाया राशि का भुगतान करने में असफल रहें इसलिए एतद्द्वारा विशेषतः कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) और आम जनता को सूचित किया जाता है कि **एचडीएफसी** के प्राधिकृत अधिकारी ने कथित अधिनियम के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उसे प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त दर्शाई गई तिथियों को अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति पर **भौतिक / सांकेतिक कब्जा** कर लिया है।
विशेषतः उपरोक्त दर्शाए गए कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) और आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शाई गई अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति के साथ कोई भी लेनदेन न करें और कथित अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति पर कोई भी लेनदेन **एचडीएफसी** के बन्धक के अधीन होगा।
कानूनी उत्तराधिकारी (यों) और कानूनी–प्रतिनिधि (यों) को अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध समय के भीतर प्रतिभूत परिसम्पत्ति/यों को मुक्त कराने की ओर से ध्यान आकृष्ट किया जाता है।
अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त ऋणी/कानूनन वारिसों/कानूनन प्रतिनिधियों से अनुरोध किया जाता है कि पंचनामा की तैयार प्रतियां उपलब्ध हैं, जिसे सामान्य कार्यालय अवधि के दौरान किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रतिलपि प्राप्त कर सकते हैं।

**दिनांकः 30.07.2024** **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के लिए**
**स्थान : देहरादून** **प्राधिकृत अधिकारी**
पंजीकृत कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बपत मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम) मुम्बई–400 013

राष्ट्रीय सहारा
देहरादून • मंगलवार • 30 जुलाई • 2024
www.rashtriyasahara.com



अनमोल वचन

*शब्दों के भी भाग्य होते हैं*
-आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

## खामियाजा भरना नामुमकिन

दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर स्थित नामी कोचिंग सेंटर राव के बेसमेंट में जलभराव से तीन छात्रों की मौत वाकई दुखद है। कोचिंग संस्थान, सिविक एजेंसी और सरकारी मशीनरी की काहिली से यह जानलेवा स्थिति बनी। यहां बरसात का पानी अचानक भर गया, वहां बनी लाइब्रेरी में तकरीबन 35 छात्र पढाई कर रहे थे। बता रहे हैं, शुरुआत में पानी थोड़ा था पर अचानक बरसाती पानी की रफ्तार बहुत तेज हो गई। तेज स्पार्किंग के साथ धमाका हुआ और बिजली गुल हो गई। अफरा-तफरी में वे बाहर की तरफ भागे मगर बायोमैट्रिक लगा होने के कारण दरवाजा नहीं खुला। पांच मिनट में भूतल में 10-12 फीट पानी भर गया था। बचाव दल ने छात्रों को बमुश्किल निकाला। दो छात्रों का पोस्टमार्टम में उनकी मौत डूबने व गंदा पानी फेफड़ों में भरने से होने की रपट है,




एक छात्र के परिजन के पहुंच न पाने के कारण शव सुरक्षित रखा गया। मामले में कोचिंग सेंटर के मालिक अभिषेक गुप्ता समेत कुल सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। नियमानुसार जिस भूतल को केवल स्टोर के लिए इस्तेमाल करना था, वहां कक्षा है और पुस्तकालय भी। राजधानी में केंद्र सरकार की नाक के नीचे ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की देश भर में काफी निंदा की जा रही है। दमकल विभाग का कहना है, वहां मौजूद तमाम कोचिंग सेंटरों ने मुख्यद्वार स्लाइडिंग बनाए हैं। ताकि बरसात का पानी वहां न आ पाए। ऐसे तेरह सेंटरों को आनन-फानन सील भी कर दिया गया है। नौ माह का शुल्क डेढ़ लाख से अधिक लेने वाले राव जैसे अन्य सेंटरों के कुछ छात्र इस अव्यवस्था की लिखित शिकायत भी कर चुके थे। यहां संकरी गलियों के छोटे-छोटे घरों में रहने व पढाई करने वाले छात्रों का जमावड़ा रहता है। कुछ ही दिन पहले ऐसे ही सेंटर में आग लगने की घटना हो चुकी है। सरकार ने मुंह छिपाने के लिए आनन-फानन नए नियम लागू कर दिए हैं। मगर इन होनहार छात्रों के जीवन का खामियाजा तो किसी भी तरह नहीं भरा जा सकता। सख्त सजा से जरूरी है, देश भर के छात्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाए और लापरवाही करने वाले संस्थानों को यूं ही मुक्त न छोड़ दिया जाए। मालिकों व प्रबंधकों के अतिरिक्त इस हादसे की सरकार भी कम जिम्मेदार नहीं है। उसे अपनी लापरवाही को सुधारना होगा। कुल मिलाकर खराब जल निकासी और सरकारी तंत्र की घोर लापरवाही के चलते दूरदराज से अधिकारी बनने का ख्वाब लिए बच्चों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। दिल दुखाने वाली इस घटना की टीस लंबे आजीवन रहेगी।

## मनु ने फैलाई खुशियां

मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर पिछले दो ओलंपिक खेलों से निशानेबाजी में चले आ रहे सूखे को खत्म कर दिया है। मनु भाकर ओलंपिक निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। इससे पहले भारत ने निशानेबाजी में चार पदक जीते हैं और यह पदक जीतने वाले सभी चारों निशानेबाज पुरुष हैं। मनु भाकर ने ओलंपिक खेलों की शुरुआत में ही पदक पर निशाना साधकर इन खेलों में भाग ले रहे शूटरों का ही नहीं बल्कि पूरे भारतीय दल की बॉडी लेंग्वेज बदल दी है। इससे अन्य खिलाड़ियों को अपना बेस्ट देने की प्रेरणा मिलेगी, जिससे भारत अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल हो सकता है। यह मनु की सफलता का ही प्रभाव था कि रमिता झिंदल ने 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में स्थान बनाया। हालांकि वह फाइनल में पहुंचकर भी पदक नहीं पा सकीं और उन्हें



सातवें स्थान से ही संतोष करना पड़ा। हम सभी जानते हैं कि भारतीय निशानेबाज यदि तीन चार पदकों पर निशाना साधने में सफल हो जाएं तो भारतीय पदकों की संख्या दो अंकों में पहुंच सकती है। भाकर 2021 में हुए टोक्यो ओलंपिक में पिस्टल खराब हो जाने की वजह से अपना बेस्ट नहीं दे सकीं थीं। इसके बाद उनके कोच जसपाल राणा से संबंध खत्म हो गए थे, लेकिन जसपाल ने अलग होने के बाद उनके प्रदर्शन में गिरावट आती गई। वह तो खुदा का शुक्र है कि उन्हें सही समय पर जसपाल राणा से फिर से जुड़ने की जरूरत महसूस हुई। मनु ने पदक जीतने के बाद कहा कि एक बार पदक पक्का हो जाने पर खुशी हुई। पर आगे नहीं बढ़ पाने का अफसोस है। वह कहती हैं कि अगली स्पर्धा में पदक का रंग पीला यानी गोल्ड करने का प्रयास करूंगी। वह अपना ध्यान केंद्रित रखने के लिए गीता का पाठ करती हैं, जिसमें कहा गया है कि खुद के कर्म पर भरोसा रखो। यह बात भारतीय दल के सभी सदस्यों पर लागू होती है। भारत इस समय निशानेबाजी के अलावा बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी, बॉक्सिंग आदि में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और एथलेटिक्स और कुश्ती शुरू होने पर भारत की पदक संभावनाएं और बढ़ेंगी। बहुत संभव है कि हम इस बार दर्जन भर पदकों तक पहुंच जाएं। पर हमें यहीं संतुष्ट होकर नहीं बैठना चाहिए क्योंकि अभी हम आबादी के हिसाब से विश्व स्तर से काफी पीछे हैं।

**टू दि प्वाइंट/ आलोक पुराणिक**

## सर्वर उर्फ फूफा

माइक्रोसाफ्ट का सर्वर ठप हो गया, तो तमाम एयरलाइंस, टीवी चैनल बैंक वगैरह समेत जाने क्या क्या ठप हो गया। सर्वर ने जो ठप ना किया, उसे कई निकम्मे इंप्लाइज ने ठप कर दिया। एक सरकारी बैंक के कर्मचारी ने जवाब दिया कि आज कुछ ना हो सकता, सर्वर ठप है। जबकि कस्टमर ने सिर्फ यह पूछा था कि भाई साहब बहुत गरमी है पानी मिल सकता है क्या। भानगढ़ किले के भूत ने उस भुतहा टीवी कार्यक्रम में आने से इनकार कर दिया यह कहते हुए कि सर्वर ठप है। वैसे भानगढ़ किले का भूत परमानेंट न्यूज से गायब हो जाए, ऐसे सर्वर ठप्पीकरण का तो वेलकम किया जाना चाहिए। सर्वर चलता रहा है, तो कोई ना पूछता था। सर्वर रुक गया, तो चर्चा हो गई।

मतलब मामला कुछ-कुछ शादी के नाराज फूफा टाइप हो लिया। किसी शादी में कोई फूफा टाइप बहुत शराफत से खा पीकर चले जाएं, तो कोई नोटिस नहीं करता। अगर कोई फूफा नाराज हो जाएं, हल्ला सा काट दें, तो सब तरफ उनका नोटिस लिया जाता है। यानी चलते सर्वर और शरीफ साढ़ू का कोई नोटिस नहीं लेता। ठप सर्वर और नाराज साढ़ू को सब नोटिस करते हैं और उसकी चर्चा करते हैं। कई निकम्मों ने अपने निकम्मेपन की जिम्मेदारी सर्वर पर डाल दी।

एक शराबी दारू पीकर दादर स्टेशन पर लुढ़क गया, पुलिस ने डपटा तो उसने बताया कि सर्वर ठप है। अब बस यह ना हो कि राहजन आपको रिवाल्वर दिखाकर कहे कि निकाल दीजिए रकम और यह बहाना मत बनाइए कि सर्वर ठप है, बिना सर्वरबाजी के आपकी रकम मेरी जेब में आ सकती है। सर्वर ठप हुआ तो प्लेन ना उड़े, जिसके पास जितने एडवांस्ड कंप्यूटर वाले प्लेन उसके प्लेन उतने ही ज्यादा ठप। पाकिस्तानी एयर फोर्स ने बयान जारी करके कहा कि हम तो अमेरिकन सर्वर पर डिपेंड ही नहीं करते, हम तो चाइनीज प्लेन्स पर डिपेंड हैं, दस में पांच बार तो चाइनीज प्लेन उड़ ही जाते हैं।

पहले भी दस में से पांच उड़ते थे, अब भी दस में से पांच उड़ रहे हैं, कोई असर नहीं। तालिबानियों ने कहा कि हमारा क्या काम कंप्यूटर सर्वर से, हम तो हाथ से खींचकर ले जाते हैं राकेट, सर्वर चले या ना चले, हमें क्या।

# बदलते आयाम और स्वरूप

**विश्व मानव तस्करी विरोध दिवस**

**राजेश मणि**



मानव तस्करी के खिलाफ हमारी लड़ाई में, हमें लगातार नवाचार के माध्यम से जुड़ने और एकजुट होने का प्रयास करना चाहिए, जिसमें डिजिटल प्रौद्योगिकी के हमारे उपयोग का अनुकूलन भी शामिल है। तस्कर दूसरों का शोषण करने के लिए इंटरनेट की लगातार बदलती प्रकृति का लाभ उठाते हैं; यह जरूरी है कि हम भी इस प्रवृत्ति का मुकाबला करने के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाएं। डिजिटल तकनीक ने हमें तस्करी को रोकने, पीड़ितों की रक्षा करने, बुरे लोगों पर मुकदमा चलाने और इस अपराध से निपटने के लिए वैश्विक साझेदारी बनाने के नए तरीके दिए हैं।

डिजिटल तकनीक और मानव तस्करी के बीच एक तरह का संबंध तब हो सकता है जब तस्कर पीड़ितों का शोषण करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि यह कोई नई घटना नहीं है, लेकिन इस मुद्दे पर नए सिरे से ध्यान दिया गया क्योंकि कई लोगों ने कोविड-19 महामारी के चरम पर अपनी दैनिक गतिविधियों को ऑनलाइन कर दिया। कई देशों की रिपोर्टों ने ऑनलाइन वाणिज्यिक यौन शोषण और यौन तस्करी में भारी वृद्धि को प्रदर्शित किया, जिसमें बच्चों का ऑनलाइन यौन शोषण (OSEC 'Online sexual exploitation of Children'), और बाल यौन शोषण सामग्री (CSAM 'Child sexual abuse material') की मांग और वितरण शामिल है। तस्करों ने पीड़ितों को तैयार करने, धोखा देने, नियंत्रित करने और उनका शोषण करने के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके व्यक्तियों का शोषण करने की योजनाओं को आगे बढ़ाना जारी रखा है।

इनमें से कुछ योजनाएं लोगों को सैकड़ों मील दूर, सीमाओं के पार भी लुभाती हैं, जबकि अन्य के लिए उन्हें अपने घरों से बाहर निकलने की आवश्यकता नहीं होती है। मानव तस्करी के पीड़ितों और बचे लोगों ने तेजी से साझा किया है कि वे पहली बार अपने तस्करों से ऑनलाइन जुड़े थे, जबकि तस्कर डिजिटल तकनीकों के अपने उपयोग को परिष्कृत और उन्नत करना जारी रखते हैं, सरकारों और अन्य तस्करी विरोधी हितधारकों को मानव तस्करी से निपटने के लिए ऐसा ही करना चाहिए। तस्कर संभावित पीड़ितों की पहचान और उन्हें तैयार करने के लिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं। यूएनओडीसी (United Nations Office on Drugs and Crime) के अनुसार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तस्करों को सक्रिय रूप से और गुमनाम रूप से एक विशिष्ट प्रकार के व्यक्ति की खोज करने में मदद करते हैं, जिनके बारे में उन्हें लगता है कि वे उनकी योजना को आगे बढ़ाने के लिए विशेष रूप से अतिसंवेदनशील हैं (शिकार प्रक्रिया), या ऑनलाइन पोस्ट करके और प्रतिक्रिया की



प्रतीक्षा करके संभावित पीड़ितों को निष्क्रिय रूप से आकर्षित करते हैं (मछली पकड़ने की प्रक्रिया)। अपराधी संभावित पीड़ितों के साथ बातचीत करते समय नकली खातों और प्रोफाइल के माध्यम से अपनी असली पहचान छिपाने के लिए सोशल मीडिया, ऑनलाइन विज्ञापन, वेबसाइट, डेटिंग ऐप और गेमिंग प्लेटफॉर्म-या ऐसे उपकरणों की धोखाधड़ी या भ्रामक नकल-का उपयोग कर सकते हैं।

एक बार जब संभावित पीड़ितों की पहचान हो जाती है और संपर्क स्थापित हो जाता है, तो इंटरनेट के माध्यम से संचार शिक्षा, रोजगार, आवास या रोमांटिक संबंधों के झूठे वादों के साथ व्यक्तियों को धोखा देने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करता है, केवल उन्हें श्रम और यौन तस्करी की स्थितियों में लुभाने के लिए। उदाहरण के लिए, एक तस्कर एक ऑनलाइन व्यावसायिक वेबसाइट बना सकता है, जिस पर वे अक्सर पीड़ित का विश्वास जीतने के लिए यथार्थवादी तस्वीरें शामिल करते हैं और उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि अवसर प्रामाणिक है और उनके करियर को आगे बढ़ाने या उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेगा। इंटरनेट शोषणकारी योजना को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में भी काम कर सकता है, जिसमें सेक्सटॉर्शन के माध्यम से भी शामिल है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) सेक्सटॉर्शन को एक गंभीर अपराध के रूप में परिभाषित करता है जो तब होता है जब अपराधी पीड़ित द्वारा यौन प्रकृति की तस्वीरें, यौन एहसान या पैसे न दिए जाने पर निजी और संवेदनशील सामग्री वितरित करने की धमकी देता है।

इसके अतिरिक्त, तस्कर जबरन अपराध को बढ़ावा देने के लिए इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं, जो एक तेजी से आम तंत्र है जिसमें तस्कर अपने पीड़ितों को ऑनलाइन घोटाले के संचालन से लेकर व्यावसायिक सेक्स तक के कामों में शामिल होने या उनका समर्थन करने के लिए मजबूर करते हैं। तस्कर बड़े पैमाने पर ऑनलाइन नौकरी लिस्टिंग के माध्यम से पीड़ितों को भर्ती करते हैं, उन्हें परिसरों में बंद कर देते हैं और गंभीर नुकसान की धमकी देकर उन्हें ऑनलाइन आपराधिक गतिविधि में शामिल होने के लिए मजबूर करते हैं। ऑनलाइन घोटाले के संचालन में अवैध ऑनलाइन जुआ, क्रिप्टोकरेंसी निवेश योजनाएं और रोमांस घोटाले शामिल हैं, जिनमें से सभी में तस्करी का शिकार व्यक्तियों के साथ संबंध बनाता है ताकि उन्हें महत्त्वपूर्ण रकम का धोखा दिया जा सके। संक्षेप में, तस्कर अपने तस्करी कार्यों की पहुंच, पैमाने और गति को बढ़ाने के लिए इंटरनेट जैसे डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं। हालांकि तकनीकी विकास के साथ तरीके और साधन विकसित हो सकते हैं, लेकिन तस्करी के मूल में शोषण अभी भी जारी है, जो इस अपराध की जांच और उससे निपटने के लिए व्यापक और अभिनव दृष्टिकोण की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।

हम सभी को विशेषकर बच्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है या मॉनिटिरंग करने की आवश्यकता है। तस्कर आए दिन अपने तरीके बदलते रहते हैं। अपने देश में इस मुद्दे को यानी मानव तस्करी को गृह मंत्रालय मॉनिटर करता है और इस संगठित अपराध को कम करने के लिए संकल्पित भी है। गृह मंत्रालय ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने का गठन करने के लिए सभी प्रदेशों को आदेश भी दिया है। आदेश के बाद लगभग राज्यों में इसका गठन हो भी चुका है। साथ ही प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के प्रिशिक्षण के लिए भी गृह मंत्रालय कार्य कर रहा है।

*(लेखक मानव सेवा संस्थान सेवा के निदेशक हैं)*

> हम सभी को विशेषकर बच्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है या मॉनिटिरंग करने की आवश्यकता है डिजिटल प्रयोग कितना है और किस प्रकार का है। तस्कर आये दिन अपने तरीके बदलते रहते हैं। अपने देश में मानव तस्करी को गृह मंत्रालय मॉनिटर करता है और इस संगठित अपराध को कम करने के लिए संकल्पित भी है। गृह मंत्रालय ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने का गठन करने के लिए सभी प्रदेशों को आदेश भी दिया है। लगभग राज्यों में गठन हो भी चुका है




## हाइड्रोजन ईंधन से हवाई सफर

- चॉमर्स यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, स्वीडन की एक अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, 2050 तक वैश्विक उड्डयन का 30 से 40 फीसद हिस्सा हाइड्रोजन ईंधन पर चलना शुरू कर सकता है
- स्वीडन ने हाइड्रोजन फ्यूल को लेकर शोध एवं विकास (रिसर्च एंड डिवेलपमेंट-आरएंडडी) पर काफी निवेश किया हुआ है

(स्रोत : मीडिया इन्पुट्स)

**भारत में भी नेशनल हाइड्रोजन प्रोग्राम के तहत काम चल रहा है, और देश का लक्ष्य 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करना है**



दिल्ली के शीर्ष नौकरशाह किसके प्रति जवाबदेह हैं? एलजी या दिल्ली सरकार के मंत्रियों के प्रति। यदि जल निकासी डी-सिल्टिंग पर चर्चा के लिए 28 जून को बैठक बुलाई गई थी, तो कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? कब तक बिना किसी जवाबदेही वाले अधिकारियों की इन बहु-श्रृंखलाओं के कारण कीमती जानों की कीमत चुकानी पड़ेगी। क्या दिल्ली अब भगवान भरोसे है?

**राजदीप सरदेसाई, पत्रकार**
**@sardesairajdeep**

# खत्म करने की चुनौती



**भुखमरी** | **रविशंकर**

दुनियाभर के लिए भुखमरी आज एक वैश्विक समस्या बन गई है। जनसंख्या बढ़ने के साथ ही विश्वभर में भुखमरी का आंकड़ा भी दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जबकि पृथ्वी पर हर एक इंसान का पेट भरने लायक पर्याप्त भोजन का उत्पादन हो रहा है, लेकिन फिर भी दुनिया के कुछ हिस्सों में भुखमरी बढ़ती जा रही है।हकीकत ये है कि आधुनिक दुनिया में आज हर 11वां इंसान अभी भी खाली पेट सोने को मजबूर है। मतलब की दुनिया में 73.3 करोड़ लोग ऐसे है,जिन्हें भरपेट खाना नसीब नहीं हो रहा है। यदि 2019 की तुलना में देखें तो इन लोगों की संख्या में 15.2 करोड़ का इजाफा हुआ है।

अफ्रीका में हालात तो और भी कहीं ज्यादा खराब है, जहां हर पांचवां इंसान भुखमरी का सामना करने को मजबूर है। ये जानकारी दुनिया में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति पर जारी एक नई रिपोर्ट में सामने आई है। 'द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड 2024' नामक ये रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ), अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी), यूनिसेफ, विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने संयुक्त रूप से प्रकाशित की है।

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि आज दुनिया की एक तिहाई आबादी ऐसी है, जो पोषण युक्त आहार खरीदने में सक्षम नहीं है। रिपोर्ट में जो आंकड़े साझा किए गए हैं वो खाद्य सुरक्षा की एक गंभीर तस्वीर पेश कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में 233 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन्हें नियमित तौर पर पर्याप्त भोजन हासिल करने के लिए जूझना पड़ रहा है। इनमें 86.4 करोड़ लोग वो हैं जिन्हें गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ा। यानी उन्हें कुछ समय बिना खाए ही गुजारा करना पड़ा है। वास्तविकता में देखें तो पोषण के मामले में दुनिया 15 साल पीछे चली गई है और कुपोषण का स्तर 2008-2009 के स्तर पर पहुंच चुका है। हालांकि देखा जाए तो ये स्थिति तब है जब सतत विकास के लक्ष्यों के तहत 2030 तक किसी को खाली पेट न सोने देने की बात कही गई थी। मतलब की इन छह वर्षों में दुनिया को एक लंबा सफर तय करना है। रिपोर्ट में ये चेतावनी भी दी गई है कि अगर मौजूदा हालात इसी तरह से जारी रही, तो 2030 तक लगभग 58 करोड़ से ज्यादा लोग गंभीर



कुपोषण का शिकार हो जाएंगे। इनमें से आधे अफ्रीका में होंगे। साफ है, दुनियाभर में तमाम प्रोग्राम और संयुक्त राष्ट्र की कोशिशों के बावजूद खाद्य असमानता और कुपोषण जैसे मुद्दे पर अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। यूं तो इंसान पांच दशक पहले ही चांद पर पहुंच गया, लेकिन इसी दुनिया में आज भी करोड़ों लोगों को चांद रोटी में नजर आता है। ताजा रिपोर्ट देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि दुनिया में भुखमरी की संख्या घटने की बजाए तेजी से बढ़ रही है। साफ है, भूख की समस्या को पूरी तरह समाप्त करने के लिए अभी दुनिया को एक लंबा रास्ता तय किया जाना बाकी है। ये कैसी विडंबना है एक ओर हमारे और आपके घर में रोज सुबह रात का बचा हुआ खाना बासी समझ कर फेंक दिया जाता है तो वहीं दूसरी ओर कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें एक वक्त का खानातक नसीब नहीं हो रहा है और वे भूख से जूझ और मर रहे है। दुनिया भर में हर साल जितना भोजन तैयार होता है उसका लगभग एक-तिहाई बर्बाद हो जाता है। बर्बाद किया जाने वाला खाना इतना होता है कि उससे दो अरब लोगों के भोजन की ज़रूरत पूरी हो सकती है। गौर करने वाली बात ये है कि दुनिया में बढ़ती संपन्नता के साथ ही लोग खाने के प्रति असंवेदनशील हो रहे हैं। खर्च करने की क्षमता के साथ ही लोगों में खाना फेंकने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। कमोबेश हर विकसित और विकासशील देश की यही कहानी है। अगर इस बर्बादी को रोका जा सके तो कई लोगों का पेट भरा जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ, खाद्यान्न की क्षति और बर्बादी न केवल संसाधनों के कुप्रबंधन का मुद्दा है बल्कि ये बड़े पैमाने पर ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी योगदान देती है। खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) का अनुमान है कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के आठ प्रतिशत के लिए खाद्य अपशिष्ट भी जिम्मेदार होते हैं।

वर्तमान समय में हर देश विकास के पथ पर आगे बढ़ने का दावा करता है। अल्पविकसित देश विकासशील देश बनना चाहते हैं तो वहीं विकासशील देश विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होना चाहते हैं। इसके लिए देशों की सरकारें प्रयास भी करती हैं तथा विकास के संदर्भ में अपनी उपलब्धियों को गिनाती हैं। यहां तक कि विकास दर के आंकड़े से ये अनुमान लगाया जाता है कि कोई देश किस तरह विकास कर रहा है कैसे आगे बढ़ रहा है? ऐसे में जब कोई ऐसा आंकड़ा सामने आ जाए जो आपको ये बताए कि अभी तो देश 'भूख' जैसी 'समस्या को भी हल नहीं कर पाया है, तब विकास के आंकड़े झूठे लगने लगते हैं। ये कैसा विकास है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को भोजन भी उपलब्ध नहीं है।

**शून्यता का अनुभव** | **ओशो**

ध्यान में तुम्हें कभी कभी एक तरह की शून्यता का अनुभव होता है; वह वास्तविक शून्यता नहीं है। मैं उसे एक तरह की रिक्तता कहता हूं। ध्यान में कुछ क्षणों के लिए तुम्हें ऐसा अनुभव होगा जैसे कि



विचार की प्रक्रिया ठहर गई है। शुरू-शुरू में ऐसे अंतराल आएंगे, लेकिन क्योंकि तुम्हें ऐसा अनुभव होता है जैसे कि विचार की प्रक्रिया ठहर गई है, इसलिए यह भी एक विचार ही है बहुत सूक्ष्म विचार। तुम क्या कर रहे हो? तुम भीतर-भीतर कह रहे हो। 'विचार की प्रक्रिया ठहर गई है।' लेकिन यह क्या है? यह एक सूक्ष्म विचार प्रक्रिया है, जो अब आरंभ हुई है। और तुम कहते हो, यह शून्यता है। तुम कहते हो, अब कुछ घटित होने वाला है। यह क्या है? फिर एक नई विचार प्रक्रिया आरंभ हो गई। जब ऐसा फिर हो तो उसके शिकार मत बनना। जब तुम्हें लगे कि कोई मौन उतर रहा है, तो उसे शब्द देना मत शुरू कर देना। शब्द देकर तुम उसे नष्ट कर देते हो। प्रतीक्षा करो; किसी चीज की प्रतीक्षा नहीं, सिर्फ प्रतीक्षा करो। कुछ करो मत। यह भी मत कहो कि यह शून्यता है। जैसे ही तुम यह कहते हो, तुम उसे नष्ट कर देते हो। उसे देखो, उसमें प्रवेश करो, उसका साक्षात करो। लेकिन प्रतीक्षा करो, उसे शब्द मत दो। जल्दी क्या? शब्द देकर मन फिर दूसरे रास्ते से प्रवेश कर गया; उसने तुम्हें धोखा दे दिया। मन की इस चालबाजी के प्रति सजग रहो। शुरू-शुरू में ऐसा होना अनिवार्य है। तो जब फिर ऐसा हो तो रुको, प्रतीक्षा करो। उसके जाल में मत फंसो। कुछ कहो मत; चुप रहो। तब तुम गहरे प्रवेश करोगे, और तब वह खोएगी नहीं। क्योंकि तुम एक बार सच्ची शून्यता को जान लो तो फिर वह खोती नहीं है। सच्ची शून्यता कभी नहीं खोती है, यही उसकी गुणवत्ता है। और एक बार तुमने अपने आंतरिक खजाने को जान लिया, एक बार तुम अपने अंतरतम केंद्र के संपर्क में आ गए, तो फिर तुम अपने काम धाम में लगे रह सकते हो, तुम जो चाहो कर सकते हो, तुम सामान्य सांसारिक जिंदगी जी सकते हो और यह शून्य तुम्हारे साथ रहेगा। तुम इसे भूल नहीं सकते; भीतर वह शून्य बना रहेगा। तुम जो भी करोगे, करना सतह पर रहेगा, भीतर तुम शून्य के शून्य रहोगे। और अगर तुम भीतर शून्य रह सके, करना सिर्फ सतह पर चलता रहा, तो तुम जो भी करोगे वह दिव्य हो जाएगा, तुम जो भी करोगे उसमें भगवत्ता का स्पर्श होगा। क्योंकि अब कृत्य तुमसे नहीं आ रहा है, अब कृत्य मूलभूत शून्यता से आ रहा है।

## रीडर्स मेल

### दर्ज हो हत्या का मुकदमा

अपनी आंखों में सिविल सेवा का सपना संजोए हुए अनेकों युवा दिल्ली का रुख करते हैं। नियम-कानून को ताक पर रखकर देश में कोचिंग उद्योग कुकुरमुत्ता की तरह छा गया है। दिल्ली में सिविल सेवा की तैयारी कराने वाले एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत लापरवाही की पराकाष्ठा है। बेसमेंट में स्टोर या पार्किंग की अनुमति प्रदान किया गया था, लेकिन नगर निकाय की मिलीभगत से बेसमेंट में लाइब्रेरी चलाया जा रहा था द्य मामले की लीपापोती के लिए आनन -फानन में कोचिंग संस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना के लिए नगर निकाय के जिम्मेदार पदाधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करना चाहिए। इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए समस्या की जड़ पर प्रहार करना अनिवार्य है।

**हिमांशु शेखर, गया**

### है पदक की उम्मीद

पेरिस ओलंपिक में भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने कांस्य पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाया है। इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी। इससे अन्य खिलाड़ियों को भी अपने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। विगत कुछ वर्षों में अनुभव किया जा रहा है कि ओलंपिक में हमारा प्रदर्शन आशानुरूप नहीं रहता। वर्तमान खेल नीति व क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों की घटती लोकप्रियता के कारण अन्य खिलाड़ी स्वयं को उपेक्षित महसूस करते हैं। आजकल बच्चे मोबाइल में व्यस्त रहते है। यदि वास्तविक रूप से हम ओलंपिक में प्रदर्शन अच्छा करना चाहते हैं तो ऐसी नई खेल नीति बनाई जाए जिसमें किशोरावस्था से ही बच्चे खेलों के प्रति प्रेरित हों। तहसील व जिला स्तर से ही खेलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। स्कूली स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। बहरहाल, अब भारत की झोली में एक पदक आ चुका है, अत यह उम्मीद की जानी चाहिए कि खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

**गोपाल सोनी, धार, मप्र**

### ये बहाना नहीं चलेगा

उत्तर प्रदेश के शिक्षकों के पास काम न करने के कई बहाने हैं। कभी वो कहते हैं रास्ते में पानी भरा है, कभी ज्यादा सर्दी तो कभी गर्म मौसम का बहाना बनाते हैं। हालांकि ये दिक्कतें तो सभी कामकाजी लोगों के लिए है। सभी अपना काम कर रहे हैं। इसमें कोई बहाना नहीं है। क्योंकि आदमी पेट के लिए तो ये सब करता है। देखा गया है कि बहाने बनाने में सरकारी शिक्षक सबसे आगे हैं। सघन जांच के वक्त ये शिक्षक जब-तब गायब मिलते हैं। पेपर में पढ़ा कि एक शिक्षिका गर्मी को बर्दाश्त ना कर पाने के कारण बेहोश हो गई। इससे पहले भी ये शिक्षक रास्ते में पानी भराव का बहाना बनाकर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करते दिखे। मीठा-मीठा हप्प कड़वा कड़वा थू थू। ये नहीं चलेगा। ये शिक्षक चाहते तो यही हैं कि काम पर ना जाना पड़े और वेतन मिलता रहे। सरकार का सख्त रवैया भी इस मामले में काबिलेतारीफ है। आखिर सरकार उन्हें वेतन दे रही है वह जनता का ही पैसा है। और नेताओं को भी इस अव्यवस्था का जनता को जवाब देना है। इसलिए सरकार चाहती है शिक्षक ड्यूटी के प्रति चौकस रहें।

**दिलीप कुमार गुप्ता, बरेली**

letter.editorsahara@gmail.com

हमें गर्व है हम भारतीय हैं

राष्ट्रीय सहारा
• राष्ट्रीयता • कर्त्तव्य • समर्पण
वर्ष-17, अंक-6060
सहारा इण्डिया मास कम्युनिकेशन के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक जिया कादरी द्वारा सहारा इंडिया मास कम्युनिकेशन प्रेस, शेड नं.-3, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल इस्टेट, पटेलनगर, देहरादून से मुद्रित तथा प्रकाशित।
। समूह संपादक - डॉ. विजय राय*।
दूरभाष - देहरादून कार्यालय - 0135-2725093, 2725094
आर.एन.आई. सं. UTTHIN/2007/22004
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

देहरादून । मंगलवार • 30 जुलाई • 2024
राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

झूठ, पाखंड, धोखा, फरेब के खिलाफ कठोर कानून बनाना अति आवश्यक है। जब तक अधर्म का नाश नहीं होगा तब तक धर्म की जय नहीं होगी। जब तक धर्म की जय नहीं होगी तब तक प्राणियों में सद्भावना नहीं होगी। जब तक प्राणियों में सद्भावना नहीं होगी तब तक विश्व का कल्याण नहीं होगा। —— अश्विनी उपाध्याय @AshwiniUpadhyay

# किसी भी देश को दूसरे देश पर हावी नहीं होना चाहिए

**टोक्यो (भाषा)।** चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) समूह के सदस्य देशों ने सोमवार को चीन को स्पष्ट संदेश देते हुए स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत को लेकर अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की। इसके साथ ही एक ऐसा क्षेत्र बनाने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया, जहां कोई भी देश दूसरे देश पर हावी न हो और प्रत्येक राष्ट्र हर प्रकार के दबाव से मुक्त हो। यहां हुई बैठक में 'क्वाड' देशों के विदेश मंत्रियों ने स्वतंत्र एवं नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने और राष्ट्रों की स्वतंत्रता, मानवाधिकारों, लोकतांत्रिक मूल्यों, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों का सम्मान करने का भी आह्वान किया। बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिकन, जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने हिस्सा लिया।

चारों विदेश मंत्रियों ने सीधे तौर पर बगैर नाम लिए पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की और किसी भी ऐसी एकतरफा कार्रवाई के प्रति 'क्वाड' के कड़े विरोध को दोहराया जिसके जरिए बल या दबाव से यथास्थिति को बदलने की कोशिश की जाती है। मंत्रियों ने कहा, क्षेत्रीय शांति, स्थिरता एवं समृद्धि में योगदान देने में सभी देशों की भूमिका है। हम एक ऐसा क्षेत्र चाहते है, जिसमें किसी देश का प्रभुत्व न हो और कोई देश किसी अन्य देश पर हावी न हो, प्रतिस्पर्धा का प्रबंधन जिम्मेदारी से किया जाए, हर देश सभी प्रकार के दबाव से मुक्त हो और अपने भविष्य को खुद निर्धारित कर सके। 'क्वाड' ने स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र की दिशा में काम करने का भी संकल्प लिया। इस क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में चीन की सैन्य मौजूदगी में वृद्धि देखी गई है। मंत्रियों ने कहा, हम एक ऐसे स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए 'क्वाड' की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते है, जो समावेशी और लचीला हो। हम स्वतंत्रता, मानवाधिकारों, कानून के शासन, लोकतांत्रिक मूल्यों, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रति अपने मजबूत समर्थन के साथ स्वतंत्र और खुली नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता को लेकर एकजुट है। मंत्रियों ने दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती गतिविधियों, खासकर तट रक्षक और समुद्री मिलिशिया पोतों के खतरनाक इस्तेमाल का भी जिक्र किया। मंत्रियों ने दक्षिण और पूर्वी चीन सागर सहित नियम-आधारित वैश्विक समुद्री व्यवस्था के समक्ष चुनौतियों का समाधान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) में प्रतिबिंबित कानून के पालन के महत्व पर बल दिया।



- 'क्वाड' की बैठक के बाद चीन को स्पष्ट संदेश
- संगठन ने स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की

**स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत, नियम-आधारित व्यवस्था के लिए काम कर रहा 'क्वाड' :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि 'क्वाड' एक ऐसे स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत और नियम आधारित व्यवस्था के लिए काम कर रहा है, जो अनिश्चित एवं अस्थिर दुनिया को स्थिर करने वाला अपने आप में एक शक्तिशाली कारक है। जयशंकर ने 'क्वाड' देशों के विदेश मंत्रियों के बैठक के बाद कहा कि 'क्वाड' केवल बातचीत करने का मंच नहीं है, बल्कि एक ऐसा मंच है, जो व्यावहारिक परिणाम पैदा करता है। विदेश मंत्री ने कहा, उदाहरण के लिए, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत संबंधी हमारी बातचीत हमारी नौसेनाओं के बीच समझ और मानक संचालन प्रक्रियाओं में प्रतिबिंबित होती है।

## आईपीएमडीए के विस्तार की योजना

**टोक्यो (भाषा)।** 'क्वाड' समूह ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, सोमवार को अपने महत्वाकांक्षी हिंद-प्रशांत समुद्री क्षेत्र जागरूकता (आईपीएमडीए) कार्यक्रम को हिंद महासागर क्षेत्र तक विस्तारित करने की योजना की घोषणा की। इससे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जल क्षेत्र की बेहतर निगरानी हो सकेगी। 'क्वाड' की विदेश मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद यह घोषणा हिंद महासागर में चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर नई दिल्ली की चिंताओं के बीच की गई। क्वाड ने यह भी कहा कि वह हिंद महासागर क्षेत्र के लिए भारत के सूचना केंद्र के माध्यम से अपने दक्षिण एशिया कार्यक्रम के शीघ्र संचालन के लिए काम कर रहा है।

## चीन ने क्वाड देशों पर लगाया कृत्रिम रूप से तनाव पैदा करने का आरोप

**बीजिंग (भाषा)।** चीन ने सोमवार को क्वाड समूह के देशों पर एशिया प्रशांत क्षेत्र में अन्य देशों के विकास को रोकने के लिए कृत्रिम रूप से तनाव पैदा करने और टकराव भड़काने का आरोप लगाया। बीजिंग का यह बयान तब आया है जब कुछ घंटों पहले क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने बैठक में स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत को लेकर अपनी दृढ प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की तथा एक ऐसा क्षेत्र बनाने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया, जहां कोई भी देश दूसरे देश पर हावी न हो और प्रत्येक राष्ट्र हर प्रकार के दबाव से मुक्त हो। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों के संयुक्त बयान पर उनकी प्रतिक्रिया पूछे जाने पर कहा कि यह एशिया-प्रशांत में शांति एवं विकास और स्थिरता की वैश्विक प्रवृत्ति के खिलाफ है। चीन को स्पष्ट संदेश देते हुए बैठक में 'क्वाड' देशों के विदेश मंत्रियों ने स्वतंत्र एवं नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने और राष्ट्रों की स्वतंत्रता, मानवाधिकारों, लोकतांत्रिक मूल्यों, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों का सम्मान करने का भी आह्वान किया।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार के प्रति प्रतिबद्धता जताई

**टोक्यो /नई दिल्ली (वार्ता)।** भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के समूह क्वाड ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पुनर्गठन और इसमें स्थाई और अस्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाए जाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। क्वाड विदेश मंत्रियों के टोक्यो सम्मेलन के बाद सोमवार को जारी संयुक्त वक्तव्य में यह प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। रविवार को संपन्न हुई इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने किया।

सदस्य देशों की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया है कि क्वाड एशिया प्रशांत क्षेत्र में स्वस्थ विकास स्थिरता और समृद्धि तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने के विषय में सामूहिक रूप से एक सकारात्मक और व्यवहारिक कार्य योजना को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है। क्वाड विदेश मंत्रियों ने बहुपक्षीय अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा है कि देश की सीमाओं के निर्धारण में बल प्रयोग का कोई स्थान नहीं है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पुनर्गठन के बारे में कहा गया कि हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई और गैरस्थाई सीटों के विस्तार सहित व्यापक संयुक्त राष्ट्र सुधार एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस संबंध में, हम सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) प्रक्रिया में सक्रिय और रचनात्मक भागीदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### द. अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति एएनसी से निष्कासित

**प्रीटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) से निष्कासित कर दिया गया है। एसएबीसी रेडियो ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि जुमा को यूमखोंटो वेसिवे पार्टी (एमके पार्टी) बनाकर एएनसी तोड़ने का दोषी पाया गया। गौरतलब है कि जून की शुरुआत में जुमा के नेतृत्व वाली एमके पार्टी दक्षिण अफ्रीका के आम चुनाव में तीसरे स्थान पर रही और पार्टी देश की नेशनल असेंबली के चुनाव में 58 सीटें जीतीं। पार्टी ने चुनाव आयोग पर वोट में धांधली का आरोप लगाया। एमके पार्टी की स्थापना दिसंबर 2023 में हुई थी। पार्टी का नाम एएनसी की अर्धसैनिक शाखा के नाम पर रखा गया था, जो 1990 के दशक तक सक्रिय थी।

### न्यूयॉर्क : पार्क में गोलीबारी एक की मौत, छह घायल

**रोचेस्टर।** न्यूयॉर्क के एक पार्क में रविवार को हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। रोचेस्टर पुलिस ने बताया कि उन्हें शाम छह बज कर करीब बीस मिनट पर मेपलवुड पार्क में गोलीबारी की सूचना मिली। मौके पर भारी भीड़ जमा थी और वहां कुछ लोग गोली लगने से घायल मिले। कैप्टन ग्रेग बेलो ने बताया कि 20 वर्ष से अधिक आयु के एक वयस्क की मौत हो गई, एक अन्य व्यक्ति को गंभीर चोट आई और पांच लोगों को मामूली चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल मृतक की पहचान उजागर नहीं की गई है। आयरनडेक्वोइट पुलिस, मोनरो काउंटी शेरिफ कार्यालय, रोचेस्टर पुलिस और न्यूयॉर्क राज्य पुलिस समेत कई पुलिस एजेंसियों ने पार्क में पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी ली।

### जापान में भीषण गर्मी लू की चेतावनी जारी

**टोक्यो।** जापान के 47 प्रान्तों में से 38 प्रांत के लिये भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि सोमवार को कुछ क्षेत्रों में भीषण लू चलने के आसार हैं। उच्च दबाव प्रणाली के कारण मुख्य रूप से पूर्वी और पश्चिमी जापान में धूप और गर्म मौसम बना रहेगा, तथा कुमागाया, कोफू और हमामात्सू शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार है। जेएमए के अनुसार, सैतामा, माएबाशी, क्योटो और ओकायामा शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है, जबकि मध्य टोक्यो, उत्सुनोमिया, ओत्सु और कोच्चि शहरों में 38 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने के आसार हैं। मौसम अधिकारियों ने लोगों को इस मौसम में सतर्कता बरतने की सलाह दी।

### नाव में लगी आग,14 मछुआरों को बचाया गया

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया के समुद्री सुरक्षा इकाइयों ने देश के पूर्वी तटीय प्रांत मोनास्टिर के पास 14 मछुआरों को बचाया, जिनकी नाव में आग लग गई थी। टीएपी ने कहा, सूसे बंदरगाह पर नियंत्रण टॉवर को शुक्रवार को एक संकट संकेत मिला कि एक मछली पकड़ने वाली नाव में आग लग गई है, जिसमें 14 मछुआरे सवार थे। दुर्घटना के समय नाव मोनास्टिर बंदरगाह से 33 समुद्री मील दूर अंतरराष्ट्रीय जल में थी। मोनास्टिर के समुद्री सुरक्षा से संबंधित दो नौसेना इकाइयों को तुरंत सहायता प्रदान करने, घटनास्थल के पास मौजूद मछुआरों के एक समूह की मदद से आग बुझाने, क्षतिग्रस्त नाव के पूरे चालक दल को निकालने और उन्हें मोनास्टिर प्रांत के तेबुलबा के मछली पकड़ने वाले बंदरगाह पर ले जाने के लिए भेजा गया।

### तस्करी करते पकड़ी गई पीआईए सदस्य न्यायिक हिरासत में

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेशी मुद्रा की तस्करी करते पकड़ी गई पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) के चालक दल की सदस्य को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। 'डॉन न्यूज' ने एक रिपोर्ट में सोमवार को बताया कि सीमा शुल्क अधिकारियों ने शनिवार को एक मजिस्ट्रेट के सामने आरोपी महिला कर्मचारी को पेश किया और उसकी हिरासत मांगी। चालक दल की सदस्य को शुक्रवार को हिरासत में लिया गया था, जब तलाशी के दौरान उसके मोजे में बड़ी मात्रा में सऊदी रियाल बरामद हुआ था।

## जंजीर से बंधी मिली महिला, अमेरिकी पासपोर्ट की फोटोकॉपी बरामद

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र के सिधुदुर्ग जिले के एक जंगल में 50 वर्षीय महिला लोहे की जंजीर से पेड़ से बंधी मिली। उसके पास से अमेरिकी पासपोर्ट की फोटोकॉपी के साथ-साथ तमिलनाडु के पते वाला आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

- महाराष्ट्र के सिधुदुर्ग जिले की घटना

अधिकारी ने बताया कि शनिवार शाम को मुंबई से करीब 450 किलोमीटर दूर सोनुरली गांव में एक चरवाहे ने महिला की चीखने की आवाज सुनी और उसे जंजीरों में जकड़ा हुआ देखकर पुलिस को सूचना दी। अधिकारी ने बताया, 'महिला को सावंतवाड़ी (राज्य के कोंकण क्षेत्र में) और फिर सिंधुदुर्ग के ओरोस के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मानसिक और स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए, उसे बेहतर उपचार के लिए गोवा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।' उन्होंने बताया, 'उसका उपचार करने वाले चिकित्सकों ने बताया कि महिला मानसिक समस्याओं से ग्रस्त है। हमें उसके पास से मेडिकल पर्चा मिला है। महिला फिलहाल खतरे से बाहर है।' उन्होंने बताया कि महिला के पास बरामद आधार कार्ड बरामद किया गया है जिस पर तमिलनाडु का पता है, उसके पास से हमें उसके अमेरिकी पासपोर्ट का फोटोकॉपी भी मिला है। उसका वीजा समाप्त हो चुका है। महिला की पहचान तमिलनाडु की रहने वाली ललिता काई के तौर पर हुयी है।'

अधिकारी ने बताया कि हमलोग इन सभी दस्तावेजों का सत्यापन करवा रहे हैं, ताकि उसकी राष्ट्रीयता का पता लगाया जाये। उन्होंने बताया कि पुलिस विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के भी संपर्क में है। पुलिस को मिली शुरुआती जानकारी के अनुसार, महिला पिछले 10 सालों से भारत में रह रही है।

## यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के फैसले के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** उच्चतम न्यायालय ने प्रश्न पत्र कथित रूप से लीक होने के आधार पर यूजीसी-नेट (राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा) परीक्षा रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हालांकि, कहा कि जनहित याचिका को खारिज करने का फैसला उसके गुण-दोष को लेकर सुनाया गया निर्णय नहीं है। उसने कहा कि इसे एक वकील ने दायर किया, न कि पीड़ित छात्रों ने।

- सीजेआई ने वकील से कहा, छात्रों को आने दें

प्रधान न्यायाधीश ने वकील से कहा, 'आप (वकील) क्यों आए हैं ? छात्रों को खुद यहां आने दीजिए।' उन्होंने कहा, 'इस जनहित याचिका को अस्वीकार करते हुए हम इसके गुण-दोष पर कुछ नहीं कहेंगे।' पीठ ने याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता उज्ज्वल गौड़ से कहा कि वह कानूनी मामलों पर ध्यान केंद्रित करें और ऐसे मुद्दों को पीड़ित व्यक्तियों के लिए छोड़ दें। यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के फैसले के खिलाफ न्यायालय में यह याचिका दायर की गई थी। परीक्षा की शुचिता से समझौता होने की जानकारी मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया था। मंत्रालय ने 19 जून को यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने का आदेश दिया था और मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी थी।

## झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाने नीट परीक्षा समाप्त करने की मांग

**नई दिल्ली (भाषा)।** लोकसभा में सोमवार को भाजपा के एक सांसद ने झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की, वहीं एक कांग्रेस सदस्य ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' को समाप्त करने की मांग की। सदन में शून्यकाल में अन्य कई मुद्दे भी सदस्यों द्वारा उठाए गए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि गत 27 जुलाई को झारखंड के पांकुड़ में कुछ आदिवासी छात्र अपनी समस्याओं को लेकर आंदोलन करना चाह रहे थे लेकिन राज्य पुलिस ने छात्रावासों में छात्रों को 'बर्बरतापूर्ण' तरीके से पीटा। उन्होंने दावा किया कि पुलिस की पिटाई के बाद दो छात्र मरणासन्न अवस्था में है, और 11 अन्य छात्र गंभीर हालत में विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा, 'राज्य सरकार बांग्लादेशियों को बसाने के लिए आदिवासियों को बर्बाद कर रही है। झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।'

- लोकसभा में सांसदों ने उठाई मांग

तमिलनाडु से कांग्रेस की सदस्य एस जोतिमणि ने राज्य में पिछले एक साल में मेडिकल प्रवेश की तैयारी कर रहे 80 विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या किए जाने का दावा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई 'नीट' परीक्षा सामाजिक न्याय के खिलाफ है और इसे समाप्त किया जाना चाहिए। शून्यकाल में ही द्रमुक के डीएम कथिर आनंद ने तमिलनाडु में बीड़ी मजदूरों की समस्या का मुद्दा उठाया।

भाजपा के राजीव प्रताप रूड़ी ने दावा किया कि देश में हर साल 30 से 40 लाख लोगों को सांप काट लेते है जिनमें से 50-60 हजार लोगों की मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि सांप काटने से मौत के सर्वाधिक मामले बिहार में होते हैं। उन्होंने राज्य में हर साल सांपों के काटने से 10 हजार से अधिक लोगों के मारे जाने का दावा किया। रूड़ी ने कहा कि वह इस समस्या की ओर केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं। शिरोमणि अकाली दल की सदस्य हरसिमरत कौर बादल ने पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार पर एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि राज्य में इस योजना के तहत फर्जी लाभार्थी दिखाकर दोगुना बजट लिया जा रहा है और निजी क्षेत्र के लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

## रूस : वोल्गोग्राड में ट्रेन पटरी से उतरी, 100 से ज्यादा घायल

**मॉस्को(आईएएनएस)।** रूस के दक्षिणी वोल्गोग्राड क्षेत्र में सोमवार को यात्री ट्रेन पटरी से उतर गई। हादसे में 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ट्रेन में 800 से ज्यादा लोग सवार थे। पटरी से उतरने से पहले ट्रेन एक ट्रक से टकराई थी। हालांकि, हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

अधिकारियों ने ये जानकारी दी। रूस टुडे के मुताबिक, 20 डिब्बों वाली यह ट्रेन रूस के तातारस्तान गणराज्य के कज़ान से सोची के पास रिसोर्ट शहर एडलर जा रही थी। स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12.30 बजे यह हादसा हुआ। वोल्गोग्राड क्षेत्र के गवर्नर एंड्री बोचारोव ने एक बयान में कहा कि नौ डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेन में 813 यात्री सवार थे। कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कम से कम 110 यात्री घायल हुए हैं और करीब 16 को अस्पताल में भती कराया गया है। किसी के मरने की खबर नहीं है। ट्रक चालक बच गया है, लेकिन उसके सिर और पैरों में चोटें आई हैं। रूस टुडे ने बताया कि घटना की आपराधिक जांच शुरू कर दी गई है।



## इस्राइल ने लेबनान में 15 ठिकानों पर दागे गोले

**साउथ लेबनान(वार्ता)।** लेबनान के आंदोलन हिजबुल्लाह के खिलाफ धमकियों के बाद इस्राइली सेना ने पूर्वी और दक्षिणी लेबनान में 15 बस्तियों पर गोलाबारी की है। लेबनानी न्यूज चैनल अल मनार ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। गौरतलब है कि इस्राइल ने शनिवार को हिजबुल्लाह पर गोलान हाइट्स पर गोलाबारी करने का आरोप लगाया था। चैनल के अनुसार इस्राइल ने पूर्वी लेबनान के बालबेक क्षेत्र में तराईय्या शहर पर गोलाबारी की। वहीं, दक्षिणी लेबनान के बिंट जबील जिले में आयता अश शब, यारून, रामयेह और ऐतरौन की बस्तियों पर बमबारी की।

## सलमान रुश्दी ने किया कमला हैरिस का समर्थन



**न्यूयॉर्क (भाषा)।** मुंबई में जन्मे लेखक सलमान रुश्दी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस का समर्थन करते हुए कहा है कि उपराष्ट्रपति हैरिस ही वह व्यक्ति है जो पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को देश को सत्तावाद की ओर ले जाने से रोक सकती है। रुश्दी ने रविवार को एक डिजिटल कार्यक्रम 'साउथ एशियन मेन फॉर हैरिस' के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैरिस के प्रति अपना समर्थन जताया। इस कार्यक्रम में सांसदों, लेखकों, नीति विशेषज्ञों, उद्यमियों और प्रवासी संगठनों सहित भारतीय-अमेरिकी समुदाय की कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं।

करर्यक्रम में रुश्दी ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। मैं बंबई (अब मुंबई) का लड़का हूं और एक भारतीय महिला को 'व्हाइट हाउस' के लिए चुनाव लड़ते देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। मेरी पत्नी अफ्रीकी-अमेरिकी है, इसलिए हमें यह बात पसंद है कि एक अश्वेत और भारतीय महिला 'व्हाइट हाउस' के लिए चुनाव लड़ रही है। हैरिस (59) अमेरिका में नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार है। उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के इस दौड़ से हटने के बाद पिछले सप्ताह राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा की थी। हालांकि, अभी डेमोक्रेटिक पार्टी ने उन्हें अपना आधिकारिक प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। ब्रिटिश-अमेरिकी उपन्यासकार रुश्दी (77) ने साथ ही कहा कि उनके समर्थन का आधार केवल जातीयता नहीं है। उन्होंने उपराष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन उम्मीदवार जेडी वेंस की भारतीय-अमेरिकी पत्नी और दक्षिण कैरोलिना की पूर्व भारतीय-अमेरिकी गवर्नर का जिक्र करते हुए कहा, हम ऊषा वेंस या निक्की हेली के लिए इस तरह एकत्र नहीं होते। रुश्दी ने कहा कि यह जोश इसलिए है क्योंकि एक सप्ताह के भीतर ही अमेरिकी राजनीति में कुछ असाधारण, परिवर्तनकारी घटित हुआ है।

### हैरिस भारतीय-अमेरिकियों के लिए आशा की प्रतीक : भुटोरिया

**वॉशिंगटन(भाषा)।** डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चंदा इकट्ठा करने वाले अजय भुटोरिया ने कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अमेरिका में 44 लाख से अधिक भारतीय-अमेरिकियों के लिए आशा और प्रतिनिधित्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हैरिस के राष्ट्रपति प्रचार अभियान का जमीनी स्तर पर उत्साह परिणाम दे रहा है।

हैरिस (59) अमेरिका में नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार हैं। उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के इस दौड़ से हटने के बाद पिछले सप्ताह राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा की थी। हालांकि, अभी डेमोक्रेटिक पार्टी ने उन्हें अपना आधिकारिक प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। 'हैरिस फॉर प्रेजीडेंट 2024' के उप राष्ट्रीय वित्त अध्यक्ष अजय भुटोरिया ने रविवार को कहा, भारतीय मूल की होने के कारण कमला हैरिस को भारतीय-अमेरिकी समुदाय का अतिरिक्त उत्साह और समर्थन हासिल है।

## मस्क ने हैरिस की आवाज की नकल वाला वीडियो साझा किया

**न्यूयॉर्क(एपी)।** अरबपति उद्योगपति एलन मस्क ने छेड़छाड़ किया हुआ एक ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है जिसमें अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार कमला हैरिस की आवाज की नकल की गई है और वे बातें कही गई है जो उपराष्ट्रपति ने कभी नहीं कही है। इस वीडियो के कारण चुनाव में एआई की गुमराह करने की ताकत को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

मस्क ने इसे शुक्रवार शाम को अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस वीडियो को साझा किया, हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट रूप से नहीं बताया कि इसे पैरोडी (ऐसा वीडियो जिसमें किसी का उपहास उड़ाने के लिए उसकी आवाज और उसके अंदाज की नकल की जाती है) के रूप में जारी किया गया था। वीडियो में हैरिस के कुछ असल दृश्य जोड़े गए है लेकिन वीडियो में पीछे हैरिस की आवाज से मेल खाती जो आवाज सुनाई दे रही है वह वास्तव में उनकी नहीं है। वीडियो में हैरिस जैसी आवाज में कहा गया है, मैं, कमला हैरिस, राष्ट्रपति पद के लिए आपकी डेमोक्रेट उम्मीदवार हूं क्योंकि जो बाइडन ने बहस में आखिरकार उजागर कर दिया कि वह बूढे हो गए है। वीडियो में कहा गया है कि हैरिस देश चलाने के बारे में कुछ नहीं जानतीं। वीडियो में हैरिस के कुछ प्रामाणिक पुराने क्लिप भी जोड़े गए हैं। हैरिस के प्रचार अभियान की प्रवक्ता मिया एहरनबर्ग ने कहा, हमारा मानना है कि अमेरिकी लोग वास्तविक स्वतंत्रता, अवसर और सुरक्षा चाहते है, जो उपराष्ट्रपति हैरिस दे रही है, न कि एलन मस्क एवं डोनाल्ड ट्रंप के नकली, हेरफेर कर फैलाए गए झूठ।बड़े पैमाने पर साझा किया जा रहा यह वीडियो इस बात का उदाहरण है कि कैसे एआई द्वारा छवियों, वीडियो या ऑडियो क्लिप का उपयोग मजाक उड़ाने और ऐसे समय में राजनीति में गुमराह करने के लिए किया जा रहा है, जब अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव होने वाले है। यह वीडियो इस बात को उजागर करता है कि कैसे उच्च गुणवत्ता वाले एआई उपकरण अधिक सुलभ हो गए है लेकिन उनके उपयोग को विनियमित करने के लिए अभी तक महत्वपूर्ण संघीय कार्रवाई का अभाव है। वीडियो को सबसे पहले पोस्ट करने वाले सोशल मीडिया उपयोगकर्ता 'मिस्टर रीगन' ने 'यूट्यूब' और 'एक्स' दोनों पर बताया है कि यह छेड़छाड़ किया गया वीडियो एक 'पैरोडी' है लेकिन मस्क ने अपने खाते से यह वीडियो साझा करते हुए शीर्षक में हंसी वाली 'इमोजी' के साथ केवल इतना ही लिखा- 'यह शानदार है'। मस्क द्वारा साझा किए वीडियो को 12 करोड़ 30 लाख लोग देख चुके है।




- राजनीति में एआई के इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ़ी

### मस्क ने गूगल पर जताया राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का संदेह

**वॉशिंगटन(वार्ता)।** अमेरिका के अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने सर्च इंजन गूगल पर अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का संदेह जताया है। मस्क ने एक्स पर कहा, वाह, गूगल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में खोज पर प्रतिबंध लगा दिया है! चुनाव में हस्तक्षेप? उन्होंने एक स्क्रीनशॉट संलग्न करते हुए दिखाया कि जब सर्च बार में 'राष्ट्रपति डोनाल्ड' टाइप किया जाता है, तो ब्राउजर के सुझाव 'राष्ट्रपति डोनाल्ड डक' और 'राष्ट्रपति डोनाल्ड रेगन' होते है। बाद में, मस्क ने एक और पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि अगर गूगल वास्तव में राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप कर रहा था, तो उसके लिए गंभीर संकट उत्पन्न हो जाएगा। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव पांच नवंबर को होने वाला है। डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रतिनिधित्व वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा किया जाना था, लेकिन रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के साथ जून की बहस में उनके बेहद खराब प्रदर्शन के बाद डेमोक्रेट्स के बीच बहुत तेजी से उन्हें राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटाए जाने की मांग उठने लगी।

'बाला प्रीतम' के नाम से विख्यात सिखों के आठवें गुरु श्री हरकिशन साहिब जी के प्रकाश पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं। — मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री

# ईट राइट इंडिया अभियान से जुड़ेंगे शिक्षण संस्थान : धन सिंह रावत

■ स्थानीय भोजन के प्रोत्साहन को प्रदेश में बनेंगे चार फूड स्ट्रीट

■ मेडिकल स्टोरों पर फार्मासिस्टों की तैनाती सुनिश्चित होगी



खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सभागार में समीक्षा बैठक लेते कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत।

**देहरादून (एसएनबी)।** प्रदेशभर के राजकीय शिक्षण संस्थानों को ईट राइट इंडिया अभियान से जोड़ा जाएगा। अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में संचालित कैंटीनों में हाईजेनिक फूड प्रणाली विकसित की जाएगी। इसके लिए विभाग प्रशिक्षण की कार्ययोजना तैयार कर कैंटीन संचालकों का प्रशिक्षण कराएगा। यह निर्णय शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए।

डा. रावत ने बताया कि हेल्दी एंड हाइजिनिक फूड स्ट्रीट प्रोग्राम के तहत प्रथम चरण में प्रदेश के चार नगर निगम क्षेत्रों में फूड स्ट्रीट विकसित किए जाएंगे। इसमें मिलेट्स से निर्मित खाद्य उत्पादों को प्रोत्साहित किया जाएगा। डा. रावत ने खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने भारत सरकार द्वारा संचालित ईट राइट अभियान से प्रदेश के समस्त सरकारी शिक्षण संस्थानों को जोड़ने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी राजकीय विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, मेडिकल कालेजों, आवासीय विद्यालयों तथा डायटों आदि में संचालित कैंटीनों में हाईजेनिक फूड प्रणाली को विकसित किया जाएगा ताकि यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं प्रशिक्षुकों को स्वस्थ व स्वच्छ भोजन परोसा जा सके।

इसके लिये उन्होंने विभागीय अधिकारियों को एक माह के भीतर प्रशिक्षण की ठोस कार्ययोजना तैयार कर कैंटीन संचालकों एवं भोजनमाताओं को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। विभागीय मंत्री ने कहा कि हेल्दी एंड हाईजेनिक फूड स्ट्रीट्स कार्यक्रम के तहत प्रदेश के चार निगर निगमों देहरादून (तरला नागल), रुद्रपुर (मुख्य बाजार), नैनीताल (तिकोनिया चौराहा) और हरिद्वार (मायापुर) में फूड स्ट्रीट विकसित होंगे। इसमें स्थानीय मोटे अनाजों से तैयार भोजन को प्रोत्साहित किया जायेगा। इसके लिये भारत सरकार द्वारा एक-एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने राज्य में जनऔषधि केन्द्रों को बढ़ावा देने के साथ ही मेडिकल स्टोरों पर फार्मासिस्टों की तैनाती सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। इसके साथ ही राज्य में फार्मा इंडस्ट्री को बढ़ावा के लिये नई कंपनियों की स्थापना के लिये सिंगल विडो सुविधा प्रदान करने को कहा।

बैठक में अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन ताजबर सिंह जग्गी, संयुक्त निदेशक खाद्य डा. आरके सिंह, उपायुक्त एफडीए जीसी कंडवाल, डा. सुधीर कुमार, डा. नीरज कुमार, जिला अभिहित अधिकारी पीसी जोशी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे जबकि सभी जनपदों के जिला अभिहित अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया।

## खाद्य पदार्थों के 601 सैम्पल में 529 असुरक्षित मिले

समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों का पावर प्वाइंट के द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 में अबतक ड्रग्स के 313 सैम्पल लिए गए, जिसमें से 252 मानकों पर खरे मिले। 64 सैम्पल मानकों से निम्न पाये गये। विभाग द्वारा 6 फर्मो के विरुद्ध डी एंड सी एक्ट तथा 8 फर्मा के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की गई, जबकि 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2023-24 में खाद्य संरक्षा के तहत 1603 खाद्य पदार्थो के सैम्पल लिए गए, जिसमें से 28 सैम्पल असुरक्षित पाये गये। इसी प्रकार विभाग द्वारा चार धाम यात्रा मार्गो पर चलाये गये अभियान के तहत विभिन्न खाद्य पदार्थो के 601 सैम्पल की जांच की गई। जिसमें 529 असुरक्षित पाये गये जबकि 72 नान कंफर्म पाये गये।

# रिक्त पद के सापेक्ष होगी अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति

■ समग्र शिक्षा अभियान में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

■ श्रमिकों के बच्चों के लिए होगी प्रवासी शिक्षा केन्द्रों की स्थापना

**देहरादून (एसएनबी)।** सोमवार को विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में समग्र शिक्षा अभियान में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में निर्माण कार्य, पीएम श्री योजना, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पहुंच, आईसीटी, व्यावसायिक शिक्षा, एफएलएन इत्यादि की प्रगति एवं कार्यान्वयन की समीक्षा भी शिक्षा मंत्री ने की।

बैठक में पीजीआई (परफारमेंश गाइड इंडिकेशन) के सुधार के लिए राज्य स्तर से पहल करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक इंडिकेटर के लिए एक नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। पीएम श्री विद्यालयों को प्रथम चरण में मूलभूत सुविधाओं एवं उत्तम शैक्षिक वातावरण से आच्छादित करने, प्रत्येक जनपद मुख्यालय में एक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास की स्थापना के लिए तत्काल मैपिंग कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही प्राथमिकता के आधार पर जनपद हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर एवं हल्द्वानी क्षेत्र में जहां छात्राओं की संख्या अधिक है, वहां कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों का उच्चीकरण कराने, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में वार्डन की नियुक्ति के बात सम्बन्धित माध्यमिक विद्यालय में रिक्त पद के सापेक्ष अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति करने के निर्देश भी मंत्री ने दिये।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में जुटे श्रमिकों के बच्चे एवं प्रदेश में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल मार्ग पर कार्य कर रहे श्रमिकों के बच्चों के लिए प्रवासी शिक्षा केन्द्रों की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर कराने को कहा गया।

महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा को निर्देशित किया गया कि वे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावासों के भ्रमण के लिए सांसदों एवं विधायकों को विशेष रूप से आमन्त्रित करें। बैठक में राज्य परियोजना निदेशक बंशीधर तिवारी, डा. मुकुल कुमार सती, कुलदीप गैरोला, संयुक्त निदेशक, पीएम पोषण, कण्डवाल, उपायुक्त एफडीए, अजीत भण्डारी, उप राज्य परियोजना निदेशक, पल्लवी नैन, उप राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड, प्रद्युमन रावत, उप राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड, अन्जुम फातिमा, उप राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड, बीपी मैन्दोली, स्टाफ आफिसर, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड सहित समग्र शिक्षा के समस्त समन्वयक एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# रोडवेज बसों की राह में कांवड़िए बने बाधक

■ कांवड़ियों की वजह से 36 घंटे में हल्द्वानी से दिल्ली पहुंच रहे यात्री

■ उमस भरी गर्मी व जाम में सफर करने को विवश यात्री

■ हल्द्वानी की तीन दर्जन से ज्यादा बसें 36 घंटे से फंसी रही जाम में

**हल्द्वानी (एसएनबी)।** राज्य परिवहन निगम की हल्द्वानी से चलने वाली बसों की राह में कांवड़िए बाधक बनने लगे हैं। इससे केवल हल्द्वानी की तीन दर्जन से ज्यादा बसें छत्तीस घंटे से भी ज्यादा समय तक जाम में फंस रही हैं। इसमें काठगोदाम-भवाली-रानीखेत-अल्मोड़ा-रामनगर-काशीपुर-रुद्रपुर-बागेश्वर डिपो की करीब बसें दिल्ली सहित-गुणगांव-फरीदाबाद-हिसार-जयपुर आने-जाने वाली बसें शामिल हैं। इससे यात्री परेशान होने लगे हैं और कांवड़ियों का मार्ग तय करने की मांग करने लगे हैं।

परिवहन निगम के कुछ चालकों का कहना है कि परिवहन निगम की बसों के लिये अमरोहा जिला प्रशासन पहले से कोई गाइड लाइन जारी नहीं करता। पुलिस प्रशासन अपनी मर्जी से कही को भी बसें भेज देता है। चालक इन बस को छोटे-छोटे मार्गो से कांवड़ के साथ उसी लाइन में चलने को मजबूर हैं। जाते समय बस गजरौला-गढ़गंगा होते हुए गई, लेकिन आते वक्त बसों को दिल्ली, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बबराला, डीवई, गवा, संभल, बिल्लारी, शाहाबाद, मिलक, केमरी, विलासपुर होते हुए रुद्रपुर, हल्द्वानी पहुंची। चालकों का कहना है कि इससे हरेक बस का करीब सौ किमी से ज्यादा दूरी तय करनी पड़ रही है, लेकिन जाम के चक्रव्यूह ने ऐसा व्यूह रचा कि यात्रियों को उमस भरी गर्मी में सफर काटना पड़ा। कई यात्रियों का कहना था कि निगम प्रबंध न को पहले से यात्रियों को अलग व जाम से सुरक्षित मार्ग से यात्रा करानी चाहिए। जिससे निगम पर यात्रियों का भरोसा कायम रहे। यात्रियों का कहना है कि उनसे अतिरिक्त किराया भी लिया गया।

जाम में फंसने से ऑनलाइन और ऑफलाइन कई बसें अपने निर्धारित समय से लेट चली और कई बसों को निरस्त भी करना पड़ा। कई यात्रियों का यह भी कहना है कि देहरादून की दूरी भी 100 किलोमीटर से ज्यादा हो गई और किराया भी 125 रुपये से ज्यादा पर यात्री वसूला जारहा है। दर्जन भर बसें तो केवल हरिद्वार तक ही गई, लेकिन देहरादून जाने वाले यात्री नैनीताल परिक्षेत्र के अलग-अलग डिपो में बस न मिलने से भटकते रहे। देहरादून आने-जाने वाली बसें निम्न मार्ग धामपुर, नहटौर:, हल्दौर, बिजनोर, मीरापुर, जांनशठ, देवबंद, नागन, छुटमलपुर, बिहारीगढ़ से देहरादून पहुंच रही है। इससे यात्रियों की जेब भी ढीली हो रही है और लोग परेशान भी हो रहे हैं।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की समस्याओं का जल्द हो निदान

■ तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करें जिलाधिकारी : सीएस

■ सरकारी कार्यक्रमों में स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया जाए



सचिवालय में स्वतंत्रता सेनानियों व उनके उत्तराधिकारियों के साथ बैठक करतीं मुख्य सचिव।

**देहरादून (एसएनबी)।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी जिलाधिकारियों को जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा उनके नाम व मोबाइल नंबर अविलंब शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न अवसरों पर सरकारी कार्यक्रमों में स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में स्वतंत्रता सेनानियों व उनके उत्तराधिकारियों के साथ बैठक की।

मुख्य सचिव ने बैठक में उपस्थित सभी स्वतंत्रता सेनानियों की समस्याओं की जानकारी ली और त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने इस दिशा में जिलाधिकारी चमोली द्वारा बेहतरीन कार्य करने के लिए सराहना की। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों कि स्मृति में सड़कों, चौराहों व द्वारों के नामकरण तथा शिलापट स्थापित करने संबंधित प्रकरणों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारी के विभिन्न प्रकरणों के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में सभी संबंधित विभागों के सचिव, वर्चुअल माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी व स्वतंत्रता सेनानी और उनके उत्तराधिकारी उपस्थित रहे।

# पक्षकारों को जवाब दाखिल करने को कहा



**नैनीताल (एसएनबी)।** हाईकोर्ट में हल्द्वानी में जुलाई माह में पौधरोपण नहीं करने, पेड़ों में सड़क चौड़ीकरण के लिए पेड़ों के ट्रांसप्लांट में वानिकी शोध संस्थान के विशेषज्ञों की मदद नहीं लेने तथा एसओपी का अनुपालन नहीं करने पर प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन, डीएफओ हिमांशु बागड़ी व डीएफओ आरसी कांडपाल को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है।

सोमवार को वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हल्द्वानी निवासी हिसांत अजीर की अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें कहा गया था कि पिछले साल कोर्ट ने जुलाई प्रथम सप्ताह में हल्द्वानी में पौधरोपण के निर्देश दिए थे लेकिन इस आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। हल्द्वानी में जुलाई प्रथम सप्ताह से पौधरोपण नहीं किया। यहां तक कि जिन पेड़ों को हटाया जा रहा है, उसमें ना तो विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है, न ही एसओपी का अनुपालन किया जा रहा है। एकलपीठ ने मामले को सुनने के बाद पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है।

## बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को राहत

**नैनीताल।** हाई कोर्ट ने बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए वर्ष 2006 में विधान सभा में अधिनियम पारित किए जाने से पहले की सेवाओं को भी इसमें शामिल करने का आदेश दिया है। इस अधिनियम की वजह से उनका उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा बोर्ड से राज्य सरकार में स्थानांतरण कर दिया गया था।

कोर्ट ने राज्य सरकार को वरिष्ठता, अवकाश नकदीकरण और अन्य प्रासंगिक पहलुओं सहित सभी सेवा लाभों से संबंधित दावों पर आठ सप्ताह के भीतर निर्णय लेने के निर्देश सरकार को दिए है। न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ में याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें याचिकाकर्ताओं का कहना था कि वह बेसिक शिक्षा बोर्ड, उत्तर प्रदेश में कार्यरत थे। राज्य के पुनर्गठन के बाद विधानमंडल ने 2006 में उत्तरांचल विद्यालय शिक्षा अधिनियम लागू किया। अधिनियम की धारा-58 में यह प्रावधान था कि बेसिक शिक्षा बोर्ड के शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को राज्य सरकार में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जिससे वह उत्तराखंड राज्य सरकार के कर्मचारी बन जाएंगे। 24 जून 2006 को एक सरकारी आदेश जारी किया गया, याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने तर्क दिया था कि हालांकि उनकी स्थिति बेसिक शिक्षा परिषद के कर्मचारियों से सरकारी कर्मचारियों में बदल दी गई थी, लेकिन उन्हें सेवा लाभ के संदर्भ में बेसिक शिक्षा परिषद में की गई उनकी पिछली सेवा से प्राप्त लाभों से वंचित कर दिया था।

## अंतिम छोर के व्यक्ति को मिले लाभ : नवाब

**हल्द्वानी (एसएनबी)।** उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग मजहर नईम नवाब ने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाने को कहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरे मनोयोग के साथ कार्य करें। यह निर्देश नवाब ने सोमवार को यहां सर्किट हाउस काठगोदाम में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की एक समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष किशोर जोशी,प्रताप रैल,महबूब आलम के साथ ही सीएमओ श्वेता भण्डारी, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, अधीक्षण अभियंता जलसंस्थान विशाल मिश्रा, अधिशासी अभियंता लोनिवि अशोक कुमार, अधीक्षण अभियंता विद्युत नवीन मिश्रा के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## थपलियाल बने बीकेटीसी के सीईओ



**देहरादून।** देहरादून कृषि उत्पादन मण्डी समिति के सचिव विजय प्रसाद थपलियाल को तीन वर्ष की प्रतिनियुक्ति पर श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति का मुख्य कार्याधिकारी नियुक्त किया गया है। धर्मस्व-तीर्थाटन प्रबंधन सचिव हरिश्चंद सेमवाल ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि प्रतिनियुक्ति इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की जा रही है कि विजय प्रसाद थपलियाल पैतृक विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए तत्काल शासन के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

## छोटे पर्दे के कार्यक्रम

बी4यू : अप. 03:00 बजे



फिल्म : 'वीर'

**डीडी-1** 05.00 आराधना, 05.30 वंदेमातरम, 05.31 आराधना, 06.00 आरती : रामलला, 06.30 सोच बदलो जीवन बदलो, 07.00 योगा, 07.30 चित्राहार, 08.00 मॉर्निंग शो, 09.00 सांई बाबा, 10.00 महाभारत, 11.00 हम तो मिडिल क्लास हैं, 11.30 जानकी, 12.00 आवंतिका, 12.30 वाह क्या टेस्ट है, 01.00 हिंदी फीचर फिल्म, 04.00 पिग्गी बैंक, 04.30 गली गली सिम सिम, 05.00 महाभारत, 06.00 सांई बाबा, 07.00 संकट मोचन हनुमान, 07.30 चित्राहार, 08.00 हम तो मिडिल क्लास हैं, 08.30 जानकी, 09.00 आवंतिका, 09.30 पलटन, 10.00 युग, 10.30 चित्राहार, 11.00 वाह क्या टेस्ट है, 11.30 मेलोडियस 8।

**सहारा वन** 06.00 जय जय जय बजरंगबली, 06.30 डोली सजा के, 07.00 वो रहने वाली महलों की, 07.30 घर एक सपना, 08.00 डोली सजा के, 08.30 जय जय जय बजरंगबली, 09.00 करिश्मा, 09.30 घर एक सपना, 10.00 वो रहने वाली महलों की, 10.30 करिश्मा, 11.00 जय जय जय बजरंगबली, 11.30 डोली सजा के, 12.00 हिंदी फीचर फिल्म, 03.00 हिंदी फीचर फिल्म।

**जी टीवी** 06.00 कुमकुम भाग्य, 06.30 कुण्डली भाग्य, 07.00 मीत, 07.30 भाग्य लक्ष्मी, 08.00 मैं हूं अपराजिता, 08.30 राधा मोहन, 09.00 कुण्डली भाग्य, 09.30 भाग्य लक्ष्मी, 10.00 मीत, 10.30 कुमकुम भाग्य, 11.00 कुण्डली भाग्य, 11.30 भाग्य लक्ष्मी, 12.00 राधा मोहन, 12.30 कुमकुम भाग्य, 01.00 कुण्डली भाग्य, 01.30 भाग्य लक्ष्मी, 02.00 मैं हूं अपराजिता, 03.00 कुण्डली भाग्य, 04.00 मीत, 05.00 कुण्डली भाग्य, 05.30 भाग्य लक्ष्मी, 06.00 मीत, 07.00 मैत्री, 07.30 मैं हूं अपराजिता, 08.00 राधा मोहन, 08.30 भाग्य लक्ष्मी, 09.00 कुमकुम भाग्य, 09.30 कुण्डली भाग्य, 10.00 रब से है दुआ, 10.30 मीत, 11.00 भाग्य लक्ष्मी, 11.30 राधा मोहन।

**स्टार प्लस** 06.05 गुम है किसी के प्यार में, 06.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 08.00 तेरी मेरी दूरियां, 08.30 गुम हैं किसी के प्यार में, 09.00 अनुपमा, 09.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 10.00 पंड्या स्टोर, 10.30 गुम हैं किसी के प्यार में, 11.00 तेरी मेरी दूरियां, 11.30 अनुपमा, 12.00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 12.30 दिया और बाती हम, 02.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 05.00 साथ निभाना साथिया, 06.00 प्यार का दर्द है मीठा मीठा प्यारा प्यारा, 07.00 तेरी मेरी दूरियां, 07.30 पंड्या स्टोर, 08.00 गुम हैं किसी के प्यार में, 08.30 इमली, 09.00 फालतू, 09.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 10.00 अनुपमा, 10.30 ये हैं चाहतें, 11.00 चाशनी, 11.30 गुम हैं किसी के प्यार में।

### टीवी की फिल्में

**बी4यू**

07.00 प्रातः 'दरार', 11.00 पूर्वा. 'बादशाह', 03.00 अप. 'वीर', 07.00 रात्रि 'खुद्दार', 11.00 रात्रि 'जान से प्यारा'।

**& फिलिक्स**

09.15 प्रातः 'एसेसिनेशन गेम्स', 11.00 पूर्वा. 'अंडरवर्ल्ड', 12.25 अप. '30 मिनिट्स और लैस', 03.35 अप. 'एनाकोंडा 4', 04.55 अप. '30 डेज आफ नाइट्स', 07.05 रात्रि 'एक्सीडेंट मैन', 09.00 रात्रि 'द लीजेंड आफ जोरो'।

**मुवीज नाउ**

10.00 प्रातः 'लारा क्राफ्ट टॉम्ब राइडर', 11.45 पूर्वा. 'रेडी और नाट', 01.15 अप. 'डोरा एंड द लोस्ट सिटी आफ गोल्ड', 03.05 अप. 'टॉप गन', 05.10 सायं 'एपिक', 06.50 सायं 'रॉथ आफ मैन', 08.50 रात्रि 'हाउ टू ट्रेन योर ड्रेगन'।

**सोनी पिक्स**

10.30 प्रातः 'इट चेप्टर2', 01.15 अप. 'पेसफिक रिम', 03.30 अप. 'मेड मैक्स', 05.35 सायं 'वेनम', 07.35 रात्रि 'अन्नाबेले', 09.00 रात्रि 'जॉन विक'।

**ट्रैवल एंड लिविंग** 07.00 केक बॉस, 08.00 ब्राइड बाई डिजाइन, 08.30 कर्वी ब्राइड, 09.30 कैंडी क्वीन, 10.30 रैकल एलन आल थिंग्स स्वीट, 12.00 प्रोजेक्ट रनवे, 01.00 केक बॉस, 02.00 अल्टीमेट केक ऑफ, 05.00 ब्राइड बाई डिजाइन, 05.30 कर्वी ब्राइड, 06.00 केक बॉस, 10.00 प्रोजेक्ट रनवे।

**डिस्कवरी** 08.00 ड्युअल सरवाइवल, 09.00 मैन वर्सेस वाइल्ड, 01.30 सैवेज फैमिली ड्रिगर्स, 02.00 फूड फैक्ट्री, 05.00 मैन वर्सेस वाइल्ड, 09.00 मुम्बई रेलवेज, 12.00 हंटिंग।

**एनीमल प्लेनेट** 08.00 न्यू लाइफ : बार्न टू हंट, 09.00 मामा हायना, 03.00 क्रॉस ऑफ कटुमा, 11.00 रिवेंज ऑफ द लॉयन क्वीन्स।

**सोनी बीबीसी अर्थ** 08.00 टैक टॉयज 360, 09.00 द माइंड कंट्रोल फ्रैक्स, 11.30 एवींथिंग यू नीड टू नो, 12.00 वैदर कंट्रोल वाइरल, 01.00 टैक टॉयज 360, 01.30 गजट मैन, 02.30 एवींथिंग यू नीड टू नो, 03.00 व्हाट आन अर्थ, 04.00 फ्रंटलाइन बैटल मशीन्स विद माइक ब्रेव, 05.00 हाउ द यूनिवर्स वर्क्स, 06.00 टैक टॉयज 360।

## राशिफल/पंचांग

मंगलवार, 30 जुलाई, 2024

पं. कृष्ण गोपाल मिश्र

| बु.5 | | 3 |
|---|---|---|
| के.6 | शु.सू.4 | चं.वृ.मं.2 |
| 7 | | 1 |
| 8 | 10 | रा.12 |
| 9 | | श.11 |

**दैनिक सूर्योदय :** दिल्ली-प्रातः 05:41, काशी-प्रातः 05:24, कानपुर-प्रातः 05:33, पटना-प्रातः 05:15, देहरादून-प्रातः 05:35, गोरखपुर-प्रातः 05:20, लखनऊ-प्रातः 05:29 बजे। **दैनिक सूर्यास्त :** दिल्ली-रात्रि 07:13, काशी-सायं 06:44, कानपुर-रात्रि 06:56, पटना-सायं 06:36, देहरादून-रात्रि 07:12, गोरखपुर-सायं 06:45, लखनऊ-रात्रि 06:55 बजे। **दैनिक चंद्रोदय :** दिल्ली-अर्द्धरात्रियोत्तर 01.24, काशी-अर्द्धरात्रियोत्तर 01.08, कानपुर-अर्द्धरात्रियोत्तर 01.17, पटना-अर्द्धरात्रियोत्तर 00.59, देहरादून-अर्द्धरात्रियोत्तर 01 :15, गोरखपुर-अर्द्धरात्रियोत्तर 01.03, लखनऊ-अर्द्धरात्रियोत्तर 01.13 बजे। **दैनिक चंद्रास्त :** दिल्ली-अप. 03.04, काशी-अप. 02:31, कानपुर-अप. 02:45, पटना-अप. 02:23, देहरादून-अप. 03:05, गोरखपुर-अप. 02:33, लखनऊ-अप. 02:43 बजे। राहुकाल 03:00 से 04:30 बजे। राष्ट्रीय श्रावण 08, शक् संवत् 1946। श्रावण कृष्ण दशमी, संवत् 2081, सौर (कर्क) श्रावण मास की 16, प्रविष्टें। मुहर्रम् 23, हिजरी 1446 (मुस्लिम)। वर्षा ऋतु। श्रावण कृष्ण पक्ष दशमी अप. 16:44 बजे तक, तदन्तर एकादशी तिथि शुरु। कृत्तिका नक्षत्र प्रातः 10:23 बजे तक तदन्तर रोहिणी नक्षत्र शुरु। वृद्धि योग अप. 15:56 बजे तक, तदन्तर ध्रुव योग शुरु। चन्द्रमा पूरा दिन-रात वृषभ राशि में ही संचरण करेगा।

### -- दैनिक राशिफल --

**मेष :** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में तालमेल बैठाने का प्रयत्न करें। नये कार्यो के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा।

**बृषभ :** विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलें। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुन :** किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कर्क :** किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। किसी पुराने संबंधी से भेंट संभव।

**सिंह :** अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर होंगे। रोजगार की समस्याओं को लेकर चिंतित होंगे। बड़ी यात्रा के प्रति उत्साहित होंगे। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**कन्या :** कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुला :** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**वृश्चिक :** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। निरर्थक दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें, अन्यथा छवि कुप्रभावित हो सकती है।

**धनु :** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा। दूसरों की बात इधर से उधर न करें। जीवन साथी का भावनात्मक सहयोग मिलेगा।


**मकर :** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से प्रसन्न होंगे। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है।

**कुंभ :** रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे परन्तु आवेश में कोई निर्णय न लें। राजनीतिज्ञों की व्यस्तता बढ़ेगी। श्रेष्ठजनों का स्नेहमिलेगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

**मीन :** अपकी सारी समस्याएं खुद-ब-खुद सुलझ जाएंगी, थोड़ धैर्य पूर्वक वक्त का इन्तजार करें। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

यह मेरे लिए एक सुखद आश्चर्य था जब विशेषज्ञ नेपाली पर्वतारोही मिंगमा डेविड शेरपा ने माउंट एवरेस्ट पर अपनी हालिया चढ़ाई पर मेरी पुस्तक 'दोगलापन' को ले जाने और पढ़ने का फैसला किया। वह व्यक्ति पर्वतारोहण का दिग्गज है।
अशनीर ग्रोवर@Ashneer_Grover

सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी-बुच से यह सवाल पूछने का मौका मिलने पर खुशी हुई कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय घरेलू बचत की गतिशीलता कैसे बदल गई है, भविष्य में बदलाव की उम्मीद है और क्या बुलबुले की तरह उठे बिना बाजार के लिए दोहरे अंक के रिटर्न का लक्ष्य रखा जा सकता है
फिरोज अजीज@feroze_azeez



## समीक्षा सार

### प्राइम डे पर रिकार्ड बिक्री

बेंगलुरु। अमेजन इंडिया ने घोषणा की है कि प्राइम डे 2024 अब तक का सबसे बड़ा प्राइम डे शॉपिंग इवेंट था, जिसमें रिकार्ड बिक्री हुई और पिछले किसी भी प्राइम डे इवेंट की तुलना में इस बार के दो दिवसीय इवेंट के दौरान अधिक आइटम बेचे गए। अमेजन प्राइम के डिलीवरी और रिटर्न एक्सपीरियंस, भारत और उभरते बाजारों के प्रमुख अक्षय साही ने कहा, 'हम भारत में अब तक का सबसे बड़ा प्राइम डे प्रदान करने में मदद करने के लिए अपने विक्रेताओं, ब्रांडों और बैंक भागीदारों का आभार मानना चाहते हैं।

### लोहिया के 5 नए ई-तिपहिया

नई दिल्ली। लोहिया ने अपने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के पोर्टफोलियो के तहत पांच नए 3 व्हीलर लांच किए हैं। नए माडल विभिन्न क्षेत्रों में पैसेंजर और कार्गो, दोनों तरह की जरूरतों को पूरा करेंगे। नए लाइनअप में हमसफर एल5 पैसेंजर, एल5 कार्गो, नारायण आईसीई एल3, नारायण डीएक्स, और नारायण सी+, नारायण बेस एसएस, आईसीएच, कम्फर्ट एफ2एफ+, यूटिलिटी व्हीकल शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक में कीलेस एंट्री, एलईडी लाइट और एक नए बटरफ्लाई डिजाइन जैसे एडवांस्ड फीचर्स भी हैं। यह जानकारी कंपनी के सीईओ आयुष लोहिया ने दी।

### ज्वेलरी फेस्टिवल पहली से

नई दिल्ली। डायमंड सॉलिटेयर ज्वेलरी के प्रमुख ब्रांड, डिवाइन सॉलिटेयर्स एक से 31 अगस्त तक सॉलिटेयर्स फेस्टिवल का आयोजन करेगा। कंपनी ने इस बार अभिनेत्री वाणी कपूर को ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। इस मौके पर डिवाइन सॉलिटेयर के संस्थापक जिग्नेश मेहता ने कहा कि फेस्टिवल में डायमंड सॉलिटेयर ज्वैलरी की हर खरीद पर सुनिश्चित उपहार मिलेंगे। हर खरीद पर 11, 17 और 24 अगस्त को होने वाले साप्ताहिक लकी ड्रॉ का कूपन मिलेगा, जिसमें आईफोन से लेकर ऑल्टो कार तक के कई पुरस्कार मिलेंगे ड्रा 4 सितम्बर को होगा।

### जेनसोल को मिला ठेका

नई दिल्ली। जेनसोल इंजीनियरिंग को गुजरात के खावड़ा आरई पावर पार्क में सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए 463 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। इस ठेके के तहत जेनसोल सौर संयंत्र की इंजीनियरिंग, डिजाइन, खरीद, स्थापना, परीक्षण तथा उसे चालू करने का काम करेगी। जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड की सोलर ईपीसी (इंडिया) की मुख्य कार्यपालक अधिकारी शिल्पा उरहेकर ने कहा, 'यह ठेका जेनसोल की परियोजना प्रबंधन क्षमताओं और निष्पादन विशेषज्ञता के नेतृत्व में विश्वास दर्शाता है।

### ग्रुनर ने 6 करोड़ डालर जुटाए

नई दिल्ली। ग्रुनर रिन्यूएबल एनर्जी ने छह करोड़ अमेरिकी डालर का वित्त पोषण हासिल किया है। इसका इस्तेमाल कंपनी हरित ऊर्जा क्षेत्र में उपस्थिति बढ़ाने के लिए करेगी। कंपनी बयान के अनुसार, ग्रुनर रिन्यूएबल एनर्जी की देश भर में नए संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र स्थापित करने की योजना है। उसने भारत में सीबीजी परियोजनाओं के विस्तार के लिए छह करोड़ अमेरिकी डालर जुटाए हैं। यह जानकारी ग्रुनर रिन्यूएबल एनर्जी के संस्थापक एवं सीईओ उत्कर्ष गुप्ता ने दी।

### ब्लूपाइन को मिली वित्तीय मदद

नई दिल्ली। ब्लूपाइन एनर्जी को टाटा कैपिटल से 239 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मिली है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस राशि का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा परियोजना के लिए किया जाएगा। 75 मेगावाट की इस परियोजना से प्रतिवर्ष करीब 11. 7 करोड़ यूनिट (एमयू) ऊर्जा उत्पन्न होने तथा 107,000 टन से अधिक सीओ2 उत्सर्जन की भरपाई होने की उम्मीद है। ब्लूपाइन एनर्जी एक अग्रणी अक्षय ऊर्जा सेवा कंपनी है। इसकी जिसकी स्थापना एक्टिस द्वारा भारत में की गई है।

### इंडियन बैंक को रिकार्ड लाभ

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 41 प्रतिशत बढ़कर 2,403 करोड़ रुपये हो गया है। चेन्नई स्थित इस बैंक ने एक साल पहले इसी अवधि में 1,709 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। खराब कर्ज में कमी से बैंक के नतीजे बेहतर रहे हैं। इंडियन बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढकर 16,945 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 14,759 करोड़ रुपये थी।(एजेंसियां)


# पहली बार बिजली निर्यातक बना नेपाल

■ भारत से बिजली आयात पर खर्च होने वाली रकम से ज्यादा मूल्य की बिजली निर्यात की

**काठमांडो (भाषा)।**

नेपाल पहली बार शुद्ध बिजली निर्यातक बन गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यहां बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में बिजली निर्यात से होने वाली आय भारत से बिजली आयात पर होने वाले खर्च से अधिक रही है।

भारत ने 2021 में नेपाल को अपने बाजार में बिजली बेचने की अनुमति दी थी। इस समय नेपाल भारतीय बाजार में 690 मेगावाट बिजली का निर्यात कर रहा है। नेपाल जून से नवम्बर तक चलने वाले व्यस्त उत्पादन सत्र में अपनी अधिशेष बिजली भारत को निर्यात करता है। दूसरी ओर वह शुष्क मौसम के दौरान भारत से बिजली आयात करता है। नेपाल बिजली प्राधिकरण (एनईए) के प्रवक्ता चंदन घोष ने कहा, 'एनईए ने 2023-24 में भारत को 16.93 अरब रुपये की बिजली निर्यात की, जबकि हमने समान अवधि में उस देश से 16.81 अरब रुपये की बिजली आयात की।' इस तरह, एनईए को इस लेनदेन से 12 करोड़ रुपये का लाभ हुआ।



उन्होंने कहा, 'हमें आने वाले दिनों में भारत को अधिक बिजली निर्यात करके अधिक लाभ कमाने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा कि नेपाल अपनी घरेलू मांगों को पूरा करने के बाद ही बिजली निर्यात करेगा। घोष ने कहा कि निजी क्षेत्र का उत्पादन बढ़ने से बिजली निर्यात में काफी वृद्धि हुई है।

## एनबीसीसी को मेडिकल कालेज बनाने का ठेका

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी की शाखा को महाराष्ट्र में एक नए मेडिकल कालेज और 430 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण के लिए 411.45 करोड़ रुपये का ठेका मिला है।

एनबीसीसी ने बताया कि एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड को हाल ही में बुलढाणा में 100 छात्र क्षमता वाले नए सरकारी मेडिकल कॉलेज और 430 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण' का ठेका दिया गया है। यह ठेका उसे महाराष्ट्र सरकार के चिकित्सा शिक्षा और आयुष विभाग ने दिया है। एनबीसीसी परियोजना प्रबंधन परामर्श और रियल एस्टेट कारोबार में है।

वित्तीय क्षेत्र में डिजिटलीकरण का असर

# कम लागत पर वित्तीय उत्पादों तक पहुंच हुई आसान



**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को कहा कि वित्तीय क्षेत्र में डिजिटलीकरण से अगली पीढ़ी की बैंकिंग का रास्ता खुल रहा है। उन्होंने कहा कि इससे सस्ती लागत पर वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बेहतर हो रही है। गवर्नर ने 2023-24 के लिए मुद्रा और वित्त (आरबीएफ) पर रिपोर्ट की प्रस्तावना में यह भी कहा कि प्रमुख एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) ने अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए खुदरा भुगतान अनुभव में क्रांति ला दी है। इससे लेन-देन तेज और अधिक सुविधाजनक हो गया है।

■ डिजिटलीकरण से खुल रहा अगली पीढ़ी की बैंकिंग का रास्ता : शक्तिकांत
■ खुदरा भुगतान के क्षेत्र में यूपीआई से क्रांति आई
■ डिजिटल मुद्रा के क्षेत्र में सीबीडीसी के पायलट परीक्षण में ई रुपी आगे
■ ओपेन क्रेडिट इनेबलमेंट नेटवर्क, डिजि कामर्स के ओपेन नेटवर्क जैसी पहलों से मजबूत हो रहा है डिजिटलीकरण

डिजिटल मुद्रा क्षेत्र में रिजर्व बैंक ई-रुपी, केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) के पायलट परीक्षण के साथ सबसे आगे है। डिजिटल ऋण पारिस्थितिकी तंत्र ओपन क्रेडिट इनेबलमेंट नेटवर्क, डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क और सुविधाजनक कर्ज के लिए सार्वजनिक प्रौद्योगिकी मंच जैसी पहलों के साथ मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियां ऋण सेवा प्रदाताओं के रूप में बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के साथ सहयोग कर रही हैं। वे डिजिटल ऋण की सुविधा के लिए मंच भी संचालित कर रहे हैं।

दास ने कहा, 'वित्तीय क्षेत्र में डिजिटलीकरण से अगली पीढी की बैंकिंग का रास्ता खुल रहा है, सस्ती लागत पर वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में सुधार हो रहा है, और लाभार्थियों को लागत-कुशल तरीके से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण बढ रहा है।' उन्होंने कहा कि ये सभी नवाचार वित्तीय बाजारों को अधिक कुशल और एकीकृत बना रहे हैं।

## सूचीबद्ध इकाई बनी रहेगी इंडिया सीमेंट

**नई दिल्ली (भाषा)।**

इंडिया सीमेंट लिमिटेड (आईसीएल) एक सूचीबद्ध इकाई बनी रहेगी। कंपनी का अधिग्रहण करने वाली अल्ट्राटेक की सीमेंट कंपनी को शेयर बाजार से हटाने की कोई योजना नहीं है। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक ने शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी।

इंडिया सीमेंट के प्रवर्तक एन. श्रीनिवासन और उनके परिवार के नियंत्रण वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का स्वामित्व उनके पास बना रहेगा। अल्ट्राटेक के लिए खुली पेशकश का प्रबंधन कर रही एक्सिस कैपिटल ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि प्रमुख सीमेंट कंपनी आईसीएल के 8.05 करोड़ शेयरों का अधिग्रहण करेगी। यह चेन्नई की इंडिया सीमेंट्स में 26 प्रतिशत प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

इसमें कहा गया है, 'अल्ट्राटेक का इस खुली पेशकश के तहत आईसीएल की सूचीबद्धता समाप्त करने की कोई योजना नहीं है।' खुली पेशकश 390 रुपये प्रति शेयर के भाव पर की गयी है। इस हिसाब से यह पेशकश 3,142.35 करोड़ रुपये की बैठती है। यह सौदा भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी पर निर्भर है। पेशकश कीमत शेयर भाव से 3.53 प्रतिशत अधिक है। आईसीएल का शेयर बीएसई में 376.70 रुपये पर कारोबार कर रहा है, जो पिछले बंद भाव से 0.56 प्रतिशत अधिक है। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने रविवार को इंडिया सीमेंट्स के प्रवर्तकों और उनके सहयोगियों से 3,954 करोड़ रुपये में 32.72 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा की।

# कॉनकॉर के निजीकरण का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में

■ कैबिनेट ने कंपनी में 30.8 फीसद हिस्सेदारी बेचने को दी थी मंजूरी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सरकार ने कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) के निजीकरण को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कॉनकॉर में प्रबंधन नियंत्रण के साथ ही 30.8 प्रतिशत हिस्सेदारी की रणनीतिक बिक्री को मंजूरी दी थी। कॉनकॉर रेलवे मंत्रालय के तहत एक नवरत्न सार्वजनिक उपक्रम (पीएसयू) है। सरकार के पास वर्तमान में कॉनकॉर की 54.80 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

अधिकारी ने कहा, 'सरकार द्वारा कॉनकॉर की रणनीतिक बिक्री को आगे बढ़ाने की संभावना नहीं है। रेलवे मंत्रालय और निवेशकों की ओर से कुछ चिंताएं है।' अधिकारी ने आगे कहा कि कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी 54.80 प्रतिशत होने के कारण, कॉनकॉर में बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाने की बहुत कम गुंजाइश है।

■ रेल मंत्रालय की नवरत्न कंपनी है कॉनकॉर
■ सरकार के पास कंपनी में हैं 54.80% शेयर
■ रेल मंत्रालय व निवेशकों की चिंताओं की वजह से टली है बिक्री
■ वर्ष 2019 में मिली मंजूरी के बाद भी अब तक नहीं हुआ विनिवेश

कॉनकॉर की बिक्री के लिए मंत्रिमंडल ने 2019 में मंजूरी दी थी, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई सार्थक प्रगति नहीं हुई है और रणनीतिक बिक्री के लिए रुचि पत्र (ईओआई) भी आमंत्रित नहीं किए गए है।



# 7% से ज्यादा रह सकती है इकोनामी की रफ्तार

■ आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर ने जताई उम्मीद

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सामान्य मानसून और चुनावी अनिश्चितता दूर होने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत से अधिक और शायद 7.5 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर ने यह उम्मीद जताई है।

एनसीएईआर ने मासिक आर्थिक समीक्षा (एमईआर) के जुलाई, 2024 के अंक में कहा कि स्थिर उपभोग मांग और लगातार सुधरती निवेश मांग के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वास्तविक वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही है।



नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनामिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा, 'अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने वाले संकेतकों में तेजी, सामान्य मानसून, अपेक्षाकृत बेहतर वैश्विक परिदृश्य और भारत तथा बाकी दुनिया में चुनावी अनिश्चितता कम होने के चलते वृद्धि दर सात प्रतिशत से अधिक और शायद 7.5 प्रतिशत के करीब रह सकती है।' गुप्ता ने कहा कि आम बजट 2024-25 राजकोषीय समेकन, विवेक और गुणवत्ता के लिहाज से अपेक्षाओं पर खरा उतरा है।

बजट में 2024-25 के दौरान राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी के 4.9 प्रतिशत और पूंजीगत व्यय का लक्ष्य जीडीपी के 2.4 प्रतिशत पर रखा गया है।

### वेब सीरीज लाएगा RBI



**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपने कामकाज और 90 साल के सफर पर पांच एपिसोड की वेब सीरीज लाने की योजना बना रहा है। आरबीआई के 90 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वेब सीरीज के निर्माण और वितरण के लिए ई-निविदा के जरिए बोलियां आमंत्रित करने वाले आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, वेब सीरीज करीब तीन घंटे की होगी और इसके एक एपिसोड की अवधि 25-30 मिनट रखने का प्रस्ताव है। इसे टीवी चैनल या ओटीटी मंच पर प्रसारित किया जाएगा। आरबीआई की स्थापना 1935 में की गई थी और इस वर्ष अप्रैल में इसने 90 वर्ष पूरे कर लिए।

## बंधन बैंक के शेयर में 14 प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली (भाषा)।**

निजी क्षेत्र के बंधन बैंक के शेयर में सोमवार को करीब 14 की तेजी आई। कंपनी के अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ में 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने की जानकारी देने के बाद उसका शेयर चढ़ गया।

बीएसई पर कंपनी का शेयर 13.64 प्रतिशत चढ़कर 218.70 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 14.28 प्रतिशत बढ़कर 219.95 रुपये पर पहुंच गया था। एनएसई पर यह 13.50 प्रतिशत उछलकर 218.50 रुपये प्रति शेयर पर रहा।

कंपनी का बाजार मूल्यांकन 4,228.8 करोड़ रुपये बढ़कर 35,231.92 करोड़ रुपये हो गया।

# सीगल का आईपीओ एक अगस्त को खुलेगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** ढांचागत क्षेत्र की कंपनी सीगल इंडिया लिमिटेड ने 1,253 करोड़ रुपये मूल्य के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सोमवार को 380 रुपये से 401 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। लुधियाना स्थित कंपनी का आईपीओ एक अगस्त को खुलेगा और पांच अगस्त को बंद होगा। कंपनी के आईपीओ में 684.25 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयरों की पेशकश के अलावा प्रवर्तकों एवं व्यक्तिगत शेयरधारकों की तरफ से 568.41 करोड़ रुपये मूल्य के 1.42 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश लाई जाएगी।

मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर सीगल इंडिया के आईपीओ का आकार 1,252.66 करोड़ रुपये आंका गया है। इसमें प्रवर्तक एवं प्रवर्तक समूह इकाइयों के अलावा व्यक्तिगत शेयरधारक कंवलदीप सिंह लूथरा अपनी हिस्सेदारी बेच रहे हैं। नए निर्गम से मिलने वाली राशि का इस्तेमाल उपकरणों की खरीद और कर्ज भुगतान के अलावा सामान्य कंपनी जरूरतों के लिए किया जाएगा। वर्ष 2002 में स्थापित सीगल इंडिया एक बुनियादी ढांचा निर्माण कंपनी है। उसे एलिवेटेड रोड, फ्लाईओवर, पुल, रेलवे ओवरब्रिज, सुरंग, राजमार्ग, एक्सप्रेसवे और रनवे जैसे विशेष संरचनात्मक कार्य करने का अनुभव है।

## बजट पश्चात सम्मेलन को संबोधित करेंगे पीएम

**नई दिल्ली (भाषा)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को यहां 'विकसित भारत की ओर यात्राः केंद्रीय बजट 2024-25 पश्चात सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

पीएमओ ने सोमवार को जानकारी दी कि सम्मेलन का आयोजन सीआईआई करेगी। इसका उद्देश्य वृद्धि के लिए सरकार के दृष्टिकोण तथा इस प्रयास में उद्योग की भूमिका की रूपरेखा प्रस्तुत करना है। उद्योग, सरकार, राजनयिक समुदाय तथा शोध संस्थानों सहित अन्य क्षेत्रों से 1,000 से अधिक प्रतिभागी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। विदेशों में विभिन्न सीआईआई केंद्रों से लोग ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे।

# देश में डेढ़ करोड़ टन कोयला निर्यात की क्षमता

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारत के पास नेपाल और बांग्लादेश जैसे अपने पड़ोसी देशों को 1.5 करोड़ टन कोयला निर्यात करने की क्षमता है। एक अध्ययन में यह बात कही गई है।

निर्यात को बढ़ावा देकर, घरेलू उत्पादन में वृद्धि करके और आयात प्रतिस्थापन को सुविधाजनक बनाकर देश का लक्ष्य आत्मनिर्भरता हासिल करना, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना और कोयला क्षेत्र की वृद्धि का समर्थन देना है। कोयला मंत्रालय ने सोमवार को बयान में कहा, 'भारतीय प्रबंध संस्थान-अहमदाबाद (आईआईएम-अहमदाबाद) द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, पड़ोसी देशों को 1.5 करोड़ टन निर्यात की संभावना मौजूद है।'

देश में बांग्लादेश को 80 लाख टन, म्यांमा को 30 लाख टन, नेपाल को 20 लाख टन और अन्य देशों को 20 लाख टन कोयला निर्यात करने की क्षमता है।



कोयले के उत्पादन तथा निर्यात में बढ़ोतरी से आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर सृजित होंगे और सरकार का राजस्व में बढ़ेगा। सरकार जीवाश्म ईंधन की बढ़ती वैश्विक मांग का लाभ उठाने के लिए कोयला निर्यात को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है।

इस पहल का उद्देश्य देश को अंतरराष्ट्रीय कोयला बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना, राजस्व उत्पन्न करना और इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर उत्पन्न करना है।

# अच्छी प्रतिभाओं की तलाश के लिए संघर्ष कर रहीं 34 फीसद कंपनियां

■ मौजूदा कर्मचारी बनाए रखना इनके लिए चुनौती ■ ऊंचा वेतन व तरक्की कर्मचारियों की प्राथमिकता ■ माइकल पेज की रिपोर्ट टैलेंट ट्रेंड्स का आकलन

**मुंबई (भाषा)।**

देश में करीब 34 प्रतिशत कंपनियां अच्छी प्रतिभा खोजने के लिए संघर्ष कर रही हैं और तीन में से एक मौजूदा कर्मचारियों को बनाए रखने में संघर्ष कर रहा है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

माइकल पेज की ' टैलेंट ट्रेंड्स 2024 - इंडिया एक्सपेक्टेशन गैप' रिपोर्ट के अनुसार, नियोक्ता और नौकरी चाहने वाले इस बात पर सहमत हैं कि लचीलापन, उच्च वेतन और करियर में प्रगति शीर्ष प्राथमिकताएं हैं। हालांकि कर्मचारी कंपनी की संस्कृति और नैतिकता को संगठनों की अपेक्षा अधिक महत्व देते हैं, जबकि संगठन ब्रांड तथा प्रोत्साहन के महत्व को अधिक बल देते हैं।

कंपनी के भारत, थाईलैंड, फिलीपींस और वियतनाम के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक निकोलस डुमौलिन ने कहा कि वैश्विक महामाहरी के प्रभाव से बाहर आने के बाद कार्यस्थल की गतिशीलता में एक सूक्ष्म लेकिन परिवर्तनकारी बदलाव आया, जिसमें लोग अपने जीवन में अपनी नौकरी के मूल्य के बारे में अधिक सोचने लगे।




माइकल पेज की 'टैलेंट ट्रेंड्स 2024 - इंडिया एक्सपेक्टेशन गैप' रिपोर्ट समूचे भारत में 3,087 उत्तरदाताओं के जवाब पर आधारित है।

रिपोर्ट में बताया गया कि एक ओर कंपनियां वेतन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए संघर्ष करती हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें उपयुक्त कौशल वाले आवेदकों की कमी का सामना करना पड़ता है, जो संगठन की संस्कृति के अनुरूप भी हों। इस बीच, रिपोर्ट में पाया गया कि पिछले वर्ष की तुलना में 2024 में अधिकतर कर्मचारी नए करियर तथा नौकरी के लिए तैयार हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष 94 प्रतिशत उत्तरदाता विभिन्न भूमिकाएं तलाशने के लिए तैयार हैं। कार्यस्थल पर भेदभाव के संबंध में रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में 47 प्रतिशत कर्मचारी कार्यस्थल पर भेदभाव की शिकायत करते हैं, जो कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के औसत 31 प्रतिशत से अधिक है। भेदभाव का सामना करने वाले 45 प्रतिशत भारतीय कर्मचारियों को अब भी ऐसी घटनाओं की औपचारिक रूप से शिकायत करने में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। माइकल पेज इंडिया के प्रबंध निदेशक अंशुल लोढ़ा ने कहा, 'भारत के कार्यस्थलों में भेदभाव एक व्यापक मुद्दा बना हुआ है।






## भारत का कार्यक्रम

**निशानेबाजी**

**ट्रैप पुरुष क्वालीफिकेशन** - पृथ्वीराज तोंडइमन - दोपहर 12:30 बजे।

**ट्रैप महिला क्वालीफिकेशन** - श्रेयसी और राजेश्वरी कुमारी - दोपहर 12:30 बजे।

**10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच** - भारत (मनु भाकर और सरबजोत) बनाम कोरिया - 1.00 बजे

**हॉकी**

**पुरुष पूल बी मैच** - भारत बनाम आयरलैंड - शाम 4:45 बजे

**तीरंदाजी**

**महिला व्यक्तिगत 1/32 एलिमिनेशन राउंड** - अंकिता भकत (शाम 5:15 बजे) और भजन कौर (शाम 5:30 बजे)।

**पुरुष व्यक्तिगत 1/32 एलिमिनेशन राउंड** - डी. बोम्मादेवरा (रात 10:45 बजे)।

**बैडमिंटन**

**पुरुष युगल (ग्रुप चरण)** - सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम अल्फियन फजर और मुहम्मद रियान अर्दियांतो (इंडोनेशिया) - शाम 5:30 बजे।

**महिला युगल (ग्रुप चरण)** - अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो बनाम सेतयाना मपासा और एंजेला यू (आस्ट्रेलिया) - शाम 6:20 बजे।

**मुक्केबाजी**

**पुरुषों का 51 किग्रा राउंड ऑफ 16** - अमित पंघाल बनाम पैट्रिक चिन्येम्बा (जाम्बिया) - शाम 7:15 बजे।

**महिलाओं का 57 किग्रा राउंड ऑफ 32** - जैस्मीन लेम्बोरिया बनाम नेस्टी पेटेसियो (फिलिपींस) - रात 9:25 बजे।

**महिलाओं का 54 किग्रा राउंड ऑफ 16** - प्रीति पवार बनाम येनी मार्सेला एरियास (कोलंबिया) - रात 1:20 बजे (31 जुलाई)।

# मनु और सरबजोत मिश्रित टीम कांस्य पदक मुकाबले में, कांसे से चूके अर्जुन

**शेटराउ (भाषा)।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दूसरे पदक की ओर कदम बढ़ाते हुए सरबजोत सिंह के साथ सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक के मुकाबले के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। वहीं अर्जुन बबूता 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य से मामूली अंतर से चूक गए। रमिता जिंदल महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल में सातवें स्थान पर रही।

**निशानेबाजी**

मनु ने रविवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था और ओलंपिक पदक जीतने वाली वह पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनी। भारत को उन्होंने ओलंपिक की निशानेबाजी रेंज पर 12 साल बाद पदक दिलाया था। मनु और सरबजोत ने मिश्रित टीम स्पर्धा में 580 स्कोर कर पदक के दौर में प्रवेश किया जहां उनका सामना मंगलवार को कोरिया के ओह यि जिन और ली वोन्हो से होगा।

पुरुषों 10 मीटर एयर राइफल में अर्जुन बबूता पदक जीतने के करीब पहुंचने के बाद पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे। बबूता ने 208.4 स्कोर किया। क्रोएशिया के मिरान मारिसिच के 10.7 के जवाब में उनका 9.5 का शॉट भारी पड़ गया। उन्होंने फाइनल की शुरुआत 10.7 से की और फिर 10.2 स्कोर किया। तीसरे शॉट पर 10.5 स्कोर के साथ वह चौथे स्थान पर पहुंच गए और फिर 10.4 के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचे।

पहली सीरिज उन्होंने 10.6 पर खत्म की। दूसरी सीरिज में 10.7, 10.5, 10.8 के पहले तीन शॉट लगाए। इस समय उनके और विश्व रिकार्डधारी चीन के शेंग लिहाओ से 0.1 अंक ही पीछे थे। लिहाओ ने 252.2 के ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। स्वीडन के विक्टर लिडग्रेन को रजत और क्रोएशिया के मारिसिच को कांस्य पदक मिला। इससे पहले रियो ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में भारत की रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा की जोड़ी 576 के स्कोर के साथ दसवें स्थान पर रही और पदक की दौड़ में शामिल नहीं हो सकी।

क्वालीफिकेशन में 582 के ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले तुर्किए और सर्बिया (581) के बीच स्वर्ण पदक का मुकाबला होगा। मनु ने पहली दो सीरिज में 98 स्कोर किया लेकिन तीसरे सेट में 95 स्कोर कर सकी। वहीं पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के व्यक्तिगत दौर में फाइनल से चूके सरबजोत ने दूसरे और तीसरे सेट में 97 स्कोर किया जबकि पहले सेट में उनका स्कोर 95 था। वहीं भारत की रमिता जिदल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में सातवें स्थान पर रही।

रमिता ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 145.3 स्कोर किया। वह दस शॉट के बाद सातवें स्थान पर थी जब एलिमिनेशन शुरू हुआ। इसके बाद उसने 10.5 का शॉट लगाकर छठा स्थान हासिल किया और नॉर्वे की हेग लीनेट डस्टाड बाहर हो गई। अगले शॉट पर रमिता बाहर हुई। रविवार को क्वालीफिकेशन में वह पांचवें स्थान पर रही थी।



10 मी. एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा निशाना साधते सरबजोत। साथ में है मनु भाकर।

# अफगान जूडो खिलाड़ी सपना पूरा करने 6000 किमी की यात्रा कर पहुंचा पेरिस

**शेटराउ (भाषा)।** ओलंपिक खेलने पहुंचे लगभग सभी खिलाड़ियों को तैयारियों के लिए पूरी सुविधाएं दी जाती है लेकिन जब खिलाड़ी युद्ध से जर्जर अफगानिस्तान जैसे देश से हो तो उसे खेलों के इस महासमर में भाग लेने का अपना सपना पूरा करने के लिए छह हजार किलोमीटर और पांच देशों की यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

अफगानिस्तान के जूडो खिलाड़ी सिबगातुल्लाह अरब 2021 में तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान से भाग निकले। इसके बाद पांच देशों में शरण ली और आखिर में 6000 किलोमीटर का सफर तय करके जर्मनी पहुंचे। वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की शरणार्थी टीम का हिस्सा हैं और पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की जूडो स्पर्धा के 81 किलोवर्ग में उतरेंगे। अफगानिस्तान में टीवी पर जूडो की विश्व चैंपियनशिप देखकर उन्हें इस खेल से मुहब्बत हो गई लेकिन उनके शौक को परवान चढ़ाने का कोई जरिया नहीं था। तालिबान के कब्जे के बाद वह यूरोप भाग गए जिस समय उनकी उम्र सिर्फ 19 साल थी।

उन्होंने कहा, 'जब मैंने अफगानिस्तान छोड़ा तो पता नहीं था कि बचूंगा या नहीं। इतनी दिक्कतें झेली है।' नौ महीने में उन्होंने ईरान, तुर्किये, यूनान, बोस्निया और स्लोवेनिया की यात्रा की और आखिर में जर्मनी में बस गए। उन्होंने कहा, 'रास्ते में मेरी तबीयत बहुत बिगड़ गई थी और मैं तनाव में भी था।' मोंशेंग्लाबाख में एक जूडो क्लब से जुड़े इस खिलाड़ी ने मैड्रिड में 2023 यूरोपीय ओपन में सातवां स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा, 'मेरे माता पिता अभी भी अफगानिस्तान में हैं और मुझसे रोज बात होती है। वे मुझे अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।'

## सीन नदी का पानी खराब होने से लगातार दूसरे दिन ओलंपिक ट्रॉयथलन तैराकी अभ्यास फिर रद्द

**पेरिस (एपी)।** सीन नदी के पानी का स्तर खराब होने से ओलंपिक ट्रॉयथलन की तैराकी स्पर्धा के लिए तैयारी लगातार दूसरे दिन रद्द कर दी गई। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि मंगलवार को स्पर्धा शुरू होने पर ट्रॉयथलीट इस नदी में तैराकी कर सकेंगे। विश्व ट्रॉयथलन, उसकी मेडिकल टीम और शहर प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि अगले 36 घंटों में धूप खिलने और तापमान बढ़ने से पानी की गुणवत्ता बेहतर होगी। विश्व ट्रॉयथलन ने पानी की गुणवत्ता की समीक्षा के लिए बैठक के बाद तैराकी का अभ्यास रद्द करने का फैसला किया। अधिकारियों ने कहा कि उद्घाटन समारोह के दिन आई बारिश के कारण पानी की गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ा है। सीन नदी का जल प्रदूषित होने के कारण पिछले सौ साल से यहां तैराकी पर प्रतिबंध है।



*शेटराउ* : 10 मीटर एयर राइफल में मामूली अंतर से कांस्य पदक चूकने के बाद भारतीय शूटर अर्जुन बबूता।

# लक्ष्य ने कैरेगी को हराया, सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस (भाषा)।** ओलंपिक में पदार्पण कर रहे भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने धीमी शुरुआत से उबरकर सोमवार को पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा के ग्रुप एल में बेल्जियम के जूलियन कैरेगी को सीधे गेम में हरा दिया। वहीं अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला युगल जोड़ी लगातार दूसरी हार के बाद प्रतियोगिता से बाहर होने की कगार पर है। लक्ष्य ने ग्रुप के अपने पहले मैच में रविवार को केविन कोर्डन को हराया था लेकिन गुआटेमाला के खिलाड़ी के कोहनी की चोट के कारण प्रतियोगिता से हटने के बाद उनके सभी नतीजों को 'डिलीट' कर दिया गया।

**बैडमिंटन**

इस तरह ग्रुप एल में अब सिर्फ तीन खिलाड़ियों के बीच चुनौती की है जबकि पहले चार खिलाड़ी दावेदारी पेश कर रहे थे। भारत के दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने दुनिया के 52वें नंबर के खिलाड़ी कैरेगी को 43 मिनट में 21-19, 21-14 से शिकस्त दी। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य अब अपने अंतिम ग्रुप मैच में 31 जुलाई को इंडोनेशिया के दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे।

वहीं पदक की दावेदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने एक मैच शेष रहते पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया जब एक जोड़ी प्रतियोगिता से हट गई जबकि दूसरी को हार का सामना करना पड़ा। विश्व की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी को सोमवार को मार्क लैम्सफस और मार्विन सीडेल की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ना था जो उनका दूसरा ग्रुप सी मैच था। लेकिन लैम्सफस के चोटिल होने के कारण मैच रद्द कर दिया गया।

महिला युगल में अश्विनी और तनीषा को ग्रुप सी में जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा की दुनिया की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी ने 48 मिनट चले मुकाबले में 21-11, 21-12 से हराया। इससे पहले कल भारत की यह जोड़ी किम सो यियोंग और कोंग ही योंग की दक्षिण कोरियाई जोड़ी से 18-21, 10-21 से हार गई थी।



*पेरिस* : जूलियन कैरेगी के खिलाफ स्मैश मारते भारत के लक्ष्य सेन।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम ने भी किया निराश

**पेरिस।** तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव की भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम ओलंपिक क्वार्टर फाइनल में सोमवार को यहां तुर्किये से 2-6 से हार गयी। भारतीय टीम ने शुरुआती दो सेट गंवाने के बाद तीसरे सेट में वापसी की लेकिन तुर्किये के तीरंदाजों ने चौथा सेट जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। भारत को 53-57, 52-55, 55-54, 54-58 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले महिला तिकड़ी भजन कौर, अंकिता भकत और दीपिका कुमारी को नीदरलैंड ने 6-0 से हराकर बाहर किया था।

### भारत 2025 में टी-20 एशिया कप की मेजबानी करेगा

**क्वालालंपुर।** भारत 2025 में टी-20 प्रारूप में पुरुष एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अगले सत्र की मेजबानी करेगा, जो 2026 में देश में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले होगा। एशियाई क्रिकेट परिषद ने 'रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण' (आईईओआई) में इसकी घोषणा की। एशिया कप को हमेशा वैश्विक आयोजन की तैयारियों के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और उसी प्रारूप में खेला जाता है जिसमें विश्व कप आयोजित किया जाएगा। एशिया कप के 2023 सत्र की मेजबानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 'हाईब्रिड मॉडल' पर की थी। बांग्लादेश 2027 में वनडे प्रारूप में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा क्योंकि 2027 में दक्षिण अफ्रीका में वनडे विश्व कप खेला जाना है। भारत में टी-20 प्रारूप और बांग्लादेश में 50 ओवर के प्रारूप में खेले जाने वाले एशिया कप में 13-13 मैच होंगे। एसीसी ने आईईओई में जारी बयान में कहा, 'पुरुष एशिया कप टूर्नामेंट' का मतलब एसीसी द्वारा नामित सदस्यों के बीच दो साल के अंतराल पर आयोजित होने वाला पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट।

### 16 साल की जिया इंग्लिश चैनल पार करने वाली दुनिया की सबसे युवा पैरा तैराक बनी

**मुंबई।** 'ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर' से पीड़ित मुंबई की 16 वर्षीय जिया राय इंग्लिश चैनल पार करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की और सबसे तेज पैरा तैराक बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 28-29 जुलाई को हासिल की। जिया ने 28 से 29 जुलाई के बीच 17 घंटे और 25 मिनट के समय में इंग्लैंड के एबट्स क्लिफ से फ्रांस के प्वाइंट डे ला कोर्टे-ड्यून तक इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया। उन्होंने 34 किलोमीटर की दूरी तय की। वह मुंबई में सेवारत नौसेना के मदन राय की बेटी हैं। पश्चिमी नौसेना कमान (डब्ल्यूएनसी) ने युवा पैरा तैराक को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 5 | 2 | 2 | 9 |
| आस्ट्रेलिया | 4 | 3 | 0 | 7 |
| जापान | 4 | 2 | 2 | 8 |
| द. कोरिया | 4 | 2 | 1 | 7 |
| अमेरिका | 3 | 6 | 3 | 12 |
| फ्रांस | 3 | 5 | 2 | 10 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 2 | 3 | 3 | 8 |
| जर्मनी | 2 | 0 | 0 | 2 |
| इटली | 1 | 2 | 3 | 6 |
| कजाकिस्तान | 1 | 0 | 2 | 3 |
| भारत (23वां) | 0 | 0 | 1 | 1 |

# आखिरी मिनटों में गोल कर भारत ने अर्जेंटीना को ड्रा पर रोका



अंतिम क्षणों में अर्जेंटीना के खिलाफ बराबरी का गोल दागने पर हरमनप्रीत के साथ जश्न मनाते खिलाड़ी।

**पेरिस (भाषा)।** आखिरी सीटी बजने से एक मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर भारत ने पेरिस ओलंपिक पुरुष हॉकी स्पर्धा में पूल बी के मैच में रियो ओलंपिक चैंपियन अर्जेंटीना को 1-1 से ड्रा पर रोका। भारत को इस मैच में मिले दसवें पेनल्टी कॉर्नर पर यह पहला गोल आया जो सारी कहानी खुद कहता है। पिछले मैच में भी 59वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर हरमनप्रीत के गोल की बदौलत ही भारत ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया था।

**पुरुष हॉकी**

टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम पूरे मैच में रंगत में नहीं दिखी। पेनल्टी कॉर्नर बेहद कमजोर रहा और मनप्रीत सिंह तथा हार्दिक सिंह जैसे अनुभवी मिडफील्डर मैच में कहीं दिखे ही नहीं। इसके अलावा अहम मौकों पर फॉरवर्ड पंक्ति ने कई गलतियां की और मौके गंवाए। अर्जेंटीना ने 22वें मिनट में लुकास मार्टिनेज के गोल के दम पर बढ़त बना ली और उसके बाद भारतीय टीम बराबरी के गोल के लिए तरसती रही।

भारतीयों ने सर्कल के भीतर कई बार हमले बोले लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर सैंतियागो तोमास ने जबर्दस्त मुस्तैदी से भारत का हर वार नाकाम कर दिया। ऐसा लग रहा था कि अर्जेंटीना टोक्यो ओलंपिक के पूल चरण में भारत से 1-3 से मिली हार का बदला चुकता कर लेगा लेकिन भारत का किस्मत ने साथ दिया और 59वें मिनट में अहम पेनल्टी कॉर्नर मिला। भारतीय टीम पेनल्टी स्ट्रोक की मांग कर रही थी लेकिन रेफरल के बाद कार्नर दिया गया।

हरमनप्रीत ने इस पर गोल करके स्टेडियम में मौजूद भारतीय दर्शकों को निराश लौटने से बचा लिया। अब भारत को मंगलवार को आयरलैंड से खेलना है जिसके बाद बेल्जियम और आस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीमों से सामना होगा। ऐसे में कोच क्रेग फुल्टोन को कमजोर कड़ियों को कसना होगा। कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'हमने कई मौके बनाए लेकिन फिनिशिंग तक नहीं ले जा सके। हमें इसमें सुधार करना होगा। अर्जेंटीना के डिफेंस से हमें सीखना चाहिए।'

## मैंने अपना आखिरी मैच खेल लिया : बोपन्ना

**पेरिस (भाषा)।** अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने ओलंपिक के पुरुष युगल के पहले दौर में हार का सामना करने के बाद कहा कि उन्होंने भारत के अपना आखिरी मैच खेल लिया है। बोपन्ना देश के लिए अपने कॅरियर का अंत और बेहतर तरीके से करना चाहते थे लेकिन उन्हें इस बात पर गर्व है कि उन्होंने 22 साल के अपने कॅरियर में कई शानदार सफलता हासिल की। बोपन्ना और एन. श्रीराम बालाजी की पुरुष युगल जोड़ी यहां दुधिया रोशनी में रविवार रात को खेले गए मैच में एडवर्ड रोजर वासेलिन और गेल मोनफिल्स की फ्रांसीसी जोड़ी से 5-7, 2-6 से हार गयी।

इस जोड़ी की हार के साथ ही टेनिस में 1996 के बाद भारत के लिए ओलंपिक पदक का सूखा बरकरार रहा। दिग्गज लिएंडर पेस ने अटलांटा ओलंपिक के पुरुष एकल में कांस्य पदक जीता था। बोपन्ना 2016 में इस सूखे को खत्म करने के करीब आए थे लेकिन मिश्रित स्पर्धा में उनकी और सानिया मिर्जा की जोड़ी चौथे स्थान पर रही थी। बोपन्ना ने खुद को 2026 एशियाई खेलों से बाहर करते हुए कहा, 'यह निश्चित रूप से देश के लिए मेरा आखिरी टूर्नामेंट था। मैं पूरी तरह से समझता हूं कि मैं किस स्थिति में हूं। मैं अब जब खेल सकूंगा तब टेनिस का लुत्फ उठाउंगा।'

वह पहले ही डेविस कप से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने चेहरे पर मुस्कान के साथ कहा, 'मैं जहां हूं वह मेरे लिए पहले ही किसी बड़े बोनस की तरह है। मैं कभी सोचा भी नहीं था कि मैं दो दशकों तक भारत का प्रतिनिधित्व करूंगा। मैंने 2002 में कॅरियर की शुरुआत की थी और 22 साल बाद भी भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल रहा है। मुझे इस पर बेहद गर्व है।'

## श्रीलंका का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत

**पालेकल (भाषा)।** नए कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम किसी भी तरह से ढिलाई नहीं बरतेगी और मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका की कमजोरियों का फायदा उठाकर तीन मैच की सीरीज में क्लीन स्वीप करने के लिए मैदान पर उतरेगी। भारत पहले दोनों मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर चुका है लेकिन उसका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा।

**तीसरा टी-20 आज**

■ मैच भारतीय समय के अनुसार शाम 7:00 बजे से

श्रीलंका के लिए सबसे बड़ी चिंता उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन है। दूसरी तरफ भारत ने अभी तक विश्व चैंपियन की तरह ही प्रदर्शन किया है। भारत ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। भारतीय खिलाड़ियों की रणनीति और कौशल में आत्मविश्वास साफ झलक रहा है तथा वह किसी भी समय दबाव में नहीं दिखे। कुछ अवसर ऐसे भी आए जबकि श्रीलंका की टीम मुकाबले में ही नहीं देखी।

भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक उसके बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने गया है। सूर्यकुमार ने गेंदबाजी में प्रभावशाली परिवर्तन करके श्रीलंका की परेशानियां बढाई हैं। भारतीय कप्तान ने अभी तक 58 और 26 रन की पारियां खेल कर आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। उनके कुशल नेतृत्व में भारतीय टीम ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया है। यही वजह है कि भारत पहले मैच में 200 से अधिक रन बनाने में सफल रहा था। भारत ने दूसरे मैच में बल्लेबाजी क्रम में थोड़ा बदलाव किया था। उसने चोटिल उप कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की जगह संजू सैमसन को टीम में रखा था।

यह देखना होगा कि गिल तीसरे मैच के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं क्योंकि बारिश के कारण सैमसन को जब एक घंटे के इंतजार के बाद मौका मिला तो वह खाता खोले बिना आउट हो गए थे। श्रीलंका की तरफ से बल्लेबाजी में पथुम निसांका (111 रन) और कुसल परेरा (73) ने ही उपयोगी योगदान दे पाए हैं लेकिन उसकी सबसे बड़ी समस्या बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है।

## डीडीसीए टी-20 लीग में चेतन बिष्ट का शतक

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** मैन ऑफ द मैच चेतन बिष्ट (143 रन) के शानदार शतक, वैभव सूद (56) के अर्धशतक और प्रवीन दलाल (5/29) की घातक गेंदबाजी की मदद से बैंक ऑफ बड़ौदा (265/7) ने डीडीसीए टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में माउंट क्रिकेट क्लब (171/10) पर 94 रन से शानदार जीत दर्ज की। पराजित टीम की ओर से युगल सैनी ने 65 रन व मानस जोशी (34, 3/56) का शानदार ऑलराउंड खेल रहा।

**सुभानिय क्लब की जीत**

सोनू चिकारा (53 रन), जसमीत नैन (31 रन), कपिल (31 रन) और कारण डागर (3/2), संदर्भ सूद (3/17) के शानदार खेल की बदौलत सुभानियां क्लब (163/5) ने दिल्ली वंडर (12 ओवर में 56/10) पर 107 रन से शानदार जीत दर्ज की। पराजित टीम की ओर से अंकित पोरवाल (2/23) का खेल शानदार रहा।

**सिद्धार्थ का ऑलराउंड खेल**

मैन ऑफ द मैच सिद्धार्थ यादव (95 रन और 4/4) के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन, स्वास्तिक चिकारा (43 रन) और यशजीत (3/22) की गेंदबाजी से फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (232/6) ने फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब (19 ओवर में 149/10) को 83 रन से हरा दिया। पराजित टीम की ओर से शुभम कांत चंद्रा ने 53 रन व ईशान ने 43 रन बनाए। तन्मय गोयल ने दो विकेट लिए।

**सुमित का हरफनमौला प्रदर्शन**

मैन ऑफ द मैच सुमीत बेनीवाल (38 रन, 2/40), आयुष (47 रन) अक्षय सिंघल (2/32) के शानदार खेल की बदौलत दिल्ली कोल्ट्स क्लब (182/8) पीएमजी (173/6) को नौ रन हरा दिया। पराजित टीम की ओर से अक्षय सोलंकी ने 72 रन, कुश ने 44 रन की पारी खेली। शिवांक वशिष्ट ने दो विकेट लिए।

**सुमित, शिवां की अच्छी गेंदबाजी**

मैन ऑफ द मैच सुमित माथुर (3/),शिवांश पंडत (2/4) व आकाश मिश्रा (2/8) की शानदार गेंदबाजी और ध्रुव कौशिक (24 रन ना.) के खेल की मदद से रोहतक रोड जिमखाना (7 ओवर में 52/2) ने यंग क्रिकेटर्स (14 ओवर में 51/10) पर आठ विकेट जीत दर्ज की।

राहुल गांधी का कहना है, 'बजट से पहले हलवा वितरण समारोह होता है।' मैंने हलवा वितरण समारोह की तस्वीरें देखी। हलवा वितरण समारोह में एक भी एससी/एसटी/ओबीसी अधिकारी मुझे नहीं दिखे।' ये सुनते ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना माथा पकड़ लिया।

——— पांचजन्य@epanchjanya

# सुप्रीम कोर्ट की सात पीठें दो बजे लगाएंगी लोक अदालत



**सीजेआई ने वकीलों से कहा, अपने मामले लोक अदालतों में लाएं**

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय की पहली सात पीठें आज से शुक्रवार तक दोपहर दो बजे एक विशेष लोक अदालत में सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए सूचीबद्ध मामलों पर सुनवाई करेंगी। शीर्ष अदालत लंबित मुकदमों में कमी लाने के प्रयास के तौर पर तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत लगा रही है।

सीजेआई ने सोमवार को मुकदमों की सुनवाई शुरू होने पर कहा, 'आज से शुक्रवार तक, हम उच्चतम न्यायालय की लोक अदालत लगाएंगे और पहली सात पीठ मुकदमों पर सुनवाई करेंगी। अगर वकीलों के पास ऐसे मामले है जो लोक अदालत में जा सकते है तो कृपया उन्हें लाइए।'

सीजेआई ने पहले नागरिकों से आग्रह किया था कि अगर उनके मामले शीर्ष अदालत में लंबित है तो वे अपने विवादों का सौहार्दपूर्ण और तेजी से निपटारा करने के लिए विशेष लोक अदालत में भाग लें। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड एक वीडियो संदेश में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'उच्चतम न्यायालय 29 जुलाई से तीन अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन कर रहा है। यह उन गतिविधियों की एक श्रृंखला का हिस्सा है जिसे उच्चतम न्यायालय अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने के लिए आयोजित कर रहा है।'

उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि न्यायालय के प्रति समर्पित न्यायाधीश बड़े पैमाने पर मामले लंबित होने को लेकर चिंतित है। सीजेआई ने कहा, 'अपने सभी सहयोगियों और उच्चतम न्यायालय के कर्मचारियों की ओर से, मै उन सभी नागरिकों या वकीलों से अपील करूंगा, जिनके मुकदमे उच्चतम न्यायालय में लंबित है कि वे अपने मुकदमों का तेजी से निपटारा करने की कवायद के तहत इस अवसर का फायदा उठाएं।'

# विस अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ शरद गुट की याचिका पर अजित पवार से मांगा जवाब



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** उच्चतम न्यायालय ने अजित पवार के गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) मानने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के फैसले के खिलाफ शरद पवार खेमे की याचिका पर उपमुख्यमंत्री (अजित पवार) और उनके 40 विधायकों से जवाब तलब किया।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने शरद पवार गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर गौर किया कि राज्य विधानसभा के बचे हुए संक्षिप्त कार्यकाल को ध्यान में रखते हुए याचिका पर तत्काल सुनवाई की जरूरत है। राज्य विधानसभा का कार्यकाल इस वर्ष नवंबर में समाप्त हो रहा है। पीठ ने कहा कि वह शरद पवार गुट के विधायकों जयंत पाटिल और जितेंद्र आव्हाड की अर्जी पर उद्धव ठाकरे खेमे की इसी तरह की याचिका पर सुनवाई के तुरंत बाद विचार करेगी।

उद्धव ठाकरे गुट ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके विधायकों के पक्ष में विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देते हुए इसी तरह की याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'हम नोटिस जारी करेंगे। विचारणीयता के आधार समेत सभी आपत्तियों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।' महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने 15 फरवरी को अपने फैसले में कहा था कि अजित पवार के नेतृत्व वाला राकांपा गुट असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी है। अजित पवार अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत कर कई विधायकों के साथ भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल हो गये थे। नार्वेकर ने प्रतिद्वंद्वी समूहों द्वारा एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

# पुल ढहने पर बिहार और NHAI से जवाब तलब

**बिहार सरकार और एनएचएआई समेत अन्य को सुप्रीम कोर्ट से नोटिस**

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** उच्चतम न्यायालय ने उस जनहित याचिका पर बिहार सरकार और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) समेत अन्य से सोमवार को जवाब मांगा, जिसमें बिहार में पिछले कुछ हफ्तों में कई पुल ढह जाने के मद्देनजर राज्य में पुल की सुरक्षा और स्थिरता को लेकर चिंताएं व्यक्त की गई है। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जनहित याचिका पर बिहार सरकार तथा अन्य को नोटिस जारी किए।

याचिका में उन पुल की पहचान करने के लिए एक संरचनात्मक ऑडिट और एक विशेषज्ञ समिति गठित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है, जिन्हें इसके निष्कर्षों के आधार पर या तो मजबूत बनाया जा सकता है या ध्वस्त किया जा सकता है। बिहार और एनएचएआई के अलावा शीर्ष न्यायालय ने सड़क निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष और ग्रामीण कार्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी नोटिस जारी किए। पिछले चार हफ्तों में बिहार के सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में पुल गिरने की 10 घटनाएं सामने आई है। कई लोगों ने दावा किया कि इन पुल के गिरने के पीछे भारी बारिश वजह हो सकती है।

वकील ब्रजेश सिंह द्वारा दायर जनहित याचिका में राज्य में पुल की सुरक्षा और स्थिरता को लेकर चिंताएं व्यक्त की गई है। बिहार में मानसून के दौरान भारी बारिश होने से अक्सर बाढ की समस्या सामने आती है। याचिका में एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित करने के अलावा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मानदंडों के अनुसार पुल की निगरानी करने का भी अनुरोध किया गया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है कि बिहार भारत में बाढ़ के लिहाज से सबसे अधिक संवेदनशील राज्य है। राज्य में बाढ़ से प्रभावित होने वाला कुल क्षेत्र 68,800 वर्ग किलोमीटर है, जो उसके पूर्ण भौगोलिक क्षेत्र का 73.06 फीसदी है।

याचिकाकर्ता ने कहा, 'अतः, बिहार में पुल गिरने की इस तरह की आए दिन होने वाली घटना अधिक विनाशकारी है, क्योंकि इससे बड़े पैमाने पर लोगों का जीवन खतरे में है। इसलिए लोगों की जान बचाने के लिए इस अदालत के तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है, क्योंकि निर्माणाधीन पुल बनने से पहले ही ढह जाते है।' पुल ढहने की घटनाओं के मद्देनजर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़क निर्माण और ग्रामीण कार्य विभाग को राज्य के सभी पुराने पुल का सर्वेक्षण करने और तत्काल मरम्मत की आवश्यकता वाले पुल की पहचान करने का निर्देश दिया है।

## देश में नौकरियों की कोई कमी नहीं : श्रम मंत्री



**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने 'नेशनल करियर सर्विस पोर्टल' पर उपलब्ध 19 लाख से अधिक रोजगार के अवसर का हवाला देते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि देश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सदस्य कल्याण बनर्जी के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने रोजगार सृजन के लिए कई योजनाएं चलाई है और अब बेरोजगारी दर घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है तथा भविष्य में इसके तीन प्रतिशत से नीचे आने की उम्मीद है। मांडविया ने कहा, 'जब किसी देश की अर्थव्यवस्था सात-आठ प्रतिशत की दर से आगे बढ़ती है तो यह उस समय बढ़ती है जब विनिर्माण क्षेत्र बढ़ता है, सेवा क्षेत्र बढ़ता है, क्रय शक्ति बढ़ती है। यह सब होता है तो रोजगार के अवसर भी बढ़ते है। चिंता करने की बात नहीं है।' उनके मुताबिक, 'नेशनल करियर सर्विस पोर्टल' पर नियोक्ताओं ने 19 लाख रोजगार के अवसर पोस्ट कर रखे है जहां लोग आवेदन कर सकते है। मंत्री का कहना था, 'आपके परिवार में किसी को नौकरी चाहिए...अगर उनकी योग्यता होगी तो नौकरी मिलेगी।

## इंदिरा गांधी की वजह से हकीकत बना 'प्रोजेक्ट टाइगर': कांग्रेस

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** देश में कई बाघ अभयारण्य के गंभीर खतरे में होने का दावा करते हुये कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि प्रोजेक्ट टाइगर ' पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की वजह से ही अस्तित्व में आ सका। कांग्रेस ने यह भी दावा किया कि कई बाघ अभयारण्य आज गंभीर खतरे में है, जिनमें से कुछ जलवायु परिवर्तन से जुड़ी अनिश्चितताओं का सामना कर रहे है, लेकिन कुछ लोग बुनियादी ढांचे के नाम पर गलत सोच वाली परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के दबाव में है। कांग्रेस महासचिव और पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि 29 जुलाई को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस रूप में मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत 2010 में हुयी थी। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'यह दिन एक अप्रैल, 1973 को कॉर्बेट नेशनल पार्क से लॉन्च किए गए प्रोजेक्ट टाइगर की बड़ी सफलता के कारण है।

## अग्निवीरों के मामले में राहुल ने गुमराह करने की कोशिश की : राजनाथ सिंह



**कहा, देश की सुरक्षा का मुद्दा संवेदनशील**

**नई दिल्ली (भाषा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वक्तव्य का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने 'अग्निवीरों' को लेकर देश को गुमराह करने का प्रयास किया और बजट पर भ्रांति पैदा की है। राहुल गांधी ने केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए आरोप लगाया कि 'सेना के जवानों को अग्निपथ के चक्रव्यूह में फंसाया गया तथा बजट में अग्निवीरों को पेंशन के लिए रुपया नहीं दिया गया।' उनका भाषण संपन्न होने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'नेता प्रतिपक्ष ने बजट से संबंधित जो भी भ्रांतियां पैदा की है, उस पर वित्त मंत्री जवाब देते समय बात करेंगी। मेरा मानना है कि बजट को लेकर कई भ्रांतियां पैदा की गई है।' सिंह ने कहा, 'देश की सुरक्षा का मुद्दा संवेदनशील मुद्दा है। सेना से जुड़े अग्निवीरों को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। जब भी आपका (लोकसभा अध्यक्ष) आदेश होगा मै अग्निवीरों को लेकर अपना बयान देने के लिए तैयार हूं।' राहुल गांधी ने कहा कि रक्षा मंत्री ने पहले भी कहा था कि एक 'शहीद' अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया।

## शरद पवार ने महाराष्ट्र में अशांति की आशंका जताई

**ठाणे (भाषा)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र में मणिपुर जैसी अशांति की आशंका पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि देश के विकास के लिए सामाजिक एकता जरूरी है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वह ऐसा क्यों सोचते है।

रविवार शाम को सामाजिक एकता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने मणिपुर में जातीय संघर्ष से निपटने के केंद्र सरकार के तरीके की भी आलोचना की। मणिपुर में पिछले साल मई में शुरू हुए जातीय संघर्ष में अब तक 200 से अधिक लोग मारे गए है। पवार ने कहा, 'हमारे देश के विकास और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सामाजिक एकता आवश्यक है। तनाव और विभाजन की वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। देश में बढते मतभेद के लिए जाति, धर्म और भाषा से परे एकता की आवश्यकता है। सामाजिक एकता को बढावा देने की जिम्मेदारी सरकार की है।'

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का चयन करने में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा है।

## नीट-यूजी के लिए काउंसलिंग 14 अगस्त से शुरू होगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातक (नीट-यूजी) 2024 के लिए काउंसलिंग 14 अगस्त से शुरू होगी। सोमवार को जारी एमसीसी के नोटिस में यह जानकारी दी गई है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के सचिव डॉ. बी श्रीनिवास ने कहा कि काउंसलिंग की प्रक्रिया के लिए पंजीकरण अगस्त के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के संबंध में ताजा जानकारी और नोटिस के लिए एमसीसी की वेबसाइट देखने की सलाह दी गई है। श्रीनिवास ने कहा, 'देश भर के लगभग 710 मेडिकल कॉलेजों में लगभग 1.10 लाख एमबीबीएस सीट के आवंटन के लिए काउंसलिंग होगी। इसके अतिरिक्त आयुष और नर्सिंग सीट के अलावा 21,000 बीडीएस सीट के लिए भी काउंसलिंग होगी।'

# महंगाई समेत कई मुद्दों पर रास में जताई गई चिंता

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राज्यसभा में सोमवार को शून्यकाल के दौरान अनेक सदस्यों ने देश में निरंतर बढ़ती महंगाई, शिक्षा पद्धति में बदलाव और बिजली गिरने से मौत होने जैसे कई मुद्दे उठाये। भाजपा के सुमेर सिंह सोलंकी ने मानसून के समय में बिजली गिरने से मौतों का मामला उठाते हुए कहा कि हर वर्ष इस मौसम में दस से 15 हजार लोगों की मौत हो जाती है। गांवों और खुले स्थानों पर इनकी रोक के लिए तड़ीचालक लगाये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करते हुए इसके लिए समान मुआवजा राशि दी जानी चाहिए।

के सी (एम) पार्टी के जोश के. मणि ने प्लास्टिक कचरे से होने वाली हानि का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार ने दस वर्ष पहले जो स्वच्छता अभियान शुरू किया था, वह इससे निपटने में विफल रहा है। भारत दुनिया में सबसे अधिक प्लास्टिक कचरा पैदा करने वाले देशों में शामिल है। कांग्रेस के शक्तिसिंह गोहिल ने गुजरात में भीषण बाढ़ से लोगों के प्रभावित होने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि गुजरात के शहर और गांव बाढ़ से बदहाल है। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी की निकासी का समुचित कार्य नहीं होने से यह हालत बनी है। अवैध अतिक्रमण और निर्माण से भी पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। बीजद के डा. सस्मित पात्रा ने ओडिशा के लिए पिछले 12 वर्षो से लंबित कोयला रॉयल्टी की दरों को बढ़ाने का मुद्दा उठाया। तृणमूल कांग्रेस के प्रकाश चिक बाराईक ने खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि देश में महंगाई की दर 9.36 प्रतिशत पहुंच गयी है। इसने देश के हर नागरिक को प्रभावित किया है। उन्होंने अनेक खाद्य वस्तुओं की कीमतों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह चिंता का विषय है क्योंकि इससे गरीब व्यक्ति सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाया जाना जरूरी है। शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी ने पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चों में एनीमिया के बढ़ते मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए ठोस कदम उठाये जाने चाहिए।

### पूर्व सदस्य प्रभात झा को दी गई श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने सोमवार को उच्च सदन के पूर्व सदस्य प्रभात झा के निधन पर शोक जताया और सदस्यों ने उनके सम्मान में कुछ देर का मौन रखा। सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने प्रभात झा के निधन का उल्लेख करते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की और कहा कि उनके लेखों में आम आदमी की चिंता झलकती थी। उन्होंने कहा, उनके निधन से देश ने एक शानदार लेखक, पत्रकार और योग्य सांसद खो दिया।

# CBI ने केजरीवाल के खिलाफ अंतिम आरोप पत्र दाखिल किया



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में जांच पूरी करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पांच अन्य के खिलाफ सोमवार को अपना अंतिम आरोप पत्र दाखिल किया।

सीबीआई ने इससे पहले इस मामले में एक मुख्य आरोपपत्र और चार पूरक आरोपपत्र दाखिल किए थे, जिनमें दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, तेलंगाना की विधान पार्षद के. कविता और 15 अन्य को आरोपी बनाया गया था। एजेंसी ने कहा कि सोमवार को दाखिल किया गया आरोपपत्र इस मामले में अंतिम आरोपपत्र है। सीबीआई ने केजरीवाल, आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक दुर्गेश पाठक, 'अरबिंदो फार्मा' के गैर-कार्यकारी निदेशक पी सरथ चंद्र रेड्डी, 'बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड' के निदेशक अमित अरोड़ा, कथित हवाला कारोबारी विनोद चौहान और व्यवसायी आशीष माथुर को आरोपी बनाया है।

**शराब नीति मामला**

**■ केजरीवाल के अलावा आप विधायक दुर्गेश पाठक, पी सरथ चंद्र रेड्डी, अमित अरोड़ा, विनोद चौहान और आशीष माथुर भी आरोपी**

एजेंसी ने के. कविता के खिलाफ अपने आरोपपत्र में कहा था कि शराब व्यवसायी मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी (तेलुगु देशम पार्टी के नेता एवं सांसद) ने 16 मार्च, 2021 को दिल्ली सचिवालय स्थित केजरीवाल के कार्यालय में उनसे मुलाकात की थी और उनसे आबकारी नीति 2021-22 में बदलाव करने का अनुरोध किया था, ताकि राष्ट्रीय राजधानी में उनके शराब कारोबार को मदद मिल सके। सीबीआई ने आरोप लगाया था कि केजरीवाल ने रेड्डी की मदद करने का आश्वासन दिया था और उनसे आरोपी के. कविता से संपर्क करने को कहा था, क्योंकि वह दिल्ली की आबकारी नीति पर उनकी टीम के साथ मिलकर काम कर रही थीं।

# ब्याज के साथ लौटाना होगा खरीदारों को पैसा

Parsvnath

## पार्श्वनाथ बिल्डर को सुप्रीम आदेश

**■ शीर्ष कोर्ट ने उपभोक्ता आयोग के फैसले को रखा बरकरार**

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के उस आदेश को सोमवार को बरकरार रखा जिसमें एक बिल्डर पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड को फ्लैट का कब्जा देने में देरी के लिए घर खरीदारों द्वारा भुगतान की गई पूरी राशि उन्हें वापस करने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने एनसीडीआरसी द्वारा निर्धारित ब्याज दर को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया और कहा कि घर खरीदारों को बिना किसी गलती के लंबे समय तक परेशान होना पड़ा।

पीठ ने कहा, 'हमारे विचार में, आयोग को समझौते के खंड 7(बी) के मद्देनजर कम से कम 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज देना चाहिए था। परिणामस्वरूप, अपील आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है। शिकायतकर्ताओं-अपीलकर्ताओं द्वारा जमा की गई पूरी राशि वापस करने के लिए आयोग द्वारा दिए गए निर्देश को बरकरार रखा जाता है।' पीठ ने कहा कि हालांकि, ब्याज के संबंध में निर्देश को इस सीमा तक संशोधित किया गया है कि ब्याज संबंधित जमा की तारीख से लेकर धन वापसी की तारीख तक 12 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से भुगतान किया जाएगा। न्यायालय ने कहा कि उपरोक्त के अनुसार बकाया राशि इस निर्णय की तिथि से तीन महीने की अवधि के भीतर चुकाई जाए। पीठ ने कहा, 'हमारा मानना है कि आयोग ने प्रतिवादी-डेवलपर को शिकायतकर्ताओं-अपीलकर्ताओं द्वारा जमा की गई पूरी राशि वापस करने का निर्देश देकर सही किया है। हालांकि, हमारा मानना है कि जहां तक नौ प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज देने का सवाल है, आयोग द्वारा मामले के तथ्यों के आधार पर समझौते में तय ब्याज से भी कम ब्याज देना न्यायसंगत नहीं था।' उसने कहा कि मामले के तथ्यों से पता चलता है कि परियोजना में अत्यधिक देरी हुई और घर खरीदारों को बिना किसी गलती के लंबे समय तक परेशान होना पड़ा। उसने कहा, 'पूरी राशि का भुगतान करने के बावजूद, उन्हें निर्धारित समय के भीतर कब्जे से वंचित रखा गया।'

### हेमंत की जमानत के खिलाफ ईडी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत देने के झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय का 28 जून का आदेश 'बेहद तर्कपूर्ण' था। पीठ ने कहा, 'हम संबंधित आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं है।' झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने मामले में ईडी द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किए जाने से कुछ समय पहले ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। मामले में जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद वह चार जुलाई को फिर से मुख्यमंत्री पद पर काबिज हुए।


## अदालती सूचना

**राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उत्तराखण्ड**
**23/16 सर्कुलर रोड, डालनवाला, देहरादून।**
**इजराय वाद संख्या - 01/2024**

ईजरायकर्ता :- SHIVALIK GREEN APARTMENT RESIDENT WELFARE ASSOCIATION SHIVALIK GREENS APARTMENTS, 100, SHIVALIK GREENS APARTMENTS, MAKKAWALA, MUSSOORIE ROAD, DEHRADUN DEHRADUN

बनाम

नोटिस बनाम प्रतिपक्षी संख्य 1:- M/S J.J. Build Tech., Through its owner Mr. Raj Lumba, Shivalik Gold, 42, Subhash Road,Dehradun 2:- Mr. Raj Lumba, Shivalik Gold, 42, Subhash Road, Dehradun

आपको इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि आपको आयोग के परिवाद संख्या- 23/2017 में पारित आदेश दिनांक 16/06/2023 को आपसी समझौता के आधार पर परिवाद का निस्तारण हुआ था। आप द्वारा उक्त आदेश का अनुपालन अभी तक नहीं किया हैं।

अतः आप राज्य आयोग के समक्ष दिनांक 27/09/2024 को उपस्थित होकर कारण बताये कि आपके द्वारा उक्त आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया है। आपके द्वारा उचित कारण न दर्शाये जाने पर आपके विरूद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा-72 के अन्तर्गत सजा एवं आर्थिक दण्ड के आदेश पारित कर दिये जायें।

**आज्ञा से माननीय अध्यक्ष**
**मुख्य सहायक**
**राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग उत्तराखण्ड, देहरादून**

## वर्गीकृत विज्ञापन

### खोया पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति विजय सिंह दिनकर पुत्र स्व. श्री बसंत सिंह ने श्री जे एन तिवारी पुत्र श्री एन के तिवारी नि. 13 ए न्यू सर्वे रोड देहरादून से नगर निगम संपत्ति संख्या 25/24 चकराता रोड, खसरा संख्या-50 मिन रकबा 2212.3 वर्गफीट, स्थित मौजा चुक्खू वाला निकट महंत क्वार्टर तहसील व जिला देहरादून में दिनांक 01.06.1971 को क्रय की थी जिसका पंजीकरण उप निबंधक कार्यालय देहरादून में वही संख्या- 1 जिल्द 1033 पृष्ठ संख्या-281 से 284 पर क्रमांक संख्या 2812 पर दिनांक 22.07.1971 को विधिवत पंजीकृत है उक्त विक्रय अभिलेख वास्तव में कहीं खो गया है।
**श्रीमती ओमवती दिनकर पत्नी स्वर्गीय श्री विजय सिंह दिनकर निवासी चकराता रोड तहसील जिला देहरादून।**

एक मूल दस्तावेज मूल विक्रय पत्र जो सब रजिस्ट्रार देहरादून में मैसर्स गृह आवास विकास प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री रजनीश गुप्ता ने श्री गुरू स्वामी राघवन पुत्र श्री पीजी स्वामी राघवन एवं श्रीमती सुमीधा राघवन पत्नी श्री गुरु स्वामी राघवन को विक्रय की गयी थी जिसका पंजीकरण उप निबंधक देहसूदन में बही संख्या 1, जिल्द 3018, पृष्ठ 11-58 क्रमांक 7248 दिनांक 06-11-2009 को विधिवत दर्ज व पंजीकृत है। उक्त मूल दस्तावेज कही खो गया है श्रीमती लहर गौड पत्नी श्री मनु गौड निवासी सी 405 ग्रीन व्यू अपार्टमेंट, सहस्त्रधारा रोड, अम्बरी, देहरादून।

### Notice

**RONITH legally Son of No.** 15686771A Hav Balwant Prakash of 10 CSR (A) C/o 56APO and Permanent Resi of Vill. Damuwadhunga P.O. Kathgodam Teh. Haldwani (Nainital) Uttarakhand Pin 263139, have changed name From RONITH to RONITH DANWAL vide Affidavit Dated 29/07/24. Applicant-Balwant Prakash.

**RITVIK legally Son of No.** 15686771A Hav Balwant Prakash of 10 CSR (A) C/o 56APO and Permanent Resi of Vill. Damuwadhunga P.O. Kathgodam Teh. Haldwani (Nainital) Uttarakhand Pin 263139, have changed name From RITVIK to RITVIK DANWAL vide Affidavit Dated 29/07/24. Applicant-Balwant Prakash.

## वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## वर्गीकृत विज्ञापन

### सम्बन्ध विच्छेद

**मैंने अपने पुत्र विपिन कुमार से संबंध विच्छेद** कर उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। गलत संगत के कारण अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सुरेश पुत्र केशुराम निवासी ग्राम फूलगढ़, थाना पथरी, तहसील व जिला हरिद्वार।

मेरी पुत्री श्रीमती लक्ष्मी पत्नी श्री राजन निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर पो0ओ0 पृथ्वीपुर खेड़ा, तहसील विकासनगर, देहरादून मेरे कहने–सुनने में नहीं है। अतः मैं श्रीमति सुलोचना पत्नी स्व0 श्री कंवरपाल, निवासी बांगा खाला, थाना रायपुर, देहरादून अपनी पुत्री को उसके बुरे व्यवहार के कारण अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य और लेन देन के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### सूचना

**श्रीमती मीनू सिंह पत्नी श्री अजित सिंह राठी** निवासी मकान नं. 458-ए, गली नं 08, कौलागढ रोड, राजेंद्र नगर, देहरादून। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना पुराना नाम मीनू देवी/ Meenu Devi से बदलकर मीनू सिंह / Meenu Singh कर लिया है।

**मेरी पुत्रियों के जन्म प्रमाण पत्रों में उनका नाम** नित्या, आकांक्षी पिता का नाम जलज अग्रवाल मां का नाम लवी अग्रवाल गलत दर्ज है उसके स्थान पर पुत्रियों का नाम नित्या, वंशिका पिता का नाम जलज मंगल माता लवी मंगल है। जलज मंगल निवासी अग्रवाल कॉलोनी लक्सर।

**मेरे पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्रों में अनमोल** अरोड़ा गलत दर्ज है सही नाम सक्षम अरोड़ा है। देवेंद्र कुमार पुत्र श्री देशराज निवासी सिमली वार्ड नंबर 2 लक्सर हरिद्वार।

**मेरे शैक्षिक दस्तावेजों में मेरा नाम मसरूफ** आलम दर्ज है जबकि मैंने अपना नाम मसरूफ इकबाल कर लिया, भविष्य में मुझें इसी नाम से जाना जाए। मसरूफ इकबाल पुत्र मोहम्मद इकबाल निवासी तेलीवाला पाडली गुर्जर रुड़की।

प्रबंधकीय व्यवस्था के अंतर्गत बी डी इंटर कॉलेज भगवानपुर हरिद्वार में दिनांक 31 जुलाई 2024 को होने वाला साक्षात्कार, कावड़ मेला में अत्यधिक भीड़ होने के कारण तथा विषय विशेषज्ञों की अनुपलब्धता के कारण दिनांक 4 अगस्त 2024 को प्रातः 8:00 बजे होगा।
**प्रबंध संचालक**
**बी डी इंटर कॉलेज भगवानपुर, हरिद्वार**

### सार्वजनिक सूचना

**सार्वजनिक सूचना**

मैं देवेन्द्र सिंह अरोड़ा पुत्र श्री हरबंश सिंह निवासी द्वारा अमरजीत सिंह छाबड़ा 209, गुरु रोड़, देहरादून सूचित करता हूं कि मेरा मूल विक्रय पत्र दिनांक 25.07.2024 को गुरु रोड़, देहरादून में कहीं गुम हो गया है, जिसमें विक्रेता नानकसर सहकारी आवास समिति रायपुर रोड़, जिला देहरादून द्वारा अध्यक्ष श्री हरचन्द सिंह मान पुत्र श्री इन्द्र सिंह निवासी-1, हरिद्वार रोड़, जिला देहरादून उर्व सचिव श्री भगत सिंह रत्तन पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह निवासी-2, सहारनपुर रोड़, जिला देहरादून एवं क्रेता श्री देवेन्द्र सिंह अरोड़ा पुत्र श्री हरबंश सिंह निवासी द्वारा अमरजीत सिंह छाबड़ा 209, गुरु रोड़, देहरादून का वही नं. 1, जिल्द 1337, पृष्ठ 1805 ए.डी. फा.बुक 1 जिल्द 1692 पृष्ठ 963 से 974 में नं. 7778 पर दिनांक 22.08.2006 को उप निबन्धक सदर, देहरादून में दर्ज व पंजीकृत है। काफी तलाशने के बाद नहीं मिल रहा है। मिलने पर संपर्क करें। मोबाईल नं.- 97116 32280 (बैंक पेमेंट/नोएडा)


### सार्वजनिक सूचना

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी मुवक्किला ममता गुप्ता पत्नी राजेन्द्र कुमार गुप्ता म.नं.18-ए, सुमन नगर, वेद एनकलेव, सलेमपुर महदूद, हरिद्वार, उत्तराखन्ड-249402, ने अपने पुत्र विनय गुप्ता व पुत्रवधू प्रियंका जैन को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके सारे रिश्ते नाते समाप्त कर दिये है। यह सब पुत्रवधू प्रियंका जैन के दुर्व्यवहार के कारण किया है। भविष्य में मेरी मुवक्किला का इन दोनो से कोई वास्ता न होगा वह अपने कृत्य के लिये स्वयं जिम्मेदार होगें। **एम.पी.सिंह** (अधिवक्ता) चै.नं.बी-134,बी.जी. एल. ब्लॉक, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली-54 मोब. 9899436468 डी-2401445

## समाचार व विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें

**देहरादून :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय शेड नं.-3, इंडस्ट्रियल एरिया पटेलनगर मो. 9997998206, 8218780638 फोन : 0135-2725093, 2725094
**ऋषिकेश :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय आदर्श ग्राम, निकट जी.जी.आई.सी., देहरादून रोड मो. 9412050939, 9639872222
**विकासनगर :** सय्यद मार्ग निकट नगर पालिका विकासनगर, मो.- 9411711615
**हरिद्वार :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय गोपाल भवन, जिन्दल ज्वैलर्स वाली गली, बीकानेर मिष्ठान भण्डार के सामने, पुराना रानीपुर मोड़, हरिद्वार 9927009092, 9548337943
**रुड़की :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय 195 साकेत कॉलोनी, निकट नेहरू स्टेडियम, रुड़की मो. 9897267731
**पौड़ी :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय 18 ऑडीटोरियम काम्प्लेक्स धारा रोड, फोन 01368-221020
**श्रीनगर :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय, काला भवन, निकट जी.एम.ओ. पेट्रोल पम्प, बद्रीनाथ मार्ग फोन- 01346-250771
**गोपेश्वर :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय निकट पैट्रोल पम्प, फोन- 01372-251442
**रुद्रप्रयाग :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय न्यू बस अड्डा, निकट पी.एन.बी. फोन 01364-233012, मो.- 9759644332
**कोटद्वार :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय, पटेल मार्ग, नेगी भवन पी.एन..बी. के पीछे, फोन- 9411554300, 8958475825
**नई टिहरी :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय, आर-5 ओपन शॉपिंग स्ट्रीट, निकट गैस ऑफिस, बौराड़ी, टेलीफैक्स 01376-232500
**उत्तरकाशी :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय, मेन मार्केट, जड़भरत मार्ग, टैलीफैक्स 01374-224950
**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय 5-जनपथ कॉम्पलेक्स, नैनीताल हल्द्वानी राजमार्ग, निकट एस.बी. आई. फोन- 05946-284709
**बाजपुर :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय, मंडी रोड, ओ.बी.सी. के पास फोन- 05949-282682 मो.- 9837230968
**नैनीताल :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय, पापुलर कंपाउंड, नजदीक रोप-वे स्टेशन (दानिश जनरल स्टोर के पास) मल्लीताल, नैनीताल फोन- 9412037779
**अल्मोड़ा :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय, चौघानपाटा गोस्वामी भवन, अल्मोड़ा मो.- 7579474599
**पिथौरागढ़ :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय, गांधी चौक, मो. 8171276471, 9411165438
**सितारगंज :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय, किच्छा रोड चौधरी मार्केट, सितारगंज, मो.- 9917435143, 9634170143, 9837038195
**जसपुर :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय, मौहल्ला पट्टी चौहान निकट ठाकुरद्वारा बस स्टैण्ड, जसपुर, मो.- 9927138912
**रानीखेत :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय मै. ज्वाला प्रसाद पाण्डे एण्ड संस सदर बाजार, रानीखेत (अल्मोड़ा) मो. 9412976707
**काशीपुर:** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय न्यू आवास विकास निकट एलआईसी बिल्डिंग काशीपुर 9927641045, 9897641045
**रुद्रपुर :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय 35, आर.आर. क्वाटर गुरूनानक इंटर कॉलेज के सामने वाली गली, रुद्रपुर मो. 9760011799
**बागेश्वर :** राष्ट्रीय सहारा कार्यालय, बागेश्वर 8126018778, 9557716606







# नेज़ल स्प्रे अल्जाइमर से जुड़े प्रोटीन को हटा सकता है



■ शेफील्ड (यूके),(द कन्वरसेशन)।

अमेरिका में वैज्ञानिकों ने एक नेज़ल स्प्रे विकसित किया है जो कम से कम चूहों में मस्तिष्क में मौजूद अल्जाइमर रोग से जुड़े प्रोटीन को हटा सकता है। अल्जाइमर में दो प्रोटीन शामिल होते हैं: अमाइलॉइड और तौ। अधिकांश दवाएं - जिनमें हाल ही में अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) द्वारा अनुमोदित दवाएं भी शामिल हैं - अमाइलॉइड को हटाने पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

हालाँकि, आज तक, तौ से जुड़ी 'उलझनों' को हटाने पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। हालाँकि, टेक्सास विश्वविद्यालय की मेडिकल शाखा के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित नया नेज़ल स्प्रे, इस प्रोटीन पर केंद्रित है। एक स्वस्थ मस्तिष्क में, तौ, अन्य चीजों के अलावा, न्यूरॉन्स (मस्तिष्क कोशिकाओं) की सहायक संरचना को बनाए रखने में मदद करता है। अल्जाइमर और अन्य न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग में, ये प्रोटीन कोशिकाओं के अंदर जमा हो जाते हैं, असामान्य रूप से मुड़ जाते हैं और धागे जैसी संरचना बनाते हैं जिन्हें न्यूरोफाइब्रिलरी टेंगल्स के रूप में जाना जाता है। मस्तिष्क की सामान्य अपशिष्ट निष्कासन प्रक्रियाओं द्वारा इन उलझनों को कुशलतापूर्वक साफ़ नहीं किया जाता है, जो कोशिका क्षति और मृत्यु का कारण बनता है। इससे स्मृति हानि होती है। इसलिए तौ को लक्षित करना अल्जाइमर, फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया, लेवी बॉडी डिमेंशिया और प्रोग्रेसिव सुपरान्यूक्लियर पाल्सी सहित कई न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों के लिए एक प्रभावी उपचार हो सकता है। अल्जाइमर न केवल न्यूरॉन्स के भीतर तौ के संचय से जुड़ा है, बल्कि न्यूरॉन्स के बीच अमाइलॉइड प्लाक के निर्माण से भी जुड़ा है, जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। अब तक, अल्जाइमर रोग के अधिकांश उपचारों में मस्तिष्क से अमाइलॉइड को हटाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें एफडीए-अनुमोदित दवाएं लेकानेमैब और डोनानेमैब शामिल हैं (ये दवाएं अभी तक यूके में स्वीकृत नहीं हैं)।

क्लिनिकल परीक्षणों में संज्ञानात्मक गिरावट की प्रगति को धीमा करने में लेकानेमैब और डोनानेमैब प्रभावी रहे हैं; हालाँकि, कई सीमाएँ हैं, जिनमें पहुँच, कीमत और यह तथ्य शामिल है कि वे केवल प्रारंभिक निदान चरण में ही प्रभावी हैं। दुर्भाग्य से, तौ को लक्षित करने वाले उपचार मानव परीक्षणों में कम प्रभावी साबित हुए हैं। हाल तक, तौ को लक्षित करने वाले उपचारों को न्यूरॉन के उन हिस्सों में प्रवेश करने की सीमित क्षमता के कारण संघर्ष करना पड़ा है जहां तौ का निर्माण हो रहा है। याद रखें, अमाइलॉइड न्यूरॉन्स के बाहर जमा होता है, जबकि तौ उनके अंदर जमा होता है।

## चूहों में प्रभावी

यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास मेडिकल ब्रांच के शोधकर्ताओं ने एक अभिनव नाक स्प्रे विकसित किया है जिसने घातक तौ प्रोटीन के निर्माण को कम करने और न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों के वृद्ध चूहों के मॉडल में स्मृति में सुधार करने में सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। एक बार जब तौ को लक्षित करने के लिए सबसे प्रभावी एंटीबॉडी (टीटीसीएम 2 कहा जाता है) की पहचान की गई, तो शोधकर्ताओं ने एंटीबॉडी को वसा (लिपिड) के छोटे बुलबुले में पैक किया। ये रक्त-मस्तिष्क बाधा को पार करने और न्यूरॉन्स में प्रवेश करने के लिए काफी छोटे होते हैं।

## रक्त-मस्तिष्क बाधा

तौ और टैंगल्स को निशाना बनाने में रक्त-मस्तिष्क बाधा को तोड़ना सबसे बड़ी चुनौती थी। एक बार मस्तिष्क में, बुलबुले की बाहरी परत घुल गई, एंटीबॉडी जारी हुई और तौ का निर्माण साफ हो गया। चिकित्सीय प्रयोजनों के लिए, इस अत्यधिक प्रभावी एंटीबॉडी को एक तरल समाधान में भंग कर दिया गया था और अल्जाइमर रोग के माउस मॉडल में नाक स्प्रे का उपयोग करके वितरित किया गया था। परिणामों से पता चला कि बूढे अल्जाइमर चूहों में इस नेज़ल स्प्रे की एक खुराक ने उनके मस्तिष्क में तौ संचय को काफी कम कर दिया। मानव तंत्रिका ऊतक के नमूनों पर स्प्रे लगाने पर भी वही परिणाम सामने आए। इस शोध का अभी मनुष्यों पर परीक्षण किया जाना बाकी है।

■ अल्जाइमर और अन्य न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग में, ये प्रोटीन कोशिकाओं के अंदर जमा हो जाते हैं, असामान्य रूप से मुड़ जाते हैं और धागे जैसी संरचना बनाते हैं जिन्हें न्यूरोफाइब्रिलरी टेंगल्स के रूप में जाना जाता है। मस्तिष्क की सामान्य अपशिष्ट निष्कासन प्रक्रियाओं द्वारा इन उलझनों को कुशलतापूर्वक साफ़ नहीं किया जाता है, जो कोशिका क्षति और मृत्यु का कारण बनता है।

## गीतकार राजा मेहदी की पुण्यतिथि पर

# आप की नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे

■ मुंबई (वार्ता)।

बॉलीवुड में राजा मेहदी अली खान का नाम एक ऐसे गीतकार के रूप में याद किया जाता है जिन्होंने प्रेम, विरह और देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत अपने गीतों से लगभग चार दशक तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। राजा मेहदी अली खान ने अपने गीतों मे ..आप.. शब्द का इस्तेमाल बहुत ही खूबसूरती से किया है। इन गीतों मे आप यूंही हमसे मिलते रहे, देखिये एक दिन प्यार हो जाएगा,आपके पहलू में आकर रो दिए,आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे,आपको राज छुपाने की बुरी आदत है जैसे कई सुपरहिट गीत शामिल है।



करमाबाद शहर में एक जमींदार परिवार में जन्मे राजा मेंहदी अली खान चालीस के दशक में आकाशवाणी दिल्ली में काम करते थे।आकाशवाणी की नौकरी छोड़ने के बाद वह मुंबई आए और यहां एक मित्र के प्रयास से उन्हें अशोक कुमार की फिल्म ..एट डेज .. में डायलग लिखने का काम मिल गया।

वर्ष 1945 में राजा मेंहदी अली खान की मुलाकात फिलिमस्तान स्टूडियो के मालिक एस.मुखर्जी से हुई। एस.मुखर्जी ने उनसे फिल्म ..दो भाई .. के लिए गीत लिखने की पेशकश की। फिल्म दो भाई में अपने रचित गीत ..मेरा सुंदर सपना बीत गया.. की कामयाबी के बाद बतौर गीतकार राजा मेहदी अली खान फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने मे सफल हो गए।

देश के वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिये उन्होंने फिल्म ..शहीद.. के लिए ..वतन की राह में वतन के नौजवान शहीद हो .. की रचना की। देशभक्ति के जज्बे से परिपूर्ण फिल्म ..शहीद .. का यह गीत आज भी श्रोताओं की आंखो को नम कर देता है। फिल्म इंडस्ट्री में उंचे मुकाम मे पहुंचने के बावजूद राजा मेहदी अली खान को किसी बात का घमंड नही था। उन्होंने कभी इस बात की परवाह नही की कि वह नए संगीतकार के साथ काम कर रहे है या फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज संगीतकार के साथ। उन्होंने वर्ष 1950 में प्रदर्शित फिल्म .मदहोश. के जरिए अपने संगीत कैरियर की शुरूआत करने वाले मदन मोहन के साथ भी काम करना स्वीकार कर लिया।

# जाह्नवी कपूर की 'उलझ' का म्यूजिक एल्बम जारी



मुंबई (वार्ता)। अभिनेत्री जान्हवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का एल्बम रिलीज कर दिया है।फिल्म 'उलझ' के म्यूजिक एल्बम में छह गाने हैं जिन्हें बेहद प्रतिभाशाली शाश्वत सचदेव ने निर्मित और संगीतबद्ध किया है। जुबिन नौटियाल, नेहा कक्कड़ और शाश्वत सचदेव ने आवाज दी है। जान्हवी कपूर ने कहा, मैं'उलझ'को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यह एल्बम प्यार का एक श्रम है, और मैं अपने प्रशंसकों को हमारे द्वारा बनाए गए जादू का अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। प्रत्येक गीत एक कहानी कहता है, और प्रत्येक गीत विशेष है! जंगली पिक्चर्स द्वारा प्रस्तुत, उलझ में जान्हवी कपूर, गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, मेयांग चांग, राजेश तैलंग, आदिल हुसैन और जितेंद्र जोशी की अहम भूमिका है। फिल्म उलझ 02 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# बस कंडक्टर से कॉमेडी किंग बने थे जॉनी वाकर

■ मुंबई (वार्ता)।

बॉलीवुड में अपने जबरदस्त कॉमिक अभिनय से दर्शकों के दिलो में गुदगुदी पैदा करने वाले हंसी के बादशाह जॉनी वाकर को बतौर अभिनेता अपने सपनों को साकार करने के लिए बस कंडक्टर की नौकरी भी करनी पड़ी थी। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर मे एक मध्यम वर्गीय मुस्लिम परिवार में जन्मे बदरूदीन जमालुदीन काजी उर्फ जॉनी वाकर बचपन के दिनों से ही अभिनेता बनने का ख्वाब देखा करते थे। वर्ष 1942 में उनका पूरा परिवार मुंबई आ गया। मुंबई मे उनके पिता के एक जानने वाले पुलिस इंस्पेक्टर थे जिनकी सिफारिश पर जॉनी वाकर को बस कंडक्टर की नौकरी मिल गई। इस नौकरी को पाकर जॉनी वाकर काफी खुश हो गए क्योंकि उन्हें मुफ्त मे ही पूरी मुंबई घूमने को मौका मिल जाया करता था इसके साथ ही उन्हें मुंबई के स्टूडियोज में भी जाने का मौका मिल जाया करता था।

जॉनी वाकर का बस कंडक्टरी करने का अंदाज काफी निराला था। वह अपने विशेष अंदाज मे आवाज लगाते 'माहिम वाले पेसेन्जर उतरने को रेडी हो जाओ लेडिज लोग पहले।' इसी दौरान जॉनी वाकर की मुलाकात फिल्म जगत के मशहूर



खलनायक एन.ए.अंसारी और के आसिफ के सचिव रफीक से हुई। लगभग सात आठ महीने के संघर्ष के बाद जॉनी वाकर को फिल्म 'अखिरी पैमाने' में एक छोटा सा रोल मिला। इस फिल्म मे उन्हें पारिश्रमिक के तौर पर 80 रुपए मिले जबकि बतौर बस कंडक्टर उन्हें पूरे महीने के मात्र 26 रुपए ही मिला करते थे। एक दिन उस बस में अभिनेता बलराज साहनी भी सफर कर रहे थे वह जॉनी वाकर के हास्य व्यंग्य के अंदाज से काफी प्रभावित हुए और उन्होंने जॉनी वाकर को गुरूदत्त से मिलने की सलाह दी। गुरूदत्त उन दिनों बाजी नामक एक फिल्म बना रहे थे। गुरूदत्त ने जॉनी वाकर की प्रतिभा से खुश होकर अपनी फिल्म बाजी में काम करने का अवसर दिया। वर्ष 1951 में प्रदर्शित फिल्म 'बाजी' के बाद जॉनी वाकर बतौर हास्य कलाकार अपनी पहचान बनाने में सफल हो गए।

फिल्म बाजी के बाद वह गुरूदत्त के पसंदीदा अभिनेता बन गए। उसके बाद जॉनी वाकर ने गुरूदत्त की कई फिल्मों में काम किया जिनमें आरपार, मिस्टर एंड मिसेज 55, प्यासा, चौदहवीं का चांद, कागज के फूल जैसी सुपर हिट फिल्में शामिल है। नवकेतन के बैनर तले बनी फिल्म टैक्सी ड्राइवर में जॉनी वाकर के चरित्र का नाम 'मस्ताना' था।

# बायोलॉजिकल उम्र कम करना चाहते हैं तो अपनाएं शाकाहार

नई दिल्ली,(आईएएनएस)। एक शोध में पता चला है कि यदि आप आठ सप्ताह तक लगातार शाकाहार खाते हैं तो इससे बायोलॉजिकल उम्र कम करने में मदद मिल सकती है। बायोलॉजिकल उम्र जानने से मधुमेह या मनोभ्रंश के जोखिम को समझने में मदद मिल सकती है। बीएमसी मेडिसिन नामक पत्रिका में प्रकाशित शोध से पता चला है कि देखी गई बायोलॉजिकल उम्र में आई कमी डीएनए मिथाइलेशन के स्तर पर आधारित है।

यह डीएनए का एक प्रकार का रासायनिक संशोधन (केमिकल मॉडिफिकेशन) है, जो जीन अभिव्यक्ति को बदल देता है, हालांकि डीएनए में कोई बदलाव नहीं होता। इस शोध में 21 वयस्क समान जुड़वां बच्चों का अध्ययन किया गया, जिनमें कुछ दिनों के लिए शाकाहार अपनाने के प्रभाव की जांच की गई। टीम ने हर जुड़वा लोगों में एक को आठ सप्ताह तक सर्वाहार खाने को कहा, जिसमें प्रतिदिन 170 से 225 ग्राम मांस, एक अंडा और डेढ सर्विंग डेयरी उत्पाद शामिल थे। वहीं, उनके दूसरे जुड़वा इस दौरान सिर्फ शाकाहार खाने को कहा गया। टीम ने पाया कि शाकाहार करने वाले प्रतिभागियों में अनुमानित जैविक आयु (बायोलॉजिकल उम्र) में कमी देखी गई, जिसे एपीजेनेटिक एजिंग क्लॉक के रूप में जाना जाता है।


इसके विपरीत सर्वाहार खाने वालों में यह कमी नहीं देखी गई। शाकाहार लेने वाले लोगों में हृदय, हार्मोन, लिवर तथा सूजन तथा चयापचय तंत्र की आयु में भी कमी देखी गई।



# जावेद अख्तर का 'एक्स' खाता 'हैक'

■ नयी दिल्ली (भाषा)।

प्रसिद्ध गीतकार-पटकथा लेखक जावेद अख्तर ने कहा कि सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उनका खाता 'हैक' हो गया है, जिसके बाद उनके नाम से पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय दल के बारे में एक संदेश भेजा गया है। विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखने के



लिए इस माइक्रोब्लॉगिंग साइट का अक्सर इस्तेमाल करने वाले अख्तर (79) ने रविवार रात को अपने सोशल मीडिया पेज पर खाता 'हैक' होने की जानकारी दी। अख्तर ने लिखा, 'एक्स पर मेरी आईडी हैक कर ली गई है। मेरे खाते से ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय दल के बारे में एक संदेश जारी किया गया है। इससे कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन यह संदेश मैंने नहीं भेजा है।' अख्तर ने यह नहीं बताया कि उन्हें खाता 'हैक' होने के बारे में कब पता चला और न ही उन्होंने कथित पोस्ट में लिखी बातों के बारे में कोई जानकारी दी। दिग्गज गीतकार ने अपने 46 लाख से अधिक फॉलोअर को यह भी बताया कि वह सोशल मीडिया मंच के संबंधित प्राधिकारियों से शिकायत करने जा रहे हैं।

# केडी द डेविल से संजय दत्त का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त के जन्मदिन पर फिल्म केडी द डेविल से उनका फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में संजय दत्त देव के किरदार में नजर आएंगे। केडी-द डेविल के निर्देशक प्रेम ने कहा, संजय ने कई प्रभावशाली भूमिकाएं निभाई हैं। उनके मुन्नाभाई को आज भी बहुत सराहा जाता है। वहीं संजय दत्त ने कहा,मैं केडी- द डेविल का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। यह एक एक्शन और पैन इंडिया फिल्म है। केडी-द डेविल में संजय दत्त के अलावा शिल्पा शेट्टी, नोरा फतेही, रमेश अरविंद, वी रविचंद्रन और ध्रुव सरजा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। 1970 के दशक के बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी-द डेविल को केवीएन प्रोडक्शंस द्वारा प्रस्तुत किया गया है और प्रेम द्वारा निर्देशित हैं। यह पैन इंडिया बहुभाषी फिल्म तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए तैयार है।



# 65 वर्ष के हुए संजय दत्त

मुंबई,(वार्ता)। बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता संजय दत्त सोमवार को 65 वर्ष के हो गए। 29 जुलाई 1959 को मुंबई में जन्मे संजय दत्त को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता सुनील दत्त अभिनेता और मां नरगिस जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री थीं। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण संजय दत्त अक्सर अपने माता-पिता के साथ शूटिंग देखने जाया करते थे। इस वजह से उनका भी रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेता बनने के ख्वाब देखने लगे। संजय दत्त ने बतौर बाल कलाकार अपने सिने करियर की शुरूआत अपने पिता के बैनर तले बनी फिल्म रेशमा और शेरा से की। बतौर अभिनेता उन्होंने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1981 में प्रदर्शित फिल्म रॉकी से की। दमदार निर्देशन पटकथा और गीत-संगीत के कारण फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट रही। वर्ष 1982 मे संजय दत्त को निर्माता -निर्देशक सुभाष घई की फिल्म विधाता में काम करने का अवसर मिला।

यूं तो पूरी फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार, संजीव कुमार और शम्मी कपूर जैसे नामचीन अभिनेताओं के इर्द गिर्द घूमती थी लेकिन संजय दत्त ने फिल्म में अपनी छोटी सी भूमिका में दर्शकों का दिल जीत लिया। वर्ष 1982 से 1986 तक का वक्त संजय दत्त के सिने कैरियर के लिये बुरा साबित हुआ।

इस दौरान उनकी जानी आइ लव यू, मै आवारा हूं , बेकरार, मेरा फैसला, जमीन आसमान , दो दिलो की दास्तान, मेरा हक और जीवा जैसी कई फिल्में बॉक्स आफिस पर असफल रहीं। हालांकि, वर्ष 1985 में प्रदर्शित फिल्म जान की बाजी टिकट खिड़की पर औसत कारोबार करने में सफल रही। संजय दत्त की किस्मत का सितारा वर्ष 1986 में प्रदर्शित फिल्म नाम से चमका। यूं तो यह फिल्म राजेन्द्र कुमार ने अपने पुत्र कुमार गौरव को फिल्म इंडस्ट्री में दोबारा स्थापित करने के लिए बनाई थी। लेकिन फिल्म में संजय दत्त की भूमिका को दर्शकों द्वारा ज्यादा पसंद किया गया।